दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 8 जुलाई, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-142 ■ पृष्ठ -14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

पाकिस्तान में सिंधु जल संधि को लेकर मचा हड़कंप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान आरोप लगा रहा है कि भारत की वजह से देश सूखने की कगार पर पहुंच रहा है। सबसे खास बात ये है कि पाकिस्तान इस मुद्दे को कानूनी नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानवीय बनाकर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सामने ले जा रहा है। पाकिस्तानी अखबार ट्रिब्यून ने एक्सपर्ट्स के हवाले से लिखा है कि 'नरेंद्र मोदी के भारत ने पानी जैसे अहम प्राकृतिक संसाधन को साझा करने के वादे वाले समझौते को छोड़कर 24 करोड़ से ज्यादा पाकिस्तानियों के खिलाफ एक नया कदम उठाया है।'

बहादुरपुर बाजार समिति फल मंडी में कारोबारी को मारी गोली

पटना। राजधानी के बहादुरपुर बाजार समिति स्थित फल मंडी में घुसकर बदमाशों ने कारोबारी को गोली मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना की जानकारी के बाद स्थानीय थाने की पुलिस और एफएसएल की टीम भी पहुंची। जिस जगह पर गोली चली है, उसे घेरकर पड़ताल की जा रही है। जब गोली चली उस वक्त किसी तरह की आवाज नहीं आई। आशंका जताई जा रही है कि साइलेंसर गन का इस्तेमाल किया गया है।

पटना समेत 10 जिलों में हुई तेज बारिश

पटना। बिहार में मानसून का असर दिखने लगा है। मंगलवार को पटना, बेतिया, कटिहार, मधुबनी, सासाराम और औरंगाबाद समेत 10 जिलों में तेज बारिश हुई। बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नालंदा में एक मजार पर चादर चढ़ाने पहुंचे, लेकिन तेज बारिश के कारण उन्हें लौटना पड़ा। मुंगेर में नदी का जलस्तर बढ़ने से कटाव शुरू हो गया है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। दरभंगा के जाले में तेज आंधी के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।

नेपाल जाने की फिराक में थी यूक्रेन की महिला बॉर्डर पर पकड़ी गई

मोतिहारी। पूर्वी चंपारण जिले के हरपुर थाना क्षेत्र में हरपुर बॉर्डर पर पुलिस और रस्ड ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए यूक्रेन की एक महिला नागरिक को गिरफ्तार किया है। महिला पर बिना किसी वैध यात्रा एवं आव्रजन दस्तावेज के भारत में रहने तथा भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को अवैध रूप से पार कर नेपाल जाने का प्रयास करने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, हरपुर थाना पुलिस और रस्ड की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सैनिक रोड के पास कार्रवाई करते हुए महिला को हिरासत में लिया। प्रारंभिक जांच में उसके पास भारत में रहने या सीमा पार करने से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।

स्टेट हाईवे पर सिर्फ कॉमर्शियल वाहनों को देना होगा टॉल टैक्स : सीएम सम्राट

अररिया में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और फारबिसगंज में बनेगा एयरपोर्ट

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत हरिपुर पंचायत सरकार भवन परिसर में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेते हुए कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन के कष्टों का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है।

उन्होंने कहा कि सरकार गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं का निवारण कर रही है ताकि हर नागरिक को समय पर न्याय मिल सके। सीएम ने कहा कि स्टेट हाई-वे पर टोल टैक्स को लेकर कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। निजी वाहनों पर किसी प्रकार का

फारबिसगंज में आयोजित सहयोग शिविर में सीएम ने लिया भाग

टोल टैक्स नहीं लगेगा। केवल व्यवसायिक वाहनों से ही टैक्स लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। 15 जुलाई तक राज्य के शेष सभी 213 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की व्यवस्था पूरी कर दी जायेगी। सभी 534 प्रखंडों में मॉडल स्कूल स्थापित किये जायेंगे। साथ ही प्रखंडों में खुलनेवाले मॉडल स्कूलों एवं ग्रामीण हाई स्कूलों में भी कोचिंग की व्यवस्था की जायेगी ताकि विद्यार्थियो को पढ़ाई के लिये बड़े शहरों या पटना नहीं जाना पड़े। सीएम ने कहा कि अपराध और घुसपैठ के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा सुदृढ़ करने के लिए 735 किलोमीटर सीमा पर 194 बीओपी स्थापित किए गये हैं। उन्होंने कहा कि फारबिसगंज एयरपोर्ट के लिए भूमि उपलब्ध करा दी गई है और अगले वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास होगा। अररिया में मेडिकल कॉलेज के लिए भी भूमि उपलब्ध है जल्द ही इसका शिलान्यास किया जायेगा। इसके अतिरिक्त फोरलेन सड़क, सिलीगुड़ी-गोरखपुर एक्सप्रेस-वे, कोसी-मेची लिंक परियोजना, बैरगाछी-सिकटी सड़क, टैक्सगंज-सुकेला बाईपास तथा सुभाष चौक आरओबी जैसे परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है।

ये थे मौजूद : कार्यक्रम में मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद, सांसद प्रदीप कुमार सिंह, विधायक विजय कुमार मंडल, मनोज विश्वास, मो. मुर्शीद आलम, अररिया जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम, फारबिसगंज नगर परिषद के मुख्य पार्षद वीणा देवी, 20 सूत्री के उपाध्यक्ष आशीष पटेल, उपाध्यक्ष सह भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

जनता को कष्ट होगा, तो सरकार को भी कष्ट होगा

सीएम ने कहा कि राज्य में अब तक 4 लाख 53 हजार 62 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 4 लाख 25 हजार 660 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। अररिया जिले में 7,130 आवेदनों में से 6,845 निष्पादन हो चुका है और 285 आवेदन लंबित हैं। हरिपुर पंचायत में प्राप्त 259 आवेदनों में से 245 का निष्पादन हो चुका है और 14 अवेदन लंबित हैं। बिहार में जो आवेदन प्राप्त हुये हैं, उसमें से पहला नोटिस 12,869 को जबकि दूसरा नोटिस 340 को तथा तीसरा नोटिस 13 संबंधित पदाधिकारियों को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन की जवाबदेही और तेज कार्यशैली का प्रमाण है। हमने व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का निर्णय लिया है।

मिथिला संस्कृति को मिलेगी वैश्विक पहचान : मुख्यमंत्री

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मिथिला संस्कृत शोध संस्थान, दरभंगा एवं ऑक्सफोर्ड संस्कृत टेक्स्ट सोसायटी के मध्य संस्थागत सहयोग (एमओयू) के संबंध में राज्यसभा सांसद संजय झा द्वारा इस संबंध में महत्वपूर्ण प्रस्ताव एवं अनुरोध पत्र प्राप्त हुआ है। इस दिशा में उनके द्वारा किये गये प्रयास के लिये हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने मिथिला संस्कृत शोध संस्थान, दरभंगा और ऑक्सफोर्ड संस्कृत टेक्स्ट सोसाइटी के बीच प्रस्तावित संस्थागत सहयोग (एमओयू) को बिहार के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहल बिहार की गौरवशाली सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

टीआरई-4 के लिए 25 तक बीपीएससी को भेजी जाए अधियाचना : शिक्षा मंत्री

पटना (एनएसबी)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने मंगलवार को शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनता से प्राप्त आवेदनों का अधिकतम 30 कार्यदिवस के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा विभाग में टीम वर्क की संस्कृति को और मजबूत बनाया जाए।

बैठक में प्रमुख रूप से टीआरई-4, मॉडल स्कूल और स्थानांतरण नीति चर्चा के केंद्र में रहे। टीआरई-4 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने 25 जुलाई तक बिहार लोक सेवा आयोग को अधियाचना भेजने का निर्देश दिया। प्रदेश के सभी प्रखंडों में खोले जा रहे मॉडल स्कूलों की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि अब तक चार लाख से अधिक बच्चों का नामांकन हो चुका है। मंत्री ने अन्य राज्यों के मॉडल स्कूलों की कार्यप्रणाली का अध्ययन करने और इस विषय पर अगले सोमवार को विशेष बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। शिक्षा मंत्री ने बताया कि बिहार में शिक्षा सुधार और नवाचार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एक टीम अगले सप्ताह राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा।

बैठक में सिमुलतला आवासीय विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को दूर करने, मदरसा बोर्ड को नए भवन में स्थानांतरित करने तथा विद्यालयों में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि सभी बीईओ और डीईओ प्रत्येक माह एक दिन गांव में रहकर अभिभावकों से संवाद करेंगे और विद्यालयों से संबंधित फीडबैक प्राप्त करेंगे। उन्होंने कोटा, सीकर और अन्य प्रमुख शिक्षा केंद्रों की कोचिंग व्यवस्था का अध्ययन कर बिहार के लिए भी समग्र कोचिंग नीति तैयार करने का निर्देश दिया।

अपार आईडी निर्माण के लक्ष्य को पूरा नहीं करने वाले सरकारी और निजी विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें दी जाने वाली राशि रोकने का निर्देश दिया गया। साथ ही ई-शिक्षा कोष की व्यवस्था को दुरुस्त करने, निधियों के दुरुपयोग की जांच कराने और केंद्र से प्राप्त राशि का समय पर उपयोग सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में राज्य स्वास्थ्य समिति की तर्ज पर राज्य शिक्षा समिति के गठन के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। शिक्षा मंत्री तिवारी ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभाग लगातार सुधारात्मक कदम उठा रहा है। इसके लिए सभी योजनाओं की नियमित निगरानी की जाएगी।

विभागीय कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं, तय समय सीमा में पूरा हो हर काम जनता के आवेदनों का 30 कार्यदिवस के भीतर हो निष्पादन विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में शिक्षा मंत्री ने दिए कई निर्देश

वायनाड में भूस्खलन : अब तक 5 मजदूरों की गई जान, तीन लापता

वायनाड (एजेंसी)। केरलम के वायनाड जिले में मेप्पाडी-कल्लाडी सुरंग निर्माण स्थल पर मंगलवार को हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग अब भी लापता हैं। सात घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। राहत एवं बचाव दल भारी मशीनों, खोजी कुत्तों और अन्य संसाधनों की मदद से मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हैं। अधिकारियों ने बताया कि लापता मजदूरों की तलाश के लिए रातभर बचाव अभियान जारी रहेगा। मेप्पाडी पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह हादसा कल्लाडी स्थित मीनाक्षी पुल के पास उस स्थान पर हुआ, जहां अनाक्कमपोयिल-कल्लाडी-मेप्पाडी सुरंग परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि लगातार हो रही भारी बारिश के कारण खुदाई से निकली मिट्टी का विशाल ढेर ढह गया, जिससे कार्यस्थल का बड़ा हिस्सा मलबे में दब गया। पिछले 24 घंटों में मेप्पाडी में 226 मिमी बारिश दर्ज की गई,

हादसे में कई लोगों के मलवे में दबे होने की आशंका

जिसके चलते मिट्टी धंसने की घटना हुई। भूस्खलन की चपेट में एक चर्च और पास का एक मकान भी आ गया। हालांकि, मकान में रहने वाला परिवार हज यात्रा के लिए मक्का गया हुआ था और चर्च भी घटना के समय खाली था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटनास्थल के पास बस स्टॉप पर मौजूद एक दंपति ने बताया कि उन्होंने अचानक पहाड़ जैसी मिट्टी को नीचे गिरते देखा और तुरंत वहां से भाग निकले। महिला ने बताया कि गिरने के दौरान उसके हाथ में हल्की चोट आई, लेकिन दोनों की जान बच गई। मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर हालात की समीक्षा की और निर्देश दिया कि लापता लोगों को खोजने तथा घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई।

वायनाड में 2024 में सबसे बड़ा हादसा

वायनाड में 2 साल पहले सबसे बड़ा लैंडस्लाइड हादसा हुआ था। 30 जुलाई 2024 रात करीब 2 बजे से 4 बजे के बीच मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई। इस हादसे में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। वहीं 2019 में भी भारी बारिश के कारण इन्हीं इलाकों में लैंडस्लाइड हो चुकी हैं। उस हादसे में 17 लोगों की मौत हुई थी।

बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव

भाजपा से बंटी को बनाया उम्मीदवार

पटना (एनएसबी)। बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए बीजेपी ने अभिषेक कुमार 'बंटी' को अपना उम्मीदवार बनाया है।

उनके नाम के ऐलान के साथ ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर अभिषेक कुमार हैं कौन और पार्टी ने उन्हें इतनी अहम सीट से मैदान में क्यों उतारा। बांकीपुर को बीजेपी का मजबूत गढ़ माना जाता है, इसलिए इस सीट पर उम्मीदवार का चयन भी काफी अहम माना जा रहा है। अभिषेक कुमार 'बंटी' कायस्थ समाज से आते हैं. वे लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े रहे हैं। पार्टी के भीतर उनकी पहचान एक जमीनी, सक्रिय और संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता की रही है। यही वजह है कि बीजेपी ने इस हाई-प्रोफाइल उपचुनाव में उन पर भरोसा जताया है।

अर्जेंटीना 13 मिनट में 3 गोल दागकर क्वार्टर फाइनल में

अटलांटा (एजेंसी)। डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने मिस्र को 3-2 से हराकर फुटबॉल वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

मंगलवार को अटलांटा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अर्जेंटीना 78वें मिनट तक 2-0 से पीछे थी। इसके बाद रोमेरो, मेसी और फर्नांडीज ने 13 मिनट में 3 गोल कर टीम को जीत दिला दी। मेसी ने इस टूर्नामेंट में आठवां गोल किया। वे सबसे ज्यादा गोल के साथ गोल्डन बूट की रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऋक्रक्ष वर्ल्ड कप के लगातार नौवें मैच में गोल किया। जीत के बाद मेसी मैदान पर ही फूट-फूटकर रोने लगे।

मिस्र को 3-2 से हराया, मेसी ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 8 गोल किए

अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस में 38 दोषियों की फांसी बरकरार

गुजरात हाईकोर्ट का फैसला

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2008 के अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में स्पेशल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। निचली अदालत ने फरवरी 2022 में 38 दोषियों को फांसी और 11 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। आज जस्टिस एवाई कोगजे और समीर दवे की बेंच ने निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर सभी अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन (क्ट) से जुड़े लोगों की सजा को सही ठहराया। कोर्ट ने सरकार को 56 मृतकों के परिजन को 10-10 लाख रुपए और 200 से ज्यादा घायलों को 1-1 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश भी दिया। कोर्ट ने कहा कि मुआवजा राशि का भुगतान 30 मार्च 2027 तक कर दिया जाए।

विस्तारवाद नहीं, विकासवाद हमारी पहचान' : पीएम मोदी

इंडोनेशिया (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित करते हुए भारत और इंडोनेशिया के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक संबंधों को नई ऊंचाई देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की नीति पर चलता है और दोनों देश मिलकर दुनिया को ई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। अपने संबोधन से पहले प्रधानमंत्री मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने इसे 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बताते हुए इंडोनेशिया का आभार व्यक्त किया। पीएम ने कहा कि दोनों देशों के बीच समुद्र दूरी नहीं, बल्कि साझेदारी और समृद्धि का सेतु है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया का रिश्ता रामायण, महाभारत, नालंदा की ज्ञान परंपरा, संगीत,

संस्कृति और साझा इतिहास से जुड़ा है। उन्होंने लोकतंत्र, विविधता और वैश्विक दक्षिण की आवाज को दोनों देशों की साझा ताकत बताया। पीएम मोदी ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, व्यापार और कनेक्टिविटी के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 25 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है, लेकिन भविष्य में इससे कहीं अधिक संभावनाएं हैं।

तेलंगाना डीएसपी के पास मिली 300 करोड़ रुपए की संपत्ति

हैदराबाद (एजेंसी)। तेलंगाना में एक पुलिस अधिकारी के पास करोड़ों रुपए की बेनामी संपत्ति मिली है। सोमवार शाम उन्हें आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी की पहचान संकीरेड्डी भीम रेड्डी के रूप में हुई है। भीम रेड्डी हैदराबाद में पुलिस कंप्यूटर सर्विसेज में डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस के पद पर तैनात हैं। जांच में पता चला है कि रेड्डी ने करोड़ों की प्रॉपर्टी तेलंगाना व कर्नाटक में अपने रिश्तेदारों, दोस्तों, कथित बेनामीदारों और सहयोगियों के नाम पर खरीद रखी थी।तेलंगाना एंटी-करप्शन ब्यूरो ने रेड्डी के घर की तलाशी ली, जिसमें 3.60 लाख रुपए नकद, 2 किलो सोने के गहने और लगभग 20 किलो चांदी के सामान मिले। इसके अलावा लगभग 20 लाख रुपए का बैंक बैलेंस भी मिला है।

अच्छी इंसान होकर भी मेलोनी ने गलती की, खराब हो गए रिश्ते : डोनाल्ड ट्रंप

अंकारा (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ईरान से जुड़े सैन्य अभियान में अमेरिका का साथ न देकर 'गलती' की।

इस फैसले की वजह से दोनों देशों के रिश्तों में खटास आ गई। उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन से पहले अंकारा में तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के साथ बैठक से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट और ईरान से जुड़े मामले में इटली के सहयोग से इनकार करने के बाद मेलोनी के साथ उनके रिश्ते 'थोड़े खराब हो गए।' जब ट्रंप से सोशल मीडिया पर मेलोनी को लेकर की गई एक हालिया पोस्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि वह अच्छी इंसान हैं।" उन्होंने कहा, "पहले हमारे रिश्ते



अच्छे थे, लेकिन फिर थोड़े खराब हो गए क्योंकि उन्होंने हमारी मदद करने से मना कर दिया। मैंने उन पर ज्यादा दबाव नहीं डाला था, लेकिन उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट के मामले में या कहें कि ईरान के मुद्दे पर, शामिल होने से इनकार कर दिया।" ट्रंप ने कहा कि इटली के इस फैसले का असर उनके रिश्तों पर पड़ा, हालांकि उन्होंने मेलोनी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा, "इससे मेरे और उनके रिश्ते में थोड़ी खटास आ गई। लेकिन, मैं उन्हें पसंद करता हूं। मुझे लगता है कि वह अच्छी इंसान हैं, लेकिन उन्होंने गलती की।" राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि यूरोपीय देशों का होर्मुज स्ट्रेट में स्थिरता बनाए रखने में सीधा हित है क्योंकि वे मध्य पूर्व से आने वाले तेल पर काफी हद तक निर्भर हैं। उन्होंने कहा, "उन्हें अपना बहुत सारा तेल वहीं से मिलता है। हमें वहां से तेल की जरूरत नहीं है। अमेरिका के पास बहुत ज्यादा तेल है, बल्कि दुनिया में सबसे ज्यादा तेल हमारे पास है।"

मुंबई एयरपोर्ट में एक ही रनवे पर आमने-सामने आए प्लेन

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को हादसा टल गया। एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के दो विमान एक ही रनवे पर आमने-सामने आ गए। यह घटना रात करीब 10 बजे हुई। एअर इंडिया के विमान ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश पर टेक-ऑफ रोक दी, जिससे एक संभावित हादसा टल गया। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान लैंडिंग के बाद रनवे से हटा नहीं था, तभी दिल्ली जाने वाला एयर इंडिया का विमान उसी रनवे से उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के निर्देश के बाद टेक-ऑफ रोक दिया गया।

खबरें : एक नजर में

स्वास्थ्य मंत्री निशांत के विजन से जिला अस्पतालों में मजबूत हुई स्वास्थ्य सेवाएं : जद (यू)

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की अगुवाई में बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार मजबूत और आम लोगों के लिए सुलभ बन रही है।

हिमराज राम।

जिला अस्पतालों को सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे उनके प्रयासों से राज्य के आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उनके अपने जिले में ही उपलब्ध हो रही हैं।

बिहार सरकार की प्राथमिकता है कि बेहतर इलाज के लिए मरीजों को अनावश्यक रूप से बड़े शहरों या मेडिकल कलेजों का रुख न करना पड़े। इसी उद्देश्य से राज्य के जिला अस्पतालों में 19 प्रकार की सुनिश्चित नैदानिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे मरीजों को विशेषज्ञ डाक्टरों की सलाह, आधुनिक जांच, आवश्यक दवाएं तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं एक ही परिसर में मुफ्त मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओपीडी और आईपीडी सेवाओं का विस्तार किया गया है। साथ ही 350 से अधिक प्रकार की आवश्यक दवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। एक्स-रे, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड और पैथोलजी जांच जैसी सुविधाओं के सुढ़ होने से मरीजों को समय पर और बेहतर उपचार मिल रहा है।

निशांत कुमार ने स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभालते ही गरीब और जरूरतमंद मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। जिसका परिणाम है कि पीपीएच तथा आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों के लिए निशुल्क सीटी स्कैन और डायलिसिस जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं संचालित की जा रही हैं। वहीं अन्य मरीजों को भी ये सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर इलाज का बोझ काफी कम हुआ है। स्वास्थ्य क्षेत्र में यह परिवर्तन केवल बुनियादी ढांचे का विस्तार नहीं, बल्कि आम जनता के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में राज्य की एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सुदृढ़ जिला अस्पतालों के माध्यम से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं और इसका सीधा लाभ राज्य के लाखों नागरिकों को मिल रहा है। आने वाले समय में भी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, मरीजों तक पहुंच और पारदर्शिता को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर काम करती रहेगी।

स्वास्थ्य मंत्री के निरीक्षण में एलएनजेपी के दो डॉक्टरों पर गिरी शो कॉज की गाज

एक थे गायब, दूसरे ने बाहर से लिखा जांच

पटना / एनएसबी । स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने मंगलवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, साफ-सफाई, उपचार व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सचिव भी उनके साथ मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए वरिष्ठ सर्जन डा. आरके रौशन से स्वास्थ्य मंत्री ने फोन पर बातचीत की लेकिन जवाब संतोषप्रद नहीं दिये जाने पर उन्हें विभागीय स्तर पर शो-कॉज किया गया है। वहीं, अस्पताल के न्यूरोसर्जन डा. श्याम किशोर द्वारा मरीज के पुर्जे पर बाहरी जांच लिखे जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया।

निरीक्षण की शुरुआत स्वास्थ्य मंत्री ने ट्रामा सेंटर से की, जहां उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा इलाज और अस्पताल की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों की शिकायतें भी सुनीं और अस्पताल प्रशासन को साफ-सफाई की व्यवस्था में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए।

इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने वार्ड, ओपीडी और पुरुष शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने मरीजों के ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और अन्य पैथोलॉजी जांच में हो रही देरी पर भी चिंता व्यक्त करते हुए पैथोलॉजी विभाग को 24 घंटे संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही लैब टेक्नीशियन और पैरामेडिकल कर्मियों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव विभाग को भेजने को कहा।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान सामने आई विभिन्न कमियों और अव्यवस्थाओं पर स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के निदेशक डा. राकेश कुमार चौधरी को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधा और उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की ओपीडी व्यवस्था, डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की।

इस दौरान स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों को बिना एप्रन के कार्य करते पाया, जिस पर उन्होंने उन्हें निर्धारित ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने इमरजेंसी वार्ड के बाहर मरीजों के परिजनों से भी बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। इसके बाद उन्होंने दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा की।

इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन 400 बेड वाले नए अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमआरआई जांच केंद्र का जायजा लेकर वहां उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक ने उन्हें बताया कि नए भवन का निर्माण कार्य अगस्त 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा तथा सितंबर 2026 से यह भवन पूरी तरह संचालित होने लगेगा। वहीं, मंत्री ने मरीज की शिकायत पर ओपीडी वार्ड में एयर कंडीशनर काम नहीं किये जाने पर उसे दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने मरीजों को भोजन उपलब्ध कराने वाली कैंटीन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, वितरण व्यवस्था तथा मरीजों को दिए जा रहे भोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

अंत में स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव ने अस्पताल के निदेशक के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अस्पताल में प्राप्त शिकायतों, कमियों तथा पारा मेडिकल स्टाफ की कमी की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने निदेशक को निर्देश दिया कि अस्पताल में अनियमितताओं को शीघ्र दूर किया जाए तथा रेडियोलजिस्ट, लैब टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की रिक्तियों की सूची तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक नियुक्ति एवं प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्टाफ नर्स के पति की मौत के बाद जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर ने नर्स के साथ मारपीट कर दी। घटना के विरोध में पीएमसीएच की नर्सों ने अस्पताल में काम रोक दिया। अस्पताल परिसर में रोड जाम कर धरना दिया। वे लोग दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रही थी।

मोतिहारी सांसद भू माफियाओं के साथ मिलकर किसानों की जमीन हड़पना चाहते हैं : सुधाकर

पटना / एनएसबी। सांसद सुधाकर सिंह ने कहा है कि मेरा सीधा आरोप है कि इस मामले में मोतिहारी के सांसद राधा मोहन सिंह भूमाफियों के साथ मिलकर किसानों की जमीन हड़पना चाहते हैं। केंद्र और बिहार सरकार को इसकी विस्तृत जांच करनी चाहिए।

3 जुलाई 2026 को मैं अपने किसान साथियों एवं राजनीतिक सहयोगियों के साथ पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले के पिपरा कोठी में किसानों की भूमि को बिहार सरकार के द्वारा जबरदस्ती कब्जा करके बनाए जा रहे कृत्रिम वाटर पार्क के विरोध में आयोजित किसान सभा को संबोधित करने गया था। किसानों की सभा में सम्मिलित होने की वजह से मोतिहारी के जिला अधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मुझ पर, हमारे साथी शाश्वत गौतम, सुबोध यादव, रवीन्द्र सहनी, शमशाद आलम समेत 24 लोगों पर हत्या की कोशिश, लूटपाट और मेरे द्वारा 35,000 रु. की पकेटमारी जैसे संगीन आरोपों में एफआईआर दर्ज करवाई है।

इतना ही नहीं, सभा स्थल पर जिला मुख्यालय से भेजे गए एक कंपनी पुलिस बल ने मुझे 1 घंटे तक बिना मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में रोककर रखा। मेरे बार-बार पूछे जाने पर भी मजिस्ट्रेट को नहीं बुलाया गया, जो कानून व्यवस्था के ऊपर गंभीर सवाल खड़ा करता है। मोतिहारी जिले के पिपराकोठी थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या 361/26 में यह कहा गया है कि मैंने अपने साथियों के साथ आवेदनकर्ता का गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की, कार्यस्थल से भवन निर्माण का सामान चुरा लिया, सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की और आवेदनकर्ता की जेब टटोलकर पॉकेट से 35,000 रुपये निकाल लिए।

पिपरा कोठी कार्यक्रम स्थल पर सुबह 10 बजे पहुँचने के बाद मैंने वहाँ सभा को संबोधित किया और उसके बाद तकरीबन दोपहर 12: 30 बजे किसानों की जमीन पर अपने साथियों के साथ ट्रैक्टर चलाकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उस जगह मोतिहारी सदर 2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पिपरा कोठी थानाध्यक्ष समेत सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल मेरे आस-पास तैनात थे। इनके अलावा वहाँ बड़ी संख्या में मीडियाकर्मी और आम लोग भी मौजूद थे। इसके बाद मैं लगभग 3 बजे मोतिहारी के जिला अधिकारी से मिलकर किसानों के पक्ष में ज्ञापन दिया। उसके बाद लगभग 4 :30 बजे मोतिहारी के सर्किट हाउस में मीडिया को संबोधित करके अपने सहयोगी के निवास स्थान गया।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह जी, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला जी और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी बताएँ कि क्या यह देश में गुड गवर्नेंस का नया मॉडल है, जिसमें एक लोकसभा सांसद को किसानों के पक्ष में खड़े होने की सजा देने के लिए हत्या की कोशिश और लूटपाट जैसे फर्जी आरोप में फंसाने के लिए मुकद्दमा दर्ज किया जाता है। हम लोगों के ऊपर दर्ज यह फर्जी एफआईआर बिहार सरकार की शासन व्यवस्था के ऊपर कई सवाल खड़ा कर रहा है।

मेरा बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी से कुछ सवाल हैं कि अगर मैंने पिपरा कोठी में लूटपाट और 35,000 रुपये की पॉकेटमारी पुलिस के सामने की और उसके बाद डीएम से मिला, तो मुझे तुरंत गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया । सभा स्थल पर पूरे समय बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थी। स्थानीय अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और जिस थानाध्यक्ष ने मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, वह भी मेरे बगल में सभा स्थल पर पूरे समय मौजूद था। जब यह कांड उसके सामने हुआ, तो उसने कोई त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की । क्या बिहार में गवर्नेंस और प्रशासन व्यवस्था चलाने का यह नया मडल है। मुझे पुलिस ने बिना मजिस्ट्रेट के एक घंटे से ज़्यादा देर रोककर रखा और बार-बार पूछने पर भी मजिस्ट्रेट नहीं पहुंचे। मोतिहारी के जिला अधिकारी सौरभ सुमन यादव ने एक सांसद के समक्ष किसी भी तरह के प्रोटोकाल का अनुपालन नहीं किया।

फाइलेरिया उन्मूलन की सफलता को संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सराहा

पटना / एनएसबी। स्वास्थ्य विभाग ने लिम्फेटिक फाइलेरिया (एलएफ/ हाथीपांव) उन्मूलन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2026 में पहली बार राज्य के अररिया, मधेपुरा, सुपौल एवं किशनगंज जिलों ने ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे के सभी पात्रता मानदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसके साथ ही ये जिले अब सामूहिक दवा वितरण अभियान से आगे बढ़ते हुए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के निगरानी चरण में प्रवेश करेंगे। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की संयुक्त राष्ट्र तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सराहना की गई है। यह सम्मान बिहार की सुढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था, प्रभावी रणनीतियों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा लाखों स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पित प्रयासों की वैश्विक मान्यता है। साथ ही यह उपलब्धि भारत को वर्ष 2027 तक लिम्फेटिक फाइलेरिया मुक्त बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में बिहार के महत्वपूर्ण योगदान को भी रेखांकित करती है।

ज्ञात हो कि भारत को वर्ष 2027 तक लिम्फेटिक फाईलेरिया मुक्त बनाने के लिए एमडीए अभियान 2026 अर्थात् सामूहिक दवा सेवन अभियान के तहत् एक करोड़ लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा खिलाने का राज्य स्तरीय लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य को पार करते हुए राज्य ने उक्त अभियान के दौरान दिनांक 11 फरवरी, 2026 को मात्र एक दिन में एक करोड़ पैंतीस लाख लोगों को फाईलेरिया रोधी दवा का सेवन कराकर ऐतिहासिक मिसाल कायम की, जो लक्ष्य से 35 प्रतिशत अधिक है।

खबरें — खास-खास

जीना फाउंडेशन एक भारत की 55 वीं वर्षगांठ पर छह साहित्यकारों का सम्मान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। जीना फाउंडेशन एक भारत की 55वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भव्य साहित्यिक समारोह में देश-विदेश के उत्कृष्ट साहित्यकारों, कवियों, शायरों एवं समाजसेवियों का शब्द-पुष्प अर्पित कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर छह विशिष्ट साहित्यकारों को जीना साहित्य एवं व्यक्तित्व शिखर सम्मान से विभूषित किया गया। सम्मानित साहित्यकारों में प्रेमकिरण (पटना), किशोर सिन्हा (पटना), डा. कविता सहाय (गया), बिपिन बिहारी (गया), कमलनयन श्रीवास्तव (पटना) तथा डा. प्रगीत कुंअर (अस्ट्रेलिया) शामिल रहे। डा. प्रगीत कुंअर की अनुपस्थिति में उनका सम्मान डा. आराधना प्रसाद ने ग्रहण किया, जिसे निकट भविष्य में उन्हें सौंपा जाएगा। इस अवसर पर चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के प्रधान सचिव कमलनयन श्रीवास्तव ने फाउंडेशन की 55 वर्षो की सफल यात्रा के लिए संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष डा. राशदादा राश को सम्मानित किया।

सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की सहयोगी संस्था मनरूयोग ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह की अध्यक्षता भगवती प्रसाद द्विवेदी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डा. संजय पंकज (मुजफ्फरपुर) उपस्थित रहे। स्वागताध्यक्ष आचार्य विजय गुंजन अभिभावक के रूप में मंचासीन रहे। विशिष्ट अतिथियों में विभा रानी श्रीवास्तव, अनिता राकेश और ड़भावना शेखर शामिल रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ मीरा के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान जीना फाउंडेशन के लिए माँ मीरा के योगदान और सहयोग को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। डा. कविता सहाय ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया तथा माँ मीरा को समर्पित अपनी विशेष काव्य पंक्तियों से वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। मंच का संचालन मो. नसीम अख्तर ने प्रभावी ढंग से किया। कार्यक्रम के समापन पर लेख्य-मंजूषा की संस्थापक-अध्यक्ष ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डा. सुधा सिन्हा, पूनम सिन्हा श्रेयशी, डा रूबी भूषण, कमलनयन श्रीवास्तव कविता पाठ किया।

समारोह में उपस्थित विद्वानों और साहित्यकारों ने आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना की। बिहार के विभिन्न शहरों से आए अनेक कवि-कवयित्रियों और साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष आयाम प्रदान किया। इनमें एमक़े मधु, रूबी भूषण, अभिलाषा सिंह, पूनम श्रेयसी, चाचा रविशंकर सहाय, अनिता मिश्रा, सुनील कुमार, नमिता लोहानी, रंजना लता (समस्तीपुर), डा. सुनील कुमार उपाध्याय, मधुरेश नारायण, डा. पूनम देवा, नूतन सिन्हा, आशा रघुदेव, अमृता सिन्हा, रवि श्रीवास्तव, तनुजा सिन्हा, ऋचा वर्मा, शशी भूषण सिंह, पलक रानी (गया), निकुंज नारायण, पूनम कतरियार तथा अखौरी प्रेम कुमार सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे। समारोह के अंत में जीना महापरिवार ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुम सम्मानित

औरंगाबाद / पटना (दैनिक नवसंदेश)। पंजाब नेशनल बैंक, औरंगाबाद मंडल के मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुम को उत्कृष्ट बैंकिंग सेवाओं और ग्राहकों के हित में किए गए उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया है । श्री कुसुम के नेतृत्व में पंजाब नेशनल बैंक के औरंगाबाद मंडल के अंतर्गत औरंगाबाद, रोहतास एवं अरवल जिलों में संचालित 75 शाखाओं के माध्यम से ग्राहकों को बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कई प्रभावी पहल की गई है। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद शाखाओं में ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार, बैंकिंग प्रक्रियाओं को अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाने तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इससे ग्राहकों को बैंकिंग लेन-देन के साथ-साथ अन्य वित्तीय सेवाओं का लाभ पहले की अपेक्षा अधिक सुगमता से मिल रहा है। पीएनबी की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, किसान एवं स्वरोजगार से जुड़ी ऋण योजनाएं तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में बैंक की शाखाएं निरंतर कार्य कर रही हैं। नवबिहार टाइम्स की ओर से अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आज यह सम्मान मंडल प्रमुख के कार्यालय में प्रबंधन से जुड़े मदन मोहन श्रीवास्तव एवं अटल बिहारी सिंह ने प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद कंदर्प कुसुम ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे पंजाब नेशनल बैंक परिवार का सम्मान है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और त्वरित बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। भविष्य में भी ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने तथा सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए बैंक पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख कंदर्प कुसुम सम्मानित।

अगस्त के प्रथम सप्ताह में कांटी आयेंगे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

राज्य के पूर्व मंत्री व कांटी विधायक ई अजीत कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात किया एवं बुके देकर स्वागत किया।

विधायक अजीत कुमार के पिता , शिक्षाविद स्वर्गीय गया चौधरी के प्रतिमा का अनावरण व जनसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी

श्री कुमार ने मुख्यमंत्री से कांटी थर्मल पावर में 500 मेगावाट का दो अतिरिक्तप्लांट लगवाने हेतु केंद्र से अनुशंसा करने की किया मांग

पटना/ एनएसबी। राज्य के पूर्व मंत्री व कांटी विधायक ई अजीत कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से लोक सेवक आवास में मुलाकात किया एवं बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान विधायक अजीत कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को मुजफ्फरपुर जिले के कांटी आने का ससम्मान पूर्वक निमंत्रण दिया तथा उनसे कांटी विधानसभा क्षेत्र के विकास से संबंधित कई अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किया।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधायक अजीत कुमार के आग्रह को स्वीकार करते हुए आगामी अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में कांटी आने की स्वीति दी। मुलाकात के दौरान श्री कुमार ने मुख्यमंत्री से कांटी थर्मल पावर में 500 मेगावाट का दो अतिरिक्त प्लांट लगवाने हेतु केंद्र से अनुशंसा करने, कांटी तथा मड़वन को मुजफ्फरपुर पश्चमी अनुमंडल से हटाकर पूर्वी अनुमंडल में जोड़वाने , कांटी विस क्षेत्र के महत्वपूर्ण सड़कों को जनहित में पीडब्लूडी से अधिग्रहण कराकर निर्माण करवाने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने श्री कुमार के सभी मांगों पर विचार करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलने के बाद विधायक अजीत कुमार ने बताया की मुख्यमंत्री के कांटी दौरा के क्रम में कांटी स्थित गया चौधरी वाचनालय में लगे प्रतिमा का उनके द्वारा अनावरण किया जाएगा एवं अनावरण के उपरांत कांटी हाई स्कूल के मैदान में मुख्यमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

बिहार संग्रहालय में भोजपुरी चित्रकला पर परिचर्चा का आयोजन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार संग्रहालय में भोजपुरी चित्रकला और भविष्य की चुनौतियाँ विषय पर एक संवाद हुआ। सत्र का आयोजन अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों और कलाकारों द्वारा भोजपुरी चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया और वहाँ विमर्श के मुख्य बिंदुओं से चिन्तित किया गया।

कार्यक्रम के संचालक सामाजिक सांस्कृतिक कार्यकर्ता जयप्रकाश ने विषय की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वक्ताओं से क्रमवार मन्तव्य आमंत्रित किया।

जयप्रकाश ने कहा कि कला जगत में यह समय पटना के लिए नवजागरण काल की तरह उभर कर सामने आ रहा है। आधुनिक कला हो या चित्रकला सभी कलाओं को बिहार संग्रहालय में व्यापक प्रतिनिधित्व मिल रहा है। कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में हम भोजपुरी चित्रकला की प्रदर्शनी और वार्ता के क्रम में यहां जुटे हैं। आगंतुक सभी कलाकारों एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए बिहार संग्रहालय के अपने निर्देशक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा की सफलता के हजार पिता होते हैं जबकि असफलता अनाथ होती है। आज मिथिला चित्रकला की बहुतेरे प्रशंसक और प्रमोटर हैं, भोजपुरी चित्रकला के बहुत ही कम। लेकिन भोजपुरी चित्रकला धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है और इसके बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। पर अभी यह अपनी शैशवावस्था में है। भोजपुरी क्षेत्र की कलाओं में कोहबर, पिडिया और चौक पूरना की है। हाल ही में भोजपुरी चित्रकला पिडिया को भौगोलिक संकेतक जी आई टैग की मान्यता मिली है। इससे इसका ग्लोबल दायरा बढा है।

छपरा से आए प्रोफेसर पृथ्वीराज सिंह ने कहा कि लोक कला के प्रति अभिरुचि यूरोप में हालय, एक्त ज्वर्स्टेल्जिया के कार में सौद्योतितक क्रांति के बाद हुई। भारत में औध्द्योगिक क्रांति तो नहीं हुई। किंतु समाज तेजी से बदला है और लोग इसी नस्टैल्जिया से अभिभूत होकर अपनी सामूहिक संस्कृत स्मृति की ओर उसके संरक्षण की ओर अग्रसर हुए हैं। भोजपुरी क्षेत्र की सामूहिक स्मृति की सांकेतिक अभिव्यक्ति भोजपुरी लोक कला में होती है आज यह बहुत बड़ा अफसर है जब हम बिहार संग्रहालय में भोजपुरी चित्रकला पर बातें कर रहे हैं।

वरिष्ठ रंगकर्मी अनीश अंकुर ने कहा कि भोजपुरी चित्रकला पर संभवतः पटना में पहली बार बात हो रही है। इसमें जीवन के प्रवाह और पुनरुत्पादन का भाव प्रतीकों में व्यक्त होता है । भोजपुरी चित्रकला में हरे रंग की पृष्ठभूमि में सफेद रंग का बहुतायत में प्रयोग होता है जबकि मिथिला में अधिक बारिकी होती है और रंगों की प्रचुरता होती है। भोजपुरी चित्रकला को और आगे जाने के लिए इसके रूपाकारो और रंगों का समाजशास्त्रीय विश्लेषण को भी साथ-साथ लेकर चलना चाहिए।

पटना कला महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अजय कुमार पांडे ने कहा कि बिहार के लोग बांस की तरह होते हैं, ऐसा कहा जाता है। पर मैं समझता हूं कि भोजुपर के लोग धान की तरह हैं जो रोपे कहीं जाते हैं और फलते कहीं और हैं। भोजपुरी और इसकी कलाओं के साथ यही हुआ है। आज का एक ऐतिहासिक क्षण है जहां हम इस भोजपुरी चित्रकला पर बात कर रहे हैं। पर इसे और आगे जाने के लिए इसे एक आधुनिक रूप से भी देखा जाना जरूरी है।

सभागार में बड़ी संख्या में उपस्थित कलाकारों और लोगों में प्रमुख रूप से मनोज कुमार बच्चन, अरुण कुमार, रोशन राय, वीरेंद्र सिंह, अनीता पांडे, कमलेश कुंदन, रवि प्रकाश, सूरज, कृष्णेन्दु आदि थे।

बिहार संग्रहालय में भोजपुरी चित्रकला और भविष्य की चुनौतियाँ विषय पर एक संवाद हुआ। सत्र का आयोजन अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

भाषा-विज्ञान और साहित्यालोचन के यशस्वी आचार्य थे देवेंद्रनाथ शर्मा

जयंती पर चित्तरंजन लाल भारती का हुआ एकल कथा-पाठ, हुई लघुकथा-गोष्ठी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। हिन्दी और संस्कृत के उद्भट विद्वान आचार्य देवेंद्रनाथ शर्मा पुरातन भारतीय ज्ञान के वैज्ञानिक-भाष्यकार थे। भारतीय दर्शन और वैदिक साहित्य का उन्हें गहरा अध्ययन था। भाषा-विज्ञान और साहित्यालोचन के यशस्वी विद्वान आचार्य शर्मा पटना विश्वविद्यालय और दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति भी रहे। काव्य-शास्त्र, अलंकार और साहित्यालोचन पर लिखी गई उनकी पुस्तकें आज भी विद्यार्थियों के लिए आदर्श ग्रंथ हैं। यह बातें मंगलवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आचार्य शर्मा की जयंती पर आयोजित एकल-कथा-पाठ एवं लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, आचार्य शर्मा उन अंगुली-गण्य महापुरुषों में से एक थे, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, कला, संगीत जैसे मनुष्य के लिए सर्वाधिक मूल्यवान तत्वों के संरक्षण और विकास में खपा दिया। वे सच्चे अर्थो में संस्कृति-पुरुष थे। साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में उनकी सेवाओं के लिए भी साहित्य-समाज ऋणी है। डा सुलभ ने इस अवसर पर आयोजित कथयामि कथा शीर्षक से सम्मेलन द्वारा चलायी जा रही ऋंखला में एकल-कथा-पाठ के लिए आमंत्रित कथाकार चित्तरंजन लाल भारती को अंग-वस्त्रम पहनाकर अभिनन्दन किया। कथा-पाठ से पूर्व, सम्मेलन के अर्थमंत्री कुमार अनुपम ने कथाकार श्री भारती का जीवन-वृत्त पढ़कर सुनाया। श्री भारती ने अच्छा कौन, आम जनता के लिए, पीछा करती दृष्टि, सृष्टि, ज्यादा जरूरी तथा हाँ,ठीक है शीर्षक से अपनी लघुकथाएँ पढ़ीं, जिनपर, वरिष्ठ साहित्यकार डा रत्नेश्वर सिंह, विभारानी श्रीवास्तव और सागरिका राय ने अपनी त्वरित समीक्षा प्रस्तुत की। लघुकथा-गोष्ठी में, विभारानी श्रीवास्तव ने धूँधली दृष्टि शीर्षक से, डा पुष्पा जमुआर ने अहसास जी उठा, सागरिका राय ने लक्ष्मी, ईं अशोक कुमार ने बुढ़ापे का सहारा , शमा कौसर शमा ने मापदण्ड, सूर्य प्रकाश उपाध्याय ने थाती, बी के बिहारी ने अंतर की यात्रा तथा इन्दु भूषण सहाय ने महल उदास भी अपनी-अपनी लघुकथा पढ़ी। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी बच्चा ठाकुर, डा मनोज गोवर्धनपुरी, पं गणेश झा तथा चंदा मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने किया। आमंत्रित कथाकार श्री भारती की पत्नी कुमारी क्रांति, गोविन्द प्रसाद जायसवाल, नरेश कुमार, चन्द्रभूषण कुमार, प्रेम प्रकाश, अशोक कुमार, नीतीश कुमार, अ

संक्षिप्त खबरें

बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ करेगा चरणबद्ध आंदोलन

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, लहेरियासराय की चरमरायी व्यवस्था को सुधारने, अधीक्षक डॉ जगदीश चंद्र को अस्पताल अधीक्षक पद से हटाने सहित 20 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु बिहार चिकित्सा जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, विशेष शाखा डी एम सी एच के तत्वावधान में बुधवार से अनिश्चितकालीन सामूहिक जत्थेवार धरना सत्याग्रह का कार्यक्रम डी एम सी एच परिसर में किया जायेगा। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा एवं संघ के मंत्री अजय कुमार साह ने बताया कि प्रशासनिक अनुभवहीन, अधीक्षक डॉ जगदीश चंद्र को अधीक्षक पद से हटाने, डीएमसीएच को बचाने, महिला कर्मी से दुर्व्यवहार करनेवाला प्रभारी उपाधीक्षक डॉ सुरेंद्र कुमार पर कार्रवाई करने तथा उपाधीक्षक पद से हटाने सहित सहित 20 सूत्री मांगों की पूर्ति हेतु अनिश्चितकालीन सामूहिक जत्थेवार धरना -सत्याग्रह कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्रीजी, स्वास्थ्य मंत्री एवं स्वास्थ्य सचिव का ध्यान कारवाई करने हेतु आकृष्ट किया जाएगा।

कुलपति की अध्यक्षता में पीजीआरसी की बैठक में छह संकायों के कुल 455 शोध-प्रारूपों को मिली स्वीकृति

बैठक में छह संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, नामित विषय-विशेषज्ञ एवं वरीय प्राध्यापकों ने लिया भाग

दरभंगा (एनएसबी)। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई स्नातकोत्तर शोध परिषद् पीजीआरसी की बैठक में छह संकायों के कुल 455 शोध-प्रारूपों को गहन विचार-विमर्शोपरान्त स्वीकृति प्रदान की गई, जिनमें 450 पैट-2023 तथा 5 पूर्ववर्ती शोधार्थियों के शोध-प्रारूप शामिल हैं। महात्मा गांधी सदन में आयोजित बैठक में संकायाध्यक्ष- प्रो एच के सिंह, प्रो पुनीता झा, प्रो दिलीप कुमार चौधरी, प्रो ध्रुव कुमार, प्रो लावण्य कीर्ति सिंह 'काव्या' एवं डॉ शशि भूषण राय, सभी विभागाध्यक्ष, वरीय प्राध्यापक एवं विषयवार नामित विषय-विशेषज्ञों ने भाग लिया। बैठक में मानविकी संकाय के 156, सामाजिक विज्ञान संकाय के 143, विज्ञान संकाय के 93, वाणिज्य संकाय के 15, शिक्षा संकाय के 36 एवं ललित कला संकाय के 07 तथा 05 पूर्ववर्ती छात्रों के शोध-प्रारूप स्वीकृत किए गए। उप परीक्षा नियंत्रक (शोध) डॉ सुरेश पासवान ने बताया कि बैठक में मानविकी संकाय के अंतर्गत अंग्रेजी के 61, हिन्दी के 46, मैथिली के 21, संस्कृत के 07, दर्शनशास्त्र के 11 एवं उर्दू के 10, सामाजिक विज्ञान संकाय के अंतर्गत इतिहास के 14, राजनीति विज्ञान के 27, समाजशास्त्र के 14, अर्थशास्त्र के 23, भूगोल के 15, गृह विज्ञान के 08 एवं मनोविज्ञान के 42, विज्ञान संकाय के अंतर्गत रसायनशास्त्र के 20, भौतिकी के 12, वनस्पति विज्ञान के 14, जन्तु विज्ञान के 26 एवं गणित के 21, वाणिज्य संकाय के अंतर्गत कॉमर्स के 12 एवं मैनेजमेंट के 03, ललित कला संकाय में म्यूजिक एवं ड्रामा के 07, शिक्षा संकाय के 36 तथा पूर्ववर्ती शोधार्थियों के 05 शोध-प्रारूपों सहित कुल 455 शोध-प्रारूपों की स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि अब ये सभी शोधार्थी विश्वविद्यालय से पत्र प्राप्ति के उपरांत अपने स्वीकृत शोध-प्रारूप के अनुसार अपने-अपने शोध-पर्यवेक्षकों के मार्गदर्शन में शोध-कार्य औपचारिक रूप से प्रारंभ कर सकेंगे।

चाहे किसी भी तरह का आपदा हो एनडीए सरकार आपके साथः प्रो. विनय कुमार चौधरी

बहेड़ी(एनएसबी)। बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के मुरली गांव में मंगलवार को अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच क्षति मुआवजा राशि का वितरित करते हुए विधायक विनय कुमार चौधरी ने बताया की गत जनवरी माह में अग्निकांड से पीड़ित डोली कुमारी, सुलेखा कुमारी एवं मीरा देवी के बीच 120000 रुपए सरकार द्वारा आपदा राहत पद से मिलने वाली राशि का चेक प्रदान की। आपदा और विपदा आकस्मिक रूप से आती है इसमें इसे रोकना किसी के बस की बात नहीं है लेकिन सतर्कता सबसे बड़ी सहायता है। लेकिन वर्तमान समय में यह सरकार आपके हर दुख सुख में सेवा के लिए तत्पर है। इस दौरान अंचलाधिकारी बहेड़ी धनश्री ग्वाला,बहेड़ी मुख्य पार्षद मनोज लालदेव,बेनीपुर प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद कुमार राय जी, बेनीपुर बीस सूत्री अध्यक्ष कीर्ति मोहन झा, बेनीपुर बीस सूत्री उपाध्यक्ष रजनीश सुंदरम, संजय कुमार, संतोष कुमार साह,सिकंदर सिंह,इंद्र कुमार लालदेव, विजय महतो जी, अमित झा, अक्षय आनंद आदि लोग मौजूद थे।

दरभंगा जिले में 48 स्थानों पर आयोजित हुआ सहयोग शिविर

दरभंगा (एनएसबी)। आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान, सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से दरभंगा जिले के मनीगाछी प्रखंड अंतर्गत राजे पंचायत भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किये। जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से पूरे दरभंगा जिले में कुल 48 स्थानों पर सहयोग शिविर आयोजित किए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि आमजनों से प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ निष्पादन किया जाए तथा किसी भी पात्र लाभुक को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाए।

जिलाधिकारी ने दिल्ली मोड़ स्थित बस स्टैंड पर चल रहे कार्यों का लिए जायजा

दरभंगा (एनएसबी)। कौशल कुमार जिलाधिकारी,दरभंगा द्वारा दिल्ली मोड़ बस स्टैंड पर चल रहे नव निर्माण एवं विकास कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड परिसर में चल रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बुडको के परियोजना निदेशक को बस स्टैंड निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ यथाशीघ्र कराने का निर्देश दिया।बस स्टैंड भवन का निर्माण कार्य प्रगति में है।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बस स्टैंड भवन निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें । जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में अभय कुमार पांडे परियोजना निदेशक बुडको, अभियंता गण आदि उपस्थित थे।

सकरी चीनी मिल का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

क्षेत्र विस्तार एवं मिल परिसर के रखरखाव को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार ने आज सकरी चीनी मिल का स्थल निरीक्षण कर मिल परिसर की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने चीनी मिल के क्षेत्र विस्तार, परिसर के रखरखाव एवं भविष्य की आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चीनी मिल के क्षेत्र विस्तार से संबंधित सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए, ताकि मिल के संचालन एवं विकास के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना उपलब्ध हो सके। क्षेत्र विस्तार से संबंधित कार्यों में समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने चीनी मिल परिसर का भ्रमण कर भवनों एवं उपलब्ध संसाधनों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पढ़ो और बढ़ो' के संकल्प के साथ श्री पी. एन. पाणिक्कर रीडिंग डे सप्ताह का शुभारंभ

श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल, बिरौल में हुआ आयोजित

बिरौल(एनएसबी)। श्री कृष्णा आइडियल पब्लिक स्कूल, बिरौल में भारत के महान शिक्षाविद एवं 'रीडिंग मूवमेंट' के जनक श्री पी. एन. पाणिक्कर की स्मृति में 'रीड एंड ग्रो पढ़ो और बढ़ो' रीडिंग डे सप्ताह का भव्य शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष गणेश चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने का संदेश देते हुए कहा कि 'पुस्तकें जीवन की सबसे अच्छे मित्र होते हैं और नियमित अध्ययन ही सफलता का आधार है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंध निदेशक नवलेश चौधरी, निदेशक ब्रजेश चौधरी, प्रबंधक पुरुषोत्तम चौधरी तथा विद्यालय के प्राचार्य अचिंत्य घोष ने श्री पी. एन. पाणिक्कर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से रीडिंग प्रतिज्ञा ली कि वे निरंतर पढ़ेंगे, सीखेंगे और ज्ञान के माध्यम से समाज के विकास में योगदान देंगे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय पुस्तकालय में स्थापित "पी. एन. पाणिक्कर कॉर्नर" का उद्घाटन भी मुख्य अतिथि व अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस कॉर्नर के माध्यम से विद्यार्थियों में पुस्तक पठन की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा।विद्यालय के समन्वयक श्री राम रतन झा ने बताया कि रीडिंग सप्ताह के दौरान विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कविता लेखन, चित्रकला, वाचन प्रतियोगिता, "पढ़ो और बढ़ो" मार्च-पास्ट, उद्यमिता विषयक गतिविधियाँ, नशा एवं शराब के दुष्प्रयोग के विरुद्ध जागरूकता नाटक, भाषण प्रतियोगिता तथा अन्य शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य श्री अचिंत्य घोष ने कहा कि पढ़ने की आदत विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, ज्ञान और चरित्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से पूरे सप्ताह आयोजित गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा नियमित पुस्तक पठन को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

चाहरदिवारी निर्माण के दौरान हुए बम ब्लास्ट में दो मजदूर घायल

जमीनी विवाद का हो सकता है मामला, वरीय पुलिस पदाधिकारी ने लिया जाएगा

दरभंगा (एनएसबी)। पतोर थाना क्षेत्र के चंचल नगर में चाहरदिवारी निर्माण के दौरान हुए बम ब्लास्ट में दो मजदूर घायल हो गया जिसे इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। बाउंड्री वॉल निर्माण के दौरान झूला हटते ही बम धमाका हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल तैनात किया गया। घटना के बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। प्रथम दृष्टि से पुलिस जमीनी विवाद मान रही है। हालांकि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। घायल मजदूर की पहचान चंचल नगर निवासी लक्ष्मी पासवान के पुत्र रामबाबू पासवान एवं सियाकांत के पुत्र भोला पासवान के रूप में हुई है। दोनों मजदूर चाहरदीवारी में शटरिंग खोलने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान लोहे की रोड में टंगा एक झोला दिखाई दिया। मजदूरों ने झूले को हटाने की कोशिश कि इस दौरान जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए डीएमसीएच भेजा गया जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि जिस जमीन पर चाहरदिवारी का निर्माण हो रहा था वह मोहम्मद शाहिद की बताई जा रही है। इस जमीन को लेकर बरसों से विवाद चल रहा है। बताया जाता है कि वर्ष 2008 में मोहम्मद शाहिद ने मोहम्मद शेर मोहम्मद से जमीन खरीदी थी लेकिन वर्ष 2025 में इस जमीन को दोबारा रजिस्ट्री डॉक्टर रफीक के नाम किए जाने के बाद विवाद और बढ़ गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा करवाया गया। घटना के गंभीरता को देखते हुए मिथिला क्षेत्र के डीआईजी मनोज कुमार तिवारी और एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलारेड्डी ने सहित पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। एफएसएल सहित टेक्निकल सेल की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। जमीन मालिकों से भी पूछताछ की जा रही है।

घटनास्थल पर एसएसपी एवं अन्य।

33 देशों का सर्वोच्च सम्मान पाकर विश्व के सबसे लोकप्रिय राजनेता बने पीएम मोदीः डा. गोपाल जी ठाकुर

वैश्विक मंच पर पीएम मोदी की बढ़ती स्वीकार्यता एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के लिए गर्व का विषय

दरभंगा (एनएसबी)। आजादी के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वैश्विक मंच पर सबसे लोकप्रिय तथा ताकतवर राजनेता के रूप में स्थापित होना देश के एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के लिए गर्व का विषय है। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश ही नही वरन् विश्व स्तर पर एक वैश्विक लीडर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर इस बात को साबित कर दिया है कि भारत के ज्ञान, कौशल, क्षमता तथा कूटनीति में आज भी नेतृत्व करने की अकूत ताकत है।भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोबो सुवियांतो के द्वारा इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान बीतांत आदिपूर्णा दिए जाने को भारत के लिए गर्व का विषय बताते हुए कहा है कि यह सम्मान श्री मोदी को दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी तथा द्विपक्षीयों संबंधों को नई ऊंचाइयों पर मजबूत प्रदान करने के लिए दिया गया है।सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी के नेतृत्व क्षमता की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि इंडोनेशिया की साथ साथ विश्व के 33 देशों में सम्मान और सर्वोच्च सम्मान पाने वाले ये विश्व के ऐसे अकेले नेता है जिनका सामाजिक जीवन सामाजिक कार्यकताओं के लिए एक आदर्श है तथा जिनके पीछे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राजनीतिक दल के करोड़ों कार्यकताओं की भावना और प्रभाव मजबूती से है। सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी के जीवनवृत्त को हर दृष्टि से अनुकरणीय बताते हुए कहा है कि इंडोनेशिया फ्रांस अमेरिका यूएस सहित 33 में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च सम्मान पाने के बाद मोदी अब केवल भाजपा या भारत के ही नेता नहीं रह गए हैं बल्कि वैश्विक पटल पर उनका आभामंडल एक उदीयमान नक्षत्र की तरह चमक रहा है।सांसद डा ठाकुर ने नार्वे गुयाना रूस मिस्र आदि देशों में पीएम मोदी को मोदी मिले सम्मान को वैश्विक स्तर एक अमिट हस्ताक्षर बताते हुए कहा कि अमेरिकी संस्था मार्निंग कंसल्ट के वैश्विक सर्वेक्षण में पीएम मोदी को दुनियां में सबसे लोकतांत्रिक नेता के रूप में स्वीकार किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर (फाइल फोटो)।

30 अगस्त को होगा यूनेस्को क्लब ऑफ दरभंगा द्वारा 'राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता' का आयोजन

25 जुलाई को संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, राघोपुर में होगा स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

दरभंगा (एनएसबी)। यूनेस्को क्लब ऑफ दरभंगा की कार्यकारिणी समिति की एक महत्त्वपूर्ण बैठक कल्ब के अध्यक्ष बिनोद कुमार पंसारी की अध्यक्षता में बेला पब्लिक स्कूल, दरभंगा के प्रांगण में आयोजित की गई, जिसमें डॉ बी के मिश्रा, प्रो ब्रजमोहन मिश्र, डॉ गीतेन्द्र ठाकुर, डॉ ओमप्रकाश, प्रो मधु रंजन प्रसाद, डॉ आर एन चौरसिया, राघवेन्द्र कुमार, मनोरंजन कुमार अग्रवाल, डॉ एम एच खान 'राजू', रतन कुमार खेरिया, श्रवण कुमार बैरोलिया, दीपक कुमार सिन्हा, हीरा झा, अभय कुमार कश्यप, अमरनाथ साह, रामबाबू साह, डॉ विनोद साह आदि उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 25 जुलाई को संस्कृति इंटरनेशनल स्कूल, राघोपुर, दरभंगा में "स्वास्थ्य जागरूकता शिविर" का आयोजन किया जाएगा, जिसके संयोजक क्लब के हेल्थ कमिटी के अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश होंगे। डॉ ओमप्रकाश ने बताया कि इस शिविर में आंख एवं दांत शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

वार्षिक कार्यक्रम "राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता" का आयोजन दरभंगा क्लब, लहेरियासराय में 30 अगस्त (रविवार), 2026 को किया जाएगा, जिसमें दरभंगा के लगभग 17 स्कूलों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता के आयोजन समिति के संयोजक राघवेन्द्र कुमार तथा सदस्य के रूप में हीरा झा एवं अभय कुमार कश्यप होंगे। सदस्यों का स्वागत क्लब के अध्यक्ष बिनोद कुमार पंसारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधान सचिव प्रो मधु रंजन प्रसाद ने किया।

बैठक में यूनेस्को क्लब ऑफ दरभंगा के पदाधिकारी एवं सदस्य।

सखी वन स्टॉप सेंटर से प्रहरी को चकमा देकर गिरफ्तार महिला फरार

हत्या मामला में फरार चल रही महिला ने गार्ड को दिया चकमा

दरभंगा(एनएसबी)। लहेरियासराय थाना क्षेत्र के सखी वन स्टॉप सेंटर से प्रहरी को चकमा देकर गिरफ्तार महिला फरार हो गई। महिला कि पहचान साबरा खातून के रूप में हुई है। बहादुरपुर थाना की पुलिस ने सोमवार को दोपहर बाद गिरफ्तार लाई थी। देर हो जाने के कारण उसे न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसे जिले के सखी वन स्टॉप सेंटर रख दिया गया। सीसीटीवी में देखा गया है कि मंगलवार की सुबह 9:24 पर वह धीरे-धीरे टहलते हुए कैम्पस से बाहर निकली और फरार हो गई। उसके साथ एक 5 वर्ष का बच्चा भी था। महिला हत्या मामले में फरार चल रही थी जिसे गिरफ्तार किया गया था। सखी वन स्टॉप सेंटर में अपराधी को रखने की सुविधा उपलब्ध नहीं है लेकिन बहादुरपुर थाना की पुलिस के द्वारा उसे रात भर के लिए रखा गया था लेकिन वहां उपस्थित प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गई। सखी वन स्टॉप सेंटर केंद्र प्रशासक अजमतून निशा के द्वारा मंगलवार की लहेरियासराय थाना में आवेदन दिया है। महिला के फरार होने 5 घंटे बाद अपने अधिकारी सहित थाना को सूचना दी गई है। बता दें कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र के चांडी गांव के रहने वाले मोहम्मद अशफाक की 30 वर्षीय पत्नी साबरा खातून को एपीएम थाना क्षेत्र के गांव से गिरफ्तार किया गया था।

सोशल मीडिया पर पिस्टल का वीडियो पड़ा भारी, एक नाबालिग सहित 4 युवक गिरफ्तार

बेनीपुर (एनएसबी)। सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो और वीडियो वायरल करना बहेड़ा थाना क्षेत्र के चार युवकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग समेत चारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसडीपीओ बासुकीनाथ झा ने बताया कि 7 जुलाई को पिस्टल के साथ एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की।जांच और सत्यापन के बाद वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान जयंतीपुर दाथ गांव निवासी काली मुखिया के 19 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार मुखिया के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ में नीतीश ने बताया कि वीडियो में दिख रहा हथियार उसके दोस्त कुश यादव का है। कुश अलीनगर थाना क्षेत्र के धमसाईन गांव का रहने वाला है।इसके बाद पुलिस ने कुश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में कुश ने बताया कि हथियार घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर निवासी विजय सहनी के पास है। पुलिस ने विजय को पकड़ा तो उसने खुलासा किया कि उसने पिस्टल सोनू कुमार सहनी को दे दी थी।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने धेरुख गुमटी के पास से भागने का प्रयास कर रहे सोनू कुमार सहनी को एक बुलेट मोटरसाइकिल के साथ दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी पिस्टल, मैगजीन, दो जिंदा कारतूस, चार मोबाइल और बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई।एसडीपीओ ने बताया कि सभी आरोपी आपस में मित्र हैं। उनके मोबाइल की जांच में पिस्टल के साथ कई फोटो भी मिले हैं। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष पंकज कुमार, मिथिलेश राही, विक्की कुमार, सुरेन्द्र कुमार, रिया कुमारी सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

2025 की वीडियो वायरल करने के मामले में एसपी ने दी पूरी जानकारी

अफवाह फैलाने या गलत वीडियो पोस्ट साझा करने वालों पर होगी कार्रवाईः साक्षी कुमारी

बेनीपुर (एनएसबी)। बेनीपुर पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सकतपुर थाना के उजन धर्मपुर में शराब कारोबारी पर हुई पुलिस कार्रवाई का करीब एक वर्ष पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ग्रामीण एसपी साक्षी कुमारी ने मंगलवार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय में बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की।

एसपी ने बताया कि वायरल वीडियो 21 जुलाई 2025 का है। उस दिन दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे समकालीन अभियान के तहत सकतपुर थाना पुलिस ग्राम उजान धर्मपुर के पास वाहन चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक मैरून रंग की कार, जिस पर काला शीशा लगा था, पुलिस को देखकर मुड़कर भागने लगी। पुलिस ने पीछा किया। पीछे करने के क्रम में उजान लोहना रेलवे गुमटी गिर जाने के कारण कार आगे नहीं जा सकी। इसी दौरान एक व्यक्ति कार से उतरकर सफेद रंग के बोरे में सामान झाड़ी में फेंकता दिखाई दिया। पुलिस ने झाड़ी की तलाशी ली तो बोरे में विदेशी शराब मिली। एसपी के अनुसार जब वाहन चालक से गाड़ी की चेकिंग करने को कहा गया तो वह बाहर निकला और उग्र होकर पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की करने लगा। काफी प्रयास के बाद गाड़ी की जांच की गई तो उसमें से भी विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुई। शराब और गाड़ी को जप्ती सूची बनाकर जब्त कर लिया गया। जब्त शराब को कार में रखकर पदाधिकारी थाना आ रहे थे, उसी समय यह वीडियो बनाया गया था। इस मामले में वाहन चालक अखिलेश कुमार मिश्रा को गिरफ्तार किया गया था। अब इस वीडियो को भ्रामक तरीके से प्रसारित किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसा कोई वीडियो पोस्ट या शेयर ना करें जिससे विधि-व्यवस्था प्रभावित हो या किसी की भावना आहत हो। अफवाह फैलाने या गलत पोस्ट साझा करने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। प्रेस वार्ता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बासुकीनाथ झा भी मौजूद थे।

प्रेस वार्ता करते एसपी साक्षी कुमारी एवं डीएसपी बासुकीनाथ झा।

संक्षिप्त खबरें

दलसिंहसराय पीएचसी को मिले नए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ. सोनु कुमार ने संभाला पदभार

दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), दलसिंहसराय में मंगलवार को डॉ. सोनु कुमार ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद पीएचसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं कर्मियों ने विश्वास जताया कि डॉ. सोनु कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनेंगी। वहीं डॉ. सोनु कुमार ने कहा कि वे पूरी टीम के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने मरीजों को बेहतर इलाज और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना अपनी प्राथमिकता बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मौके पर डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. शिवशंकर सिंह, डॉ. आलोक कुमार मिश्रा, कैलाश राम, शिवम, साकेत सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

रंगदारी मांगने की घटना पर भड़का खाद्यान्न व्यवसायी संघ, कहा- जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बढ़ेगा भय का माहौल

दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)। खाद्यान्न व्यवसायी संघ की एक आपात बैठक आयोजित की गई, जिसमें गोला पट्टी के व्यवसायी धर्मेन्द्र कुमार साह से कथित रूप से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी दिए जाने की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। बैठक में संघ के सदस्यों ने कहा कि मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार खुद को "माफिया सिंडिकेट" का सदस्य बताने वाले व्यक्ति ने व्यवसायी धर्मेन्द्र कुमार साह से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। राशि नहीं देने पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दिए जाने का आरोप है। व्यवसायियों ने कहा कि दलसिंहसराय बाजार में पहले इस तरह की बड़ी रंगदारी की घटना सामने नहीं आई थी और इस घटना से व्यापारियों में भय का माहौल है। व्यवसायी संघ ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। संघ का कहना है कि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारियों के बीच असुरक्षा की भावना और बढ़ेगी। बैठक में संतोष कुमार सुरेका ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर किए गए दावों के बीच इस तरह की घटना चिंताजनक है। उन्होंने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर व्यापारियों में व्याप्त दहशत का माहौल समाप्त करने की अपील की, ताकि व्यवसायी निर्भय होकर अपना कारोबार कर सकें।

डाक सेवकों की एक बैठक सम्पन्न

दलसिंहसराय (एनएसबी)। मंगलवार को दलसिंहसराय मुख्य डाकघर के सभागार में दलसिंहसराय डाक अनुमंडल के कल्याणपुर, दलसिंहसराय, विद्यापति नगर, मोहिउद्दीन नगर, बघडा एवं पटोरी उप डाकघरों के सभी ग्रामीण डाक सेवकों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रॉबिन चन्द्र डाक अधीक्षक समस्तीपुर प्रमंडल के द्वारा किया गया। बैठक में विगत त्रैमासिक महीनों के कार्यो की समीक्षा की गई एवं चल रहे वितीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिये उत्साहवर्धन किया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के वरीय प्रबंधक कृष्ण कुमार द्वारा विगत वितीय वर्ष में सम्मानजनक जेनरल इन्श्योरेंस करने वाले ग्रामीण डाक सेवको को भी सम्मानित किया गया जिसमे प्रथम पुरस्कार अनीता कुमारी, द्वितीय पुरुस्कार अंशिका राज एवं तृतीय पुरस्कार संध्या सुमन को दिया गया। बैठक में दलसिंहसराय के डाक निरीक्षक धनंजय कुमार, समस्तीपुर पश्चिमी के डाक निरीक्षक मृत्युंजय कुमार , डाक अधिदर्शक संजय सुमन सहित अरुण कुमार सिंह , गौतम कुमार साह, अंशिका राज,अर्चना कुमारी , मुन्ना कुमार साह, विपिन उपाध्याय, मो रफी , संतोष कुमार सिंह , निशांत सिंह , राणा उत्तम कुमार सिंह, रणधीर कुमार मिश्रा , अभिषेक राज, सत्यम सुशांत , धर्मेंद्र कुमार, अमोद कुमार , अमन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित थे।

बिथान पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, आवास व पेंशन समेत कई आवेदनों का हुआ निष्पादन

बिथान (एनएसबी)। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार मंगलवार को बिथान पंचायत भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनसमस्याओं से संबंधित आवेदनों का निष्पादन किया गया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली बिल में सुधार तथा पीएचईडी से जुड़ी पेयजल समस्याओं के आवेदन दिए। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया, जबकि अन्य आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया। शिविर प्रभारी सह जिला बंदोबस्त पदाधिकारी विजय कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ शिविर का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर दी जा रही हैं, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। प्राप्त सभी आवेदनों का त्वरित एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। शिविर में बीडीओ आफताब आलम, सीओ रूबी कुमारी, बीपीआरओ सुनील कुमार, पीएचईडी के जेई रूबी कुमारी, मुखिया कृष्णा देवी, पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमार, पंचायत सचिव राकेश कुमार, विकास मित्र बिनोद राम एवं हरदेव मुखिया सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

बूथ सशक्तिकरण पर भाजपा की रणनीति, मंडल बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

इभारतीय जनता पार्टी वारिसनगर उत्तरी मंडल की बैठक मंगलवार को रोहुआ पश्चिमी पंचायत में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष एवं बीस सूत्री सदस्य सुधीर कुमार पोद्दार ने की, जबकि संचालन मंडल महामंत्री प्रेम कुमार ठाकुर ने किया। बैठक में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, नियमित संगठनात्मक गतिविधियां चलाने तथा प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने पर विशेष जोर दिया गया। मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार पोद्दार ने कहा कि मजबूत बूथ ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने पंचायत स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन एवं कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में रोहुआ पश्चिमी पंचायत अध्यक्ष अमरजीत, सोनू कुमार राम, मोनी ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला देवी सहित मंडल एवं पंचायत के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ठहरा पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, पांच आवेदन प्राप्त

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। पूसा प्रखंड की ठहरा पंचायत स्थित प्लस-टू गोपालपुर विद्यालय परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला कल्याण पदाधिकारी रजनीश कुमार ने की। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निष्पादन 30 दिनों के भीतर करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में जीविका के बीपीएम, प्रखंड विकास पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, मुखिया प्रतिनिधि अमित राय, कार्यपालक सहायक सतीश कुमार, लाडला प्रसाद, रामलाल सिंह, प्रमोद चौधरी, शबाना खातून, राम पुकार महतो, विपिन कुशवाहा, राजा, रंजीत राय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

जिला पंचायती राज पदाधिकारी पहुंचकर लोगों को योजनाओं के बारे में दी जानकारी

मोरवा के चार पंचायतो में सहयोग शिविर

मोरवा (एनएसबी)। समस्तीपुर जिला के प्रखंड क्षेत्र के मोरवा उत्तरी व दक्षिणी, निकसपुर एवं सारंगपुर पूर्वी पंचायत में मंगलवार को सरकार के निदेर्शानुसार सहयोग शिविर आयोजित हुआ। चार पंचायतो में आयोजित सहयोग शिविर को जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल पहुंचकर शिविर को संबोधित किया। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा बिहार में जनकल्याण को लेकर आम जनों की सुविधाओ के लिए बिहार सरकार के निदेर्शानुसार मोरवा प्रखंड के चार पंचायतों के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के कल्याणार्थ के लिए सहयोग शिविर का आयोजन किया गया है। जनकल्याण सहयोग शिविर को लेकर विशेष रूप से जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार निराला ने बताया कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्तियों व लाभार्थियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंचने का उद्देश्य से जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रमुख लाभार्थीपरक योजनाओं के अंतर्गत आवेदन, निबंधन, सत्यापन, ई केवाईसी आदि लंबित प्रकरणों का निपटारा एवं योजनाओं की लाभ का मुख्य उद्देश्य है। बीडीओ ने कहा प्रखंड क्षेत्र के सैंकड़ो लोगों को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। लोगों ने सरकार के इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहां की सहयोग शिविर से काफी लाभ मिला है। इस तरह का सहयोग सिविर सरकार आम जनमानस के फायदे के लिए लगाया है। निकसपुर पंचायत की मुखिया संजू सक्सेना ने कहा कि महिलाओं के लिए खासकर बहुत ही सिविर लाभकारी साबित हो रहा है महिलाएं खुलकर अपनी समस्या सिविर में रख रही है। और उसका समाधान भी हो रहा है खासकर निकसपुर पंचायत में बहुत समस्याएं का समाधान किया गया है पंचायत की स्थिति पहले से काफी अच्छा हुआ है। शिविर के दौरान नल जल का मुद्दा काफी छाया रहा ग्रामीणों ने पीएचडी के जेई के प्रति काफी आक्रोश थे। इसकी शिकायत भाजपा नेता दीपक ठाकुर ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी से किया। मौके पर बीडीओ अरुण कुमार नीराला, सीओ आलोक चंद्र रंजन, बीपीआरओ संजीव कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह प्रभारी बीईओ संजय कुमार, बीपीएम गोपी कृष्ण, पीओ रंजीत कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरनाथ पाठक, बिजली जेई उत्तम कुमार, मोरवा उतरी के मुखिया अरमान अली, उप मुखिया प्रतिनिधि संजय निषाद, मुखिया संजू सक्सेना, मुखिया प्रतिनिधि अरुण कुमार सक्सेना, बृजेश कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल के अधिकांश कर्मी मौजूद थे।

सहयोग शिविर में 278 आवेदन प्राप्त, 130 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

विद्यापतिनगर (एनएसबी)। प्रखंड प्रशासन द्वारा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को हरपुर बोचहा एवं बढ़ौना पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। दोनों पंचायतों में कुल 278 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 130 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों पर आवश्यक प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हरपुर बोचहा पंचायत में कुल 139 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 76 मामलों का निष्पादन किया गया। वहीं बढ़ौना पंचायत में भी 139 आवेदन मिले, जिनमें 54 मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिलाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी महताब अंसारी ने बताया कि दोनों पंचायतों में सबसे अधिक आवेदन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, विशेष रूप से वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन से संबंधित प्राप्त हुए। कई लाभुकों ने पिछले तीन महीनों से पेंशन राशि नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। ऐसे मामलों में आवश्यक जांच कर संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, बाल विकास परियोजना, जीविका, पंचायत राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। अधिकारियों ने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का बार-बार चक्कर न लगाना पड़े, इसलिए पंचायत स्तर पर ही ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुखिया प्रेमशंकर सिंह, राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा, बीपीआरओ बंटी कुमारी, सीडीपीओ, सीमा कुमारी, जीविका बीपीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर आयोजित इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया।

21 वीं अनुसंधान परिषद बैठक के दूसरे दिन चालीस से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं की प्रस्तुति

पूसा एनएसबी)। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा में 21 वीं अनुसंधान परिषद बैठक के दूसरे दिन चालीस से अधिक अनुसंधान परियोजनाओं की प्रस्तुति और गहन समीक्षा की गई। इससे पहले सोमवार को रात नौ बजे तक अनुसंधान परियोजनाओं की प्रस्तुति चलती रही। जिसके बाद कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने बताया बैठक सुबह नौ बजे से ही शुरू करने का निर्णय लिया। आज की बैठक में कोटा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ ए के व्यास और बिहार सरकार के अतिरिक्त निदेशक कृषि डॉ प्रमोद कुमार भी आज की बैठक में सम्मिलित हुए। डॉ प्रमोद कुमार बिहार सरकार के प्रधान सचिव कृषि के प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हुए। अनुसंधान परिषद की बैठक के दौरान अनुसंधान परियोजनाओं की गहन समीक्षा की गई जिसमें विशेषज्ञ के रूप में शामिल जूनागढ़ एवं नवसारी कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ ए आर पाठक एवं कोटा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ ए के व्यास ने वैज्ञानिकों से अनुसंधान को लेकर विभिन्न सवाल पूछे और जरूरी सुझाव दिया। अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि अनुसंधान का मूल उद्देश्य किसानों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की सभी परियोजनाऐं किसानों की समस्याओं पर आधारित है और उनकी गहन समीक्षा होती रहती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने पिछले चार वर्षों में बीस से अधिक प्रभेद एवं कई तकनीक जारी किया है। सोलह पेटेंट भी प्राप्त किया है। आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय के अनुसंधान कृषि को बेहतर बनाने में अहम योगदान देंगे। कोटा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के व्यास ने कहा कि पूसा विश्वविद्यालय कृषि के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के कई प्रभेदों की पूरे देश में मांग है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के अनुसंधान आने वाले दिनों में कृषि की दशा और दिशा बदल देंगे। अतिरिक्त निदेशक डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत राज्य के कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उन्होंने कहा कुलपति डॉ पांडेय किसानों के हित और अनुसंधान की ईमानदारी को लेकर बहुत सतर्क रहते हैं जिसके कारण राज्य को बहुत फायदा हो रहा था है। अनुसंधान परिषद की बैठक कल भी चलेगी जिसमें की प्रभेद और तकनीक रिलीज के लिए प्रस्तुत किया जायेगा जिसपर गहन समीक्षा के बाद उन्हें जारी किए जाने की संभावना है । आज की बैठक में कुलसचिव डॉ पी के प्रणव, निदेशक अनुसंधान डॉ ए के सिंह, डीन फिशरीज डॉ पी पी श्रीवास्तव, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, निदेशक स्कूल आफ एग्री-बिजनेस एंड रूरल मैनेजमेंट डॉ रामदत्त एवं विभिन्न वैज्ञानिक, शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम एवं एसपी ने सहयोग शिविरों का किया निरीक्षण, प्रमाण-पत्रों का वितरण

समस्तीपुर (एनएसबी)। बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं को आम लोगों तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सहयोग शिविर कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने उजियारपुर प्रखंड के बेलारी एवं मालती पंचायत में संचालित सहयोग शिविरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया, लाभुकों से बातचीत की तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। बेलारी पंचायत में जिलाधिकारी ने चार जन्म प्रमाण-पत्र, दो मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं एक आवासीय प्रमाण-पत्र सहित कुल सात प्रमाण-पत्र वितरित किए। वहीं मालती पंचायत में तीन जन्म एवं एक मृत्यु प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दलसिंहसराय किशन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

शराब माफिया का नेटवर्क ध्वस्त करने का निर्देश, बदमाशों पर कसेगा शिकंजा

बिथान (एनएसबी)। अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा शराब तस्करी पर निर्णायक कार्रवाई के उद्देश्य से बिथान थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) संजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। पटना पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर आयोजित इस हाईलेवल बैठक में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों और पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीपीओ ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड में रहकर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करें। शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराते हुए केवल शराब की बरामदगी तक सीमित न रहें, बल्कि शराब तस्करों के पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर ध्वस्त करें। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष गश्त, सघन वाहन जांच तथा संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। भूमि विवादों को गंभीरता से लेते हुए एसडीपीओ ने थाना जनता दरबार को प्रभावी बनाने तथा राजस्व अधिकारियों के समन्वय से मामलों का त्वरित और निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए अनुसंधान में तेजी लाने, वारंटियों एवं फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकताओं पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सर्किल इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने केस डायरी समय पर पूर्ण करने, साक्ष्य संकलन में आधुनिक तकनीक अपनाने और अनुसंधान की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया।

बैठक में रोसड़ा थानाध्यक्ष लाल बाबू, हथौड़ी थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, विभूतिपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार झा, शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, सिंघिया थानाध्यक्ष श्याम कुमार मेहता, हसनपुर थानाध्यक्ष सुनील कांत, बिथान थानाध्यक्ष राज किशोर राय, लरझा घाट थानाध्यक्ष राज किशोर पंडित, पीएसआई सन्नी कुमार सहित अनुमंडल के सभी पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अपराधमुक्त, सुरक्षित एवं भयमुक्त अनुमंडल बनाने का संकल्प दोहराया गया।

आर. बी. कालेज, दलसिंहसराय में नव नामांकित छात्रों हेतु दीक्षारंभ सह प्रेरण कार्यक्रम आयोजित

दलसिंहसराय (एनएसबी) मंगलवार को रामाश्रय बालेश्वर महाविद्यालय, दलसिंहसराय में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बीरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजकिशोर के नेतृत्व में स्नातक, सत्र 2026-2030 के नव नामांकित छात्रों हेतु दीक्षारंभ सह प्रेरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजकिशोर ने विषय प्रवेश कराते हुए नव नामांकित छात्रों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।आइक्यूएसी कोआर्डिनेटर डॉ. धीरज कुमार पाण्डेय ने सीबीसीएस के तहत निर्धारित पाठ्यक्रम एवं परीक्षा की रूपरेखा से छात्रों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने छात्रों से नियमित रूप से महाविद्यालय आने की अपील की।सभी विभाग के विभागाध्यक्षों ने छात्रों को अपने - अपने विभाग के बारे में विविध जानकारियां प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार सिंह ने किया। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अपूर्व सारस्वत, डॉ. सोहित राम, उदय शंकर विद्यार्थी, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. मुकेश कुमार झा, डॉ. पूर्णिमा कुमारी पोद्दार, डॉ. जवाहरलाल, डॉ. हरीश सामरिया, डॉ. निभा कुमारी सिंह, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. सुधांशु शेखर, डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ. रिषिकेश कुमार आदि सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। राष्ट्रगान की सामूहिक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

केवटी विधायक मुरारी मोहन झा ने किया सहयोग शिविर का उद्घघाटन

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के बनौली और माधोपुर बस्तवाड़ा पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घघाटन विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने किया। बनौली में मुखिया संजू कुमारी ने विधायक, डीआरडीए निदेशक भुवनेश मिश्रा, बीडीओ विक्रम भास्कर, एमओ आकांक्षा कुमारी, जिपस दिलीप यादव, सरपंच रमेश सहनी आदि को पाग चादर से सम्मानित किया। बनौली हाई स्कूल परिसर में आयोजित शिविर में विभिन्न विभाग के काउंटर लगाए गए थे। इस दौरान एक दिव्यांग चंदन राय रेंगते हुए शिविर में ट्रायसाइकिल की मांग करने पहुंचे। विधायक एवं मुखिया ने उनकी समस्या सुनकर दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेज लेकर समाज कल्याण विभाग के काउंटर पर आवेदन देने को कहा। वहीं माधोपुर बस्तवाड़ा के पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण विधायक एवं ग्रामीण खेत की पगडंडी होकर पंचायत सरकार भवन पहुंचे। जहां मुखिया संतोष पंडित माले नेता रामबाबू साह, गुड्डू यादव, पंसस शकील खान आदि ने विधायक का स्वागत किया। यहां के शिविर में बंद पड़े नल जल योजनाओं को चालू करने की मांग कई ग्रामीण करते नजर आए। विभिन्न विभाग के काउंटरों का निरीक्षण कर विधायक ने अधिकारियों एवं कर्मियों को कई निर्देश दिए। पंचायत सरकार भवन तक पहुंच पथ नहीं होने के कारण लोगों को हो रही कठिनाई को देखते हुए विधायक ने सीओ से भूमि से संबंधित जानकारी लेकर अविलंब समस्या के समाधान का निर्देश दिया। इधर, नगर पंचायत सिंहवाड़ा के चौधरी केदारनाथ प्लस टू हाई स्कूल में भी सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी अक्षय कुमार, लेखापाल चंद्रशेखर मिट्ठू आदि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घघाटन किया।

राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचानः समस्तीपुर के युवा पत्रकार रामजी कुमार का एसीजे के प्रतिष्ठित क्लाइमेट चेंज मेंटरशिप कार्यक्रम में चयन

समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)। समस्तीपुर जिले के पूसा प्रखंड अंतर्गत मलिकौर गांव के युवा पत्रकार रामजी कुमार का चयन देश के प्रतिष्ठित एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (एसीजे), चेन्नई द्वारा आयोजित क्लाइमेट चेंज मेंटरशिप प्रोग्राम-2026 के दूसरे बैच के लिए किया गया है। जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण पत्रकारिता के क्षेत्र में इसे देश ही नहीं, बल्कि एशिया के सबसे प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में से एक माना जाता है। रामजी कुमार के चयन से समस्तीपुर सहित पूरे बिहार के पत्रकारिता जगत, विशेषकर पर्यावरण एवं कृषि पत्रकारिता से जुड़े लोगों में खुशी का माहौल है। एसीजे द्वारा जारी चयन-पत्र के अनुसार यह आठ माह का मेंटरशिप कार्यक्रम 13 जुलाई 2026 से 13 मार्च 2027 तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत 13 से 24 जुलाई तक चेन्नई में आयोजित दो सप्ताह के आवासीय प्रशिक्षण शिविर से होगी। इस दौरान प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन, विज्ञान आधारित रिपोर्टिंग, डेटा जर्नलिज्म, मल्टीमीडिया स्टोरीटेलिंग, समाधान-आधारित पत्रकारिता तथा फील्ड रिपोर्टिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर देश-विदेश के वरिष्ठ पत्रकारों, वैज्ञानिकों और विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यह मेंटरशिप कार्यक्रम पत्रकारों को जलवायु परिवर्तन से जुड़े जटिल विषयों की गहन समझ विकसित करने और तथ्यों पर आधारित प्रभावी रिपोर्टिंग के लिए प्रशिक्षित करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रशिक्षण से पत्रकार पर्यावरण और जलवायु से जुड़े मुद्दों को आम लोगों तक अधिक सशक्त और प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सक्षम होंगे। रामजी कुमार की इस उपलब्धि पर पूसा प्रखंड क्षेत्र के पत्रकारों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। शुभकामना देने वालों में अभय कुमार, पूर्णेंदु कुमार राजन, देवेंद्र झा, सुभाष चंद्र कुमार, संजय कुमार राजा, विभूति कुमार, नईमुद्दीन आजाद सहित कई पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। सभी ने विश्वास जताया कि रामजी कुमार अपने प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों का उपयोग पर्यावरण और कृषि पत्रकारिता को नई दिशा देने में करेंगे।

संक्षिप्त खबरें

मधुबनी डीएम आनंद शर्मा एवं एसएसपी योगेंद्र कुमार ने मधवापुर के बासुकी दक्षिणी पंचायत स्थित जन सहयोग शिविर का किया निरीक्षण

मधुबनी (एनएसबी)। जिले के मधवापुर प्रखंड अंतर्गत बासुकी दक्षिणी पंचायत में आयोजित जन सहयोग शिविर का निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी आनंद शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र निष्पादन करना है। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बिजली, पेयजल, आधार, राशन कार्ड, पेंशन एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गई।निरीक्षण के दौरान डीएम ने लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रखा जाए। एसएसपी ने भी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आम लोगों से कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की।शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन भी दिए'

वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की

मधुबनी (एनएसबी)। भैरवस्थान थाना पुलिस द्वारा एन एच-27 पर बिदेश्वर कट के पास वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक चार पहिया वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 145.8 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने मौके से एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बरामद शराब और वाहन को जब्त कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। भैरवस्थान थाना पुलिस की इस कार्रवाई को शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

भारत नेपाल सीमा क्षेत्र के माधवपुर का किया एसपी निरीक्षण

वरीय पुलिस अधीक्षक मधुबनी योगेंद्र कुमार,जिलाधिकारी आनंद शर्मा, ने मंगलवार को एस एसबी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी,कर्मी की उपस्थिति में भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र मधवापुर थाना अन्तर्गत संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम एवं सीमावर्ती सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी दुकानदारों के साथ की गई बैठक।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेनीपट्टी अमित कुमार एवं थानाध्यक्ष की उपस्थति में माधवापुर थाना का निरीक्षण तथा लंबित कांडों की समीक्षा की गई एवं कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेनीपट्टी एवं थानाध्यक्ष की उपस्थति में साहरघाट थाना का निरीक्षण तथा लंबित कांडों की समीक्षा की गई एवं कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

खैरी बांका उत्तरी एवं सिंघिया पूर्वी में पंचायत मे सहयोग शिविर का किया गया आयोजन.

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के खैरी बांका उत्तरी एवं सिंघिया पूर्वी पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया. सहयोग शिविर की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी ने की. इस मौके पर एसडीएम सारंग पाणी पांडेय एवं डीएसपी अमित कुमार,बीडीओ बसंत कुमार सिंह, सीओ संतोष कुमार सिंह, बीपीआरओ शेखर कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ अब्दुल बासित, हेल्थ मैनेजर राजेश रंजन, टीवी विभाग के कोडीनेटर मंजर हसन, बिजली विभाग के जेई पंकज कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी हमीद गफूर, पवन कुमार यादव श्रीकांत यादव सहित कई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे. दो दर्जन से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ. जिसमें कई का निष्पादन तत्काल की गई. एसडीएम पांडेय ने कहा किं नागरिकों की विभिन्न समस्याओं के तुरंत समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्त तक पहुंचाने के उद्देश्य सहयोग शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पशुपालन श्रम, आपूर्ति, विद्युत, पेयजल एवं स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों के स्टाल भी लगाए गये. सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई. ताकि जागरूकता आए. प्रशासनिक सेवाओं को सीधे जनता तक पहुंचाना और कार्यायलयों के अनावश्यक चक्कर से लोगों को राहत दिलाना है. साथ ही शिकायतों के निपटारे में तेजी आती है और योजनाओं की जमीनी स्थिति का भी आकलन संभव होता है.

कुमरखत पूर्वी पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन एवं सहयोग शिविर का हुआ आयोजन

लदनियां (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के कुमरखत पूर्वी पंचायत के पथलगाढ़ा गांव में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का भव्य उद्घाटन समारोह सह सहयोग शिविर में उपस्थित बीडीओ राकेश कुमार ठाकुर, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी व पंचायत के मुखिया नवीन कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर पंचायत सरकार भवन का उद्घाटन एवं दीप जलाकर सहयोग शिविर का शुभारंभ किया। बीडीओ राकेश कुमार ने कहा कि कुमरखत पूर्वी पंचायत में सरकार ने एक छत के ने लोगों को सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लाभ के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवन का निर्माण लाखों रुपए के लागत से कराया है। सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को अपने काम के लिए प्रखंड, अनुमंडल व जिला का चक्कर नहीं लगाना पड़े। सरकार प्रायोजित इस सहयोग शिविर का उद्देश्य है कि लोगों की समस्या सूनने के पश्चात या प्राप्त आवेदन का समाधान एक माह के अंदर या उपस्थित अधिकारियों के स्तर से निष्पादित होने वाली समस्या का निदान शिविर में ही किए जाए। मुखिया नवीन कुमार यादव ने अपने संबोधन में लोगों को अपील करते हुए कहा कि जनमानस से जुड़े हर समस्या का समाधान पंचायत में ही है, परंतु लोगों को लगे कि हम लोगों की समस्या पंचायत के किसी भी अधिकारी के स्तर से लंबित है या किसी ने उनके मौलिक अधिकार का हन्न किया है तो वे इस तरह के आयोजित शिविर में मौजूद अधिकारियों को लिखित आवेदन देकर समस्या समाधान करा सकते हैं। सरकार के द्वारा कुमरखत पूर्वी पंचायत में सहयोग शिविर आयोजन का मुख्य उद्देश्य विकास कार्य में तेजी लाने संबधि विषयों पर विचार विमर्श किया जाना है । उक्त जनसमूह में उपस्थित प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार अमन ने चिकित्सा दलबल के साथ उपस्थित रहे और यक्ष्मा रोग से ग्रस्त ग्यारह लाभूकों के बीच पैष्टीक खाद्य पदार्थ कीट का वितरण किया गया। मुखिया नवीन कुमार ने बताया कि सरकार का उद्देश्य है कि लोगों की समस्या का समाधान जमीनी स्तर पर हो ।उपस्थित जनसमूह में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रति उत्पन्न समस्याओं को दूर करना है। परंतु सरकार के इस महत्वपूर्ण उद्देश्य का जांच पड़ताल करने से ज्ञात हुआ है कि जन-प्रतिनिधि एवं अधिकारी लोगों के समस्या पर कम ध्यान देते हैं और सरकारी आदेश का खानापूर्ति करने में मशगूल अधिक है।

डी.बी. कॉलेज में चंद्रशेखर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर विचार गोष्ठी आयोजित

जयनगर (एनएसबी)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं प्रखर समाजवादी चिंतक जननायक चंद्रशेखर की 18वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर डी.बी. कॉलेज, जयनगर में मंगलवार को ह्लचंद्रशेखर की भारत यात्रा और राष्ट्र निर्माण का दृष्टिकोणह्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने चंद्रशेखर के विचारों, उनके राष्ट्रवादी दृष्टिकोण तथा भारत यात्रा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय पासवान, भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार, वाणिज्य विभागाध्यक्ष एवं भोजपुरी सरधा मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा चंद्रशेखर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय पासवान ने कहा कि चंद्रशेखर की भारत यात्रा राष्ट्र निर्माण का एक प्रेरक मॉडल है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर के विचार आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा, नैतिक राजनीति और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे अकादमिक विमर्श नई पीढ़ी को महान नेताओं के आदर्शों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं।वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि चंद्रशेखर की भारत यात्रा भारतीय समाज और लोकतांत्रिक चेतना का जीवंत दस्तावेज है। उनका राष्ट्रवाद भारतीय संस्कृति, लोकतंत्र, सामाजिक समरसता और जनकल्याण पर आधारित समावेशी राष्ट्रवाद था। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर ने देश के गांवों, किसानों, मजदूरों और आम जनता की समस्याओं को निकट से समझने का प्रयास किया था। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रशेखर ने समाजवाद के विकसित स्वरूप को नई ऊंचाई प्रदान की और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं गोष्ठी के संयोजक डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि चंद्रशेखर का चिंतन विकसित भारत के निर्माण के लिए राष्ट्रकेंद्रित सोच और जनसंवाद का प्रेरक मॉडल प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर डॉ. स्वीटी सिंह, डॉ. भोला नाथ ठाकुर, डॉ. आनंद राज सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और जननायक स्वर्गीय चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कुसुम कुमारी, आंचल कुमारी, मुश्कान कुमारी, अमीषा कुमारी, सरफराज आलम, ईशा कुमारी, अंजलि कुमारी, सुरुचि कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन श्रद्धांजलि एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

पुष्पा अर्पित करते।

जयनगर रेलवे स्टेशन पर एटीवीएम मशीन का शुभारंभ, यात्रियों को टिकट लेने में मिलेगी सुविधा

जयनगर (एनएसबी)। रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व मुख्य कार्यालय अधीक्षक (वाणिज्य) कपिलेश्वर राम, मुख्य वाणिज्य टिकट निरीक्षक (सीसीटीआई) अर्जुन राउत तथा मुख्य स्टेशन अधीक्षक (सीएस) राम एस. राय की उपस्थिति में मशीन का विधिवत उद्घाटन किया गया। रेल अधिकारियों ने बताया कि एटीवीएम मशीन के शुरू होने से यात्रियों को टिकट लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। मशीन के माध्यम से यात्री आसानी और कम समय में अपना अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकेंगे। इससे टिकट काउंटरों पर लगने वाली भीड़ में भी काफी कमी आएगी और यात्रियों का समय बचेगा। गौरतलब है कि जयनगर रेलवे स्टेशन से वर्तमान में करीब दो दर्जन ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। नेपाल सीमा से सटे इस महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है। ट्रेनों की संख्या अधिक होने के कारण टिकट काउंटरों पर अक्सर लंबी कतारें लग जाती थीं, जिससे यात्रियों को टिकट लेने में परेशानी का सामना करना पड़ता था।

सीएमआर आपूर्ति की समीक्षा, लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

बैठक करते जिलाधिकारी

मधुबनी (एनएसबी)। समाहरणालय स्थित सभागार में जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में कल देर शाम खरीफ विपणन वर्ष (2025-26) के अंतर्गत अधिप्राप्त धान के विरुद्ध कस्टम मिल्ड राइस आपूर्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला प्रबंधक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम अजितेन्द्र किशोर, जिला सहकारिता पदाधिकारी सुदर्शन कुमार, जिले के सभी मिल संचालक तथा सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा प्रखंडवार एवं मिलवार सीएमआर आपूर्ति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जिले में अब तक मात्र 81 प्रतिशत सीएमआर की आपूर्ति की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य की तुलना में संतोषजनक नहीं है। इस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं मिल संचालकों को कड़ी चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिप्राप्त धान के विरुद्ध शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि आपूर्ति कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिले के ऐसे पैक्सों एवं मिलों की पहचान की गई जिनके यहां सर्वाधिक सीएमआर लंबित है। जिलाधिकारी ने लंबित सीएमआर आपूर्ति वाले संबंधित पैक्स अध्यक्षों, पैक्स प्रबंधकों, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों तथा मिल संचालकों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पक्ष अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित सीएमआर की आपूर्ति पूर्ण करें। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं जिला प्रबंधक को नियमित रूप से प्रगति की निगरानी करने तथा लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति तक समीक्षा की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी तथा कार्य में उदासीनता बरतने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी मिल संचालकों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत सीएमआर आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से प्राप्त करना सभी संबंधितों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी पक्षों से गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की ताकि जिले में सीएमआर आपूर्ति का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जा सके।

देवधा दक्षिणी पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, अधिकारियों ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

जयनगर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र की देवधा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय पिठवाटोल परिसर में मंगलवार को पंचायत की मुखिया ज्ञानती देवी की अध्यक्षता में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर सरकारी योजनाओं से संबंधित अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। कुल 16 आवेदन दिया गया जिसमें से 4 का ऑन स्पोर्ट निष्पादन किया गया। इस दौरान 3000 हजार रुपये का चेक कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत दिया गया। शिविर के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आम लोगों तक प्रशासनिक सेवाओं को पंचायत स्तर पर पहुंचाना है, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और किसी भी समस्या की जानकारी प्रशासन को देने की अपील की। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदानंद कुमार ने ग्रामीणों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराध से सतर्क रहने, नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार एवं अंचलाधिकारी अखिलेश चौधरी ने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, आवास, पेयजल, सड़क, बिजली, राशन कार्ड सहित अन्य मामलों से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निष्पादन कराने का भरोसा दिया। शिविर में प्रखंड कृषि पदाधिकारी नागेंद्र पूर्वे ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अश्विनी राज ने श्रमिकों को श्रम विभाग की योजनाओं एवं पंजीकरण के लाभ बताए। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राकेश कुमार ने सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी दी, जबकि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी पूनम राजीव ने शिक्षा से जुड़ी योजनाओं और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल दिया।

प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी कालीचरण, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार तथा भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पिंटू कुमार ने भी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

शिविर में प्रमाण पत्र ।

पुलिस कर्मी ने शपथ समारोह का आयोजन कर ली है शपथ

लदनियां (एनएसबी)। लदनियां थाना परिसर में तमाम पुलिस कर्मी ने शपथ समारोह का आयोजन कर ली है शपथ ।जिसमें मौजूद उप थाना अध्यक्ष पुलिस चौधरी, एसआई गजेंद्र गुप्ता, एसआई अजीत त्रिवेदी, एसआई मनीष कुमार, एसआई नीतू कुमारी सहित तमाम पुलिस कर्मियों ने दृढ़ संकल्प के साथ शपथ लिया।वही शपथ समारोह में थाना अध्यक्ष मुकुल रंजन सिंह के नेतृत्व में सभी प्रशासनिक अधिकारी व कर्मी आत्मविश्वास व आश्वाशन के साथ शपथ लिया एवं सामिलों को शपथ दिलवाई।शपथ समारोह में उपस्थित थाना अध्यक्ष ने अधिकारियों एवं कर्मियों को शपथ समारोह में इस प्रकार से शपथ लेने की अपील किया। मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हुं कि लोक सेवक के रूप में सभी कार्यों का निष्पादन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता से करूंगा। मै अपने सभी कार्यों के संचालन में संबंधित कानूनों, नियमावलीयो और प्रक्रियाओं का पालन करूंगा ,तथा सदैव जनहित को सर्वोपरी रखूंगा।

आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं निष्पादन हेतु संबंधित कर्मियों को दिए निदेश : डीएम

मधुबनी (एनएसबी)। जिलाधिकारी, आनंद शर्मा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार के द्वारा मंगलवार को मधवापुर प्रखंड के बासुकी बिहारी दक्षिणी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय बासुकी के परिसर में सहयोग शिविर का शुभारंभ एक स्थानीय बच्ची से दीप प्रजवलित कर किया गया। शिविर में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, महिला समूहों की सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

सहयोग शिविर में पोर्टल के माध्यम से विभिन्न समस्याओं से संबंधित पंचायत से संबंधित 70 से अधिक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित आवेदन अधिक था, जिसमें में से 68 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया। वही शिविर के माध्यम से लगभग 150 से अधिक आवेदन जमा किया गया।* पंचायत स्तर पर आयोजित इस शिविर में प्रशासन गांव तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं के समाधान एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य किया।

सहयोग शिविर के द्वारा आमजनों को सरकारी योजनाओं की जानकारी उनके पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराना, समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई तथा लोगों के आवेदन एवं शिकायती आवेदनों को प्राप्त किया गया।* *प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कारवाई करते हुए मौके पर ही निष्पादन भी किया गया, जिससे लोगों में विश्वास का माहौल बनता देखा गया। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने शिविर में उपस्थित एक-एक ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई एवं समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया। ग्रामीणों के द्वारा पंचायत में जलजमाव की समस्या, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एम.बी.बी.एस. चिकित्सक का पदस्थापन करने, पंचायत में नल-जल योजना सुचारू रूप से संचालित नही होने, बिजली का तार नीचे लटके होने तथा डिग्री कॉलेज की स्थापना प्रखंड मुख्यालय कराने सहित अन्य सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। जिसपर जिलाधिकारी द्वारा त्वरित कारवाई का आश्वासन दिया गया गया।

उद्घाटन करते जिलाधिकारी।

जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के द्वारा श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार की ओर से बिहार भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड अंतर्गत विवाह योजना के लाभुक ईश्वर देव पंडित को 50 हजार का चेक सौंपा।बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा (संशोधन) योजना की लाभुक गुड़िया देवी को 2 लाख रुपये का चेक सौपा गया।* वही बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना की लाभुक ममता देवी को भी 2 लाख रुपये का चेक दिया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत स्तरीय/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें तथा आमजनों की समस्याओं को निर्धारित समयसीमा के अंदर करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक पहुँचे इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शिविर में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाय।

तत्पश्चात वरीय पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार के द्वारा भी पुलिस से संबंधित कार्यो एवं डायल 112 के माध्यम से त्वरित सहायता पहुचाए जाने आदि के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए तथा अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। शिविर के माध्यम से योजनाओं की जानकारी एवं प्रशासनिक सेवाएं गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं, जिससे पंचायतों के लोगों के समय एवं संसाधनों की बचत हो रही है।आज जिले के कुल 26 पंचायतों एवं जिले के सभी नगर निकायों के 15 वार्डो में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। सभी शिविरों में जिलास्तरीय वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंडों के सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं के समाधान एवं योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने में सक्रिय रहे।सहयोग शिविर में पुलिस अधीक्षक, योगेंद्र कुमार, डीपीओ, आईसीडीएस, ललिता कुमारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, राजेश कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, नितेश पाठक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकार सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

किराना दुकान की आड़ में चल रहा था चरस का कारोबार, 30 लाख की चरस बिहार एसटीएफ व पुलिस ने जब्त की

चार किलो चरस के साथ पुराना हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। औराई थाना क्षेत्र के मधुबन वार्ड 15 स्थित एक किराना दूकान में सोमवार की देर रात बिहार एसटीएफ एवं औराई थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर चार किलो चरस के साथ एक पुराने हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर लिया। गुप्त सुचना पर की गई इस कार्रवाई में किराना दुकानदार वार्ड 15 निवासी बिन्देश्वर साह के पुत्र मुन्नू कुमार उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया गया है। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है।

मंगलवार को यह जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने बताया कि मुन्ना कुमार किराना दुकान की आड़ में लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी कर रहा था। तलाशी के दौरान उसके दुकान से चार किलो चरस और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। इस मामले में औराई थाना कांड संख्या 224/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में औराई पुलिस ने बताया आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उसके मोबाइल फोन की जांच कर पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि चरस की खेप कहां से लाई गई और किन-किन लोगों तक इसकी आपूर्ति की जाती थी। पुलिस आरोपी के अन्य सहयोगियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। प्रारंभिक जांच में इसका नेटवर्क सीमावर्ती जिले सीतामढ़ी और शिवहर तक होने की बात सामने आई है। पुलिस ने पूर्व में मिली सुचना के आधार पर बताया कि नेपाल के सीमावर्ती इलाके से प्रतिबंधित मादक पदार्थ चरस मंगाकर आरोपी किराना दुकान से औराई सहित पड़ोस के जिले तक बेच रहा था।

किराना दुकान से चरस की तस्करी किए जाने संबंधी मामले की जानकारी देते ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर एवं पुलिस की गिरफ्त में तस्कर।

नेपाल के सीमावर्ती इलाके से प्रतिबंधित मादक पदार्थ मंगाकर किराना दुकान से औराई सहित पड़ोस के जिले तक बेच रहा था

पुलिस के अनुसार मुन्नू साह का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। वह पूर्व में भी वर्ष 2025 में औराई थाना क्षेत्र के भरथुआ रिंग बांध पर 2,379 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में उसके नौ अन्य सहयोगियों पर भी कांड संख्या 137/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी। औराई थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच आगे बढ़ने के साथ इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

व्याकरण विभाग के पाँच पूर्व छात्र-छात्राओं को सुलभ छात्रवृत्ति

दरभंगा (एनएसबी)। सत्र 2019-21 के आचार्य तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के पूर्व छात्र-छात्राओं को व्याकरण विभाग में सुलभ छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर विभाग के पाँच विद्यार्थियो देवेश कुमार झा, गजेन्द्र कुमार झा, दीपक कुमार, शालिनी तथा जवाहर पंडित प्रत्येक को 7,500 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. सीताचरण झा, साहित्य संकायाध्यक्ष प्रो. दयानाथ झा, डॉ. साधना शर्मा, डॉ. एल. सविता आर्या, डॉ. यदुवीर स्वरूप शास्त्री तथा डॉ. रामसेवक झा ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सहायक आचार्य डॉ. साधना शर्मा, डॉ. एल सविता आर्या एवं डॉ. यदुवीर स्वरूप शास्त्री सहित कई लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

तीन यक्ष्मा मरीजों को गोद लेकर डीएम बने निक्षय मित्र

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत समाहरणालय प्रांगण में जिलाधिकारी कुमार गौरव ने मंगलवार को तीन यक्ष्मा मरीजों को गोद लेकर न्यूट्रीशन सपोर्ट उपलब्ध कराया। साथ ही मंगलवार को विभिन्न निक्षय मित्रों के सहयोग से जिले में कुल 70 यक्ष्मा मरीजों को न्यूट्रीशनल सपोर्ट के रूप में फूड बास्केट का वितरण किया गया। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में हो रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, स्कूल कॉलेज के प्राचार्यों एवं अन्य समृद्धशाली लोगो से निश्चय मित्र बनने कि अपील करते हुए जिले में ईलाजरत सभी यक्ष्मा मरीजों को न्यूट्रीशनल सपोर्ट के रूप में फूड बॉस्केट उपलब्ध कराने की अपील की।

सक्षम व्यक्तियों और संस्थानों से न्यूट्रीशनल सपोर्ट के रूप में यक्ष्मा मरीजों को फूड बॉस्केट उपलब्ध कराने की अपील

समाहरणालय प्रांगण में फूड बास्केट का वितरण करते जिलाधिकारी।

उन्होंने कहा कि जन भागीदारी से ही जिला से यक्ष्मा उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉक्टर सी के दास ने बताया गया कि हमारे यहां सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर यक्ष्मा की जांच, ईलाज एवं दवा निःशुल्क उपलब्ध है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में जांच किट एवं सामग्री तथा दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हुए इसकी संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। इलाज अवधि में न्यूट्रीशन सपोर्ट मिलने से क्योर रेट बढ़ने की संभावना होती है। दवा के साथ-साथ पौष्टिक आहार का सेवन भी अनिवार्य है ताकि रोग से लड़ने की क्षमता विकसित हो सके। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले में 332 मरीजों को न्यूट्रीशन सपोर्ट उपलब्ध करवाया गया है। विगत वर्ष में कुल 86 पंचायतों को हमलोगों द्वारा टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है एवं वर्तमान वर्ष में भी तय लक्ष्य के अनुसार पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किए जाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं।

मुजफ्फरपुर के पताही एयरपोर्ट से जल्द शुरू होगी उड़ान, 2027 तक तैयार होगा नया टर्मिनल भवन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार में सड़क और रेल के साथ-साथ अब हवाई संपर्क को भी तेजी से विस्तार दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर के बहुप्रतीक्षित पताही एयरपोर्ट के विकास कार्य में तेजी लाई गई है। जल्द ही यहां से छोटे विमानों का परिचालन शुरू करने की तैयारी है। एयरपोर्ट को कोड-बी एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिससे उत्तर बिहार की हवाई कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिलेगी। मिली जानकारी के अनुसार पताही एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का निर्माण जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं रनवे निर्माण के लिए अगले 10 दिनों में टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विकास के प्रथम चरण का कार्य जुलाई से शुरू हो चुका है, जिस पर करीब 43 करोड़ 13 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में लगभग 23 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन, आधुनिक टर्मिनल भवन, फायर स्टेशन समेत अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा। निर्माण एजेंसी को 11 माह के भीतर यह कार्य पूरा करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रथम चरण में पताही एयरपोर्ट से छोटे विमानों का संचालन होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए टर्मिनल भवन की क्षमता ऐसी बनाई जा रही है कि एक समय में लगभग 150 यात्रियों का आवागमन सुचारु रूप से हो सके। पताही एयरपोर्ट के शुरू होने से मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार के कई जिलों के लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी। इससे व्यापार, उद्योग, पर्यटन और निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

अनाधिकृत रूप से पार्टी के पदाधिकारी का नेम प्लेट तथा झंडा का प्रयोग करने वाले पर कराएंगे प्राथमिकी : राजद जिलाध्यक्ष

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जुरन छपरा स्थित राजद जिला कार्यालय में मंगलवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहां की जिला में जो पार्टी के पदाधिकारी है, उनकी सूची प्रदेश कार्यालय को समर्पित किया गया है और जो सूचिबद्ध है, वही पदाधिकारी नेम प्लेट तथा पार्टी के झंडा का प्रयोग कर सकते है। अनाधिकृत व्यक्ति अगर नेम प्लेट या झंडा का प्रयोग करते है तो उनके विरुद्ध पार्टी के स्तर पर कार्रवाई की जाएगी तथा जरूरत पड़ी तो प्राथमिकी भी दर्ज कराएंगे।

मौके पर उपस्थित छात्र राजद के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में छात्र राजद की कोई कमिटी नहीं है। साजिश के तहत या निजी लाभ के लिए कुछ लोग स्वयं को पार्टी का पदाधिकारी बताकर पार्टी का नेम प्लेट लगाकर तथा झंडा का दुरूपयोग कर पार्टी को बदनाम करने में लगे है। वही छात्र राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अपहरण और मारपीट मामले में जिसका नाम आया है या जिन्हे गिरफ्तार किया गया है। वह व्यक्ति उनके कमिटी में है हीं नहीं। उन्होंने कहा कि सूची में भी उसका नाम कही नहीं है। इस बात से प्रदेश को अवगत कराया गया है और पार्टी की ओर से स्थानीय पुलिस को भी कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

प्रेसवार्ता करते राजद जिलाध्यक्ष एवं छात्र राजद के प्रदेश व जिला के पूर्व पदाधिकारी।

प्रेस वार्ता कार्यक्रम में राजद जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता के साथ छात्र राजद का पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार, छात्र राजद के पूर्व जिला अध्यक्ष अविनाश कुमार उर्फ राजाबाबू, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मो सज्जाद, युवा राजद के प्रदेश महासचिव विक्रांत यादव व विकास सहनी उपस्थित थे।

रक्षामंत्री से मिले विधायक रंजन कुमार

चक्कर मैदान को आमजन के लिए खोलने तथा 5.52 करोड़ की नाला योजना का लंबित पड़े कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रंजन कुमार ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर शहर के ऐतिहासिक चक्कर मैदान को पुनः आम नागरिकों के लिए खोलने तथा 5.52 करोड़ की स्वीकृत नाला निर्माण योजना में आ रही स्थानीय बाधाओं को दूर कर अविलंब निर्माण कार्य शुरू कराने का अनुरोध किया है।

इस मामले को लेकर उन्होंने केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को ज्ञापन भी दिया है। सौपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि चक्कर मैदान वर्षों तक शहर के लोगों के लिए मॉर्निंग वॉक, खेलकूद, व्यायाम और सामाजिक गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता रहा है। लेकिन वर्ष 2018 के बाद स्थानीय स्तर पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण आम लोगों का प्रवेश बंद हो गया, जिस कारण नगर के लोगो को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विधायक रंजन कुमार ने ज्ञापन के माध्यम से रक्षामंत्री को बताया है कि चक्कर मैदान के आसपास आईजीआईएमएस परिसर, जिला अतिथि गृह, प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, डीआईजी आवासीय कार्यालय, विद्यालयों एवं घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के बावजूद इलाके में जल निकासी की गंभीर समस्या बनी हुई है।

इसके समाधान के लिए 5.52 करोड़ की नाला निर्माण योजना को तकनीकी स्वीकृति मिल चुकी है तथा प्रारंभिक राशि भी आवंटित की जा चुकी है, लेकिन स्थानीय स्तर की बाधाओं के कारण निर्माण कार्य वर्षों से शुरू नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में विधायक ने यह भी उल्लेख किया है कि रक्षा संपदा अधिकारी दानापुर द्वारा आवश्यक एनओसी जारी की जा चुकी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि इस परिसर में सेना की कोई स्थायी गतिविधि संचालित नहीं होती है, इसलिए आम नागरिकों के प्रवेश एवं नाला निर्माण कार्य से राष्ट्रीय सुरक्षा या सैन्य गतिविधियों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

रंजन कुमार ने रक्षा मंत्री से अनुरोध किया है कि जनहित एवं लोककल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित सैन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए चक्कर मैदान को पुनः आम नागरिकों के लिए खोलने तथा वर्षों से लंबित 5.52 करोड़ की नाला निर्माण योजना का कार्य बिना किसी विलंब के प्रारंभ कराने की मांग की है।

केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मिलकर उन्हें बुके देकर स्वागत करते मुजफ्फरपुर विधायक रंजन कुमार।

विधायक रंजन कुमार ने विश्वास व्यक्त किया कि रक्षा मंत्री के सकारात्मक हस्तक्षेप से मुजफ्फरपुर शहर के लाखों लोगों को जलजमाव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी और शहर की ऐतिहासिक धरोहर चक्कर मैदान एक बार फिर नागरिकों के उपयोग के लिए उपलब्ध हो सकेगा।

बीआरए बिहार विवि में वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता कार्यशाला आयोजित

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग स्थित सरस्वती सभागार में मंगलवार को अटत्रक्ष एवं क्क्ट बोधगया के संयुक्त तत्वावधान तथा हिंदी विभाग के संयोजन में वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सत्र के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन, सुरक्षित निवेश, म्यूचुअल फंड तथा निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। कार्यशाला के समापन के बाद विद्यार्थियों के लिए रएइक निवेशक जांच परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को रएइक की ओर से प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए।

विद्यार्थियों ने दी SEBI निवेशक परीक्षा

कार्यशाला का संचालन IIM बोधगया के MBA छात्र सौविक पांडेय ने किया। इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो कुमारी आशा, प्रो सुधा कुमारी, प्रो कल्याण कुमार झा, डॉ राकेश रंजन, डॉ उज्ज्वल आलोक एवं डॉ साक्षी शालिनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ सुशांत कुमार ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से वित्तीय निर्णय सोच-समझकर लेने तथा निवेश संबंधी सही जानकारी प्राप्त करने की अपील की।

मुजफ्फरपुर में सफर होगा महंगा, तीन प्रमुख पुलों व दो स्टेट हाईवे पर नवंबर से लगेगा टोल टैक्स

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में आने वाले महीनों में सड़क यात्रा महंगी होने जा रही है। नई टोल नीति के तहत मुजफ्फरपुर के तीन प्रमुख पुलों और दो स्टेट हाईवे पर टोल टैक्स वसूली की तैयारी तेज हो गई है। विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद नवंबर 2026 से टोल वसूली शुरू होने की संभावना है। नई व्यवस्था के तहत साहेबगंज का बंगरा घाट पुल, मीनापुर का रघई घाट पुल और बंदरा का पिलखी पुल टोल के दायरे में आएंगे। इसके अलावा स्टेट हाईवे-74 और स्टेट हाईवे-86 पर भी टोल टैक्स लागू किया जाएगा।

पुल निर्माण निगम के वरीय परियोजना अभियंता आलोक कुमार ने बताया कि तीनों पुलों पर टोल वसूली को लेकर मुख्यालय स्तर पर नीति तय की जा चुकी है। ट्रैफिक सर्वे पूरा कर उसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है। विभागीय निर्देश मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। करीब 5 किलोमीटर लंबा बंगरा घाट पुल मुजफ्फरपुर को गोपालगंज से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। इस पुल से प्रतिदिन लगभग 25 से 30 हजार वाहन गुजरते हैं, जिससे इसका व्यावसायिक महत्व भी काफी अधिक है। वहीं रघई घाट पुल बूढ़ी गंडक नदी पर बना है और कांटी, मीनापुर तथा शिवहर के बीच आवागमन का प्रमुख मार्ग है। इस पुल से करीब दो लाख आबादी को सीधा लाभ मिलता है और प्रतिदिन 15 से 20 हजार वाहन यहां से गुजरते हैं। वहीं पिलखी पुल बंदरा को दरभंगा से जोड़ने वाला अहम संपर्क मार्ग है। इस पुल पर भी रोजाना 20 हजार से अधिक वाहनों का आवागमन होता है। तीनों पुल दो लेन के हैं और लगभग 12 मीटर चौड़े हैं। नई नीति के तहत एसएच -74 (वैशालीझअरेराज मार्ग) और एसएच-86 (मोतीपुरझसाहेबगंज मार्ग) पर भी टोल वसूला जाएगा। विभागीय गाइडलाइन के अनुसार, 250 मीटर से अधिक लंबाई वाले पुल और चयनित राज्य राजमार्गों पर टोल लागू किया जाएगा। राज्य सरकार ने विभिन्न श्रेणी के वाहनों के लिए प्रति किलोमीटर टोल दरें भी निर्धारित कर दी हैं। इसके अनुसार—

लंबी पुलों पर टॉल टैक्स वसूलने की हो रही तैयारी।

कार, जीप और वैन जैसे हल्के वाहनों से 1.25 रुपये प्रति किमी,छोटे व्यवसायिक वाहनों से 2 रुपये प्रति किमी,दो एक्सल वाले बस और ट्रक से 4.25 रुपये प्रति किमी,सात या उससे अधिक एक्सल वाले भारी वाहनों से 8.10 रुपये प्रति किमी टोल वसूला जाएगा। टोल व्यवस्था लागू होने के बाद इन मार्गों पर यात्रा करने वाले लोगों और व्यवसायिक वाहनों की परिवहन लागत बढ़ने की संभावना है। हालांकि सरकार का कहना है कि टोल से मिलने वाली राशि का उपयोग सड़क और पुलों के रखरखाव एवं बेहतर आधारभूत सुविधाओं के विकास में किया जाएगा।

राष्ट्रकवि दिनकर की चर्चित कृति के लेखन एवं प्रकाशन की हीरक जयंती के परिप्रेक्ष्य में हुई संगोष्ठी

रश्मिरथी सामाजिक समरसता का दर्शन है : संजय पंकज

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की चर्चित कृति रश्मिरथी के लेखन एवं प्रकाशन की हीरक जयंती के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को नगर के माड़ीपुर हनुमान नगर स्थित पार्वती सदन में डॉ अशोक शर्मा की अध्यक्षता में दिनकर की रश्मिरथी एक संवाद विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ संजय पंकज ने अपने भवोद्गार में कहा कि दिनकर केवल राष्ट्रीय भाव के ही नहीं बल्कि सामाजिक चेतना के भी बड़े कवि थे। रश्मिरथी दिनकर जी की कालजयी कृति है, जो सामाजिक समरसता को व्यापक संदर्भों में प्रस्तुत करती है। जाति और सत्ता के पाखंड को ध्वस्त करने वाली यह कृति वैश्विक मनुष्यता के पक्ष में मजबूती से खड़ी होती है।

महाभारत के पराक्रमी योद्धा कर्ण के पुरुषार्थ और शौर्य की प्रतिष्ठा करते हुए दिनकर जी ने यह प्रतिपादित किया है कि सत्ता के लिए किसी वंश परंपरा की अनिवार्यता नहीं है। प्रतिभाशाली और उत्तम मनुष्य कहीं भी किसी भी परिस्थिति में पैदा होकर विकसित हो सकता है। मनुष्य का आचरण ही उसे महान बनाता है। हीन वंश में पलने के बावजूद कर्ण की विलक्षणता राजकुल पर भारी पड़ती है। अपमान के अवसर पर दुर्योधन ने जो सम्मान दिया है उस कृतज्ञता और मित्रता से कर्ण कभी उबड़ नहीं सका। वह साहस, दानशीलता, पराक्रम, मित्रता से भरा हुआ अद्भुत व्यक्तित्व है जिसके चरित्र को दिनकर जी ने अपनी रचनात्मकता से विराट बना दिया है। डॉ पंकज ने कहा कि सामाजिक न्याय को पुष्ट करने वाला यह खंडकाव्य रश्मिरथी भाव, भाषा और विचार के कारण लोकप्रिय है।

संगोष्ठी में मंचासीन वकता गण।

रश्मिरथी वीरता की गाथा है, जातिवाद के विरुद्ध प्रहार है, राजकीय अन्याय का प्रतिकार है। रश्मिरथी जनतांत्रिक गीता है, सांस्कृतिक संवेदना है और भारतीय दर्शन है। साहित्य की यह अनमोल धरोहर लोक मूल्यों को करुणा, प्रेम, सद्भाव और समरसता के बीच स्थापित करने में सक्षम है। आज पूरे देश में राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास दिल्ली के द्वारा रश्मिरथी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। डॉ मनोज कुमार ने कहा कि दिनकर जी ने समाज को जोड़ते हुए व्यक्ति के आंतरिक गुणों का महिमा मंडन किया है। रश्मिरथी अतुलनीय काव्य सृजन है। दिनकर जी का रचनात्मक समर्थ है कि उन्होंने किसी को भी खलनायक नहीं बनाया है बल्कि कर्ण को एक बड़े चरित्र नायक के रूप में प्रतिष्ठित किया है। अपने अध्यक्ष के उद्गार में डॉ अशोक शर्मा ने कहा के देश को पहला राष्ट्रपति और राष्ट्रकवि देने का गौरव मुजफ्फरपुर को प्राप्त है।

दिनकर जी ने यहीं से रश्मिरथी का लेखन और प्रकाशन किया था। प्रकाशन के 75 वर्ष पूरे हो गए। रश्मिरथी पर व्यापक संवाद की श्रृंखला शुरू होनी चाहिए। प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि दिनकर जी आज भी लोकप्रिय हैं। पूरे देश में उनकी पंक्तियां उद्धृत की जाती हैं। वे लंगट सिंह महाविद्यालय में हिंदी के प्राध्यापक रहे। मुजफ्फरपुर का दायित्व बनता है कि दिनकर साहित्य पर वह चर्चा ही नहीं करे बल्कि उसे जन-जन तक पहुंचाए। एच एल गुप्ता ने कहा कि हम लोग बोलते हैं - जब नाश मनुज पर छाता है पहले विवेक मर जाता है - लेकिन आज पता चला कि यह रश्मिरथी की पंक्ति हैं। संजय पंकज ने रश्मिरथी के कई अंशों का पाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रेमभूषण ने कहा कि अनेक राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित दिनकर का रचनात्मक व्यक्तित्व वैश्विक है। रश्मिरथी बुद्धिजीवियों से लेकर आमजन तक की जुबान पर अपनी पंक्तियों के साथ मौजूद है।

सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें : डीएम

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने मंगलवार को बथनाहा प्रखंड के ग्राम पंचायत परिसर, मौदह में एवं सुरसंड प्रखंड की बघाड़ी पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में भाग लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सहयोग शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन एवं शिकायत का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों को अविलंब सहयोग पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्र, पेयजल, स्वास्थ्य, आवास तथा अन्य जनसेवा से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया।

बघाड़ी में सहयोग शिविर को सम्बोधित करते जिलाधिकारी रिची पाण्डेय व उपस्थित अन्य।

मौदह में सहयोग शिविर का उद्घाटन करते जिलाधिकारी रिची पाण्डेय व उपस्थित अन्य।

ग्रामीणों से प्राप्त फीडबैक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं सरल तरीके से पहुँचना चाहिए। उन्होंने बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने पंचायत स्तर पर कार्यरत सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे प्रत्येक कार्य दिवस अपने-अपने पंचायत सरकार भवन/पंचायत कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, ताकि आमजन को स्थानीय स्तर पर सभी सरकारी सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जा सके। बिना उचित कारण अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों को जनहित के प्रति संवेदनशील, उत्तरदायी एवं पारदर्शी कार्यशैली अपनाते हुए आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

सहयोग शिविर के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, पुपरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बघाड़ी पंचायत के मुखिया, प्रखंड प्रमुख, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, पंचायत स्तरीय कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

दरभंगा सदर एवं मनीगाछी में सहयोग शिविर में विधायक ईश्वर मंडल ने सुनीं समस्याएं

मनीगाछी (एनएसबी)। बिहार सरकार की पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर योजना के तहत दरभंगा ग्रामीण विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने दरभंगा सदर प्रखंड के घोरघट्टा एवं नैनाघाट तथा मनीगाछी प्रखंड के राजे एवं बलौर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविरों का उद्घाटन किया।इस अवसर पर विधायक श्री मंडल ने आम लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों और शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाना है। सहयोग शिविर इसी उद्देश्य की प्रभावी कड़ी हैं। वहीं राजे पंचायत में नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के उद्घाटन मौके पर विधायक श्री मंडल ने ग्रामीणों को बधाई दी।

संक्षिप्त खबरें

चाकू-रॉड से हमला कर दो युवकों को किया लहूलुहान, तीन आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के पुनौरा थाना क्षेत्र में बीते सोमवार की देर रात्रि मामूली कहासुनी का विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि 6-7 अपराधकर्मियों ने चाकू एवं लोहे की रॉड से हमला कर दो युवकों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुनौरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित पक्ष के फर्दबयान के आधार पर पुनौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में गौशाला चौक वार्ड संख्या-8 निवासी अमितेश कुमार (पिता- नवल किशोर ठाकुर), कोट बाजार वार्ड संख्या-17 निवासी किशन कुमार, सन्नी कुमार (पिता- रमण मंडल), अमितेश कुमार (पिता- नवल किशोर ठाकुर), देवेश कुमार (पिता- अशोक कुमार) समेत 6-7 अज्ञात अपराधकर्मियों को नामजद किया गया है। घटना में पुनौरा थाना क्षेत्र के पुनौरा वार्ड संख्या-7 निवासी आनन्द कुमार रंजन एवं प्रिंस कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में दोनों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुनौरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपियों में अमितेश कुमार, सन्नी कुमार एवं देवेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुनौरा थानाध्यक्ष रमन राज ने बताया कि पीड़ित पक्ष के फर्दबयान के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में अन्य नामजद एवं अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कानून के दायरे में लाया जाएगा तथा मामले की हर पहलू से जांच जारी है।

मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप, 6-7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज; फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की छापेमारी जारी

सीतामढ़ी धाम में 'माता की रसोई' के तहत 80 से अधिक जरूरतमंदों को कराया गया भोजन

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में मंगलवार, 7 जुलाई 2026 (जुलाई माह के प्रथम मंगलवार) को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 'माता की रसोई' का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मंदिर परिवार एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा माता वैष्णो देवी की विशेष पूजा-अर्चना एवं संध्या आरती से हुई। इसके उपरांत माता रानी को चावल, दाल, आलू-परवल की रसेदार सब्जी तथा भुनी हुई मिर्च का भोग अर्पित किया गया। भोग के पश्चात मंदिर के अतिथि गृह में पाटिया पर बैठाकर 80 से अधिक जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को श्रद्धापूर्वक भरपेट भोजन कराया गया। इस अवसर पर सेवा को ही सच्ची भक्ति का संदेश दिया गया। इस पुण्य कार्य का सहयोग आशीर्वाद हॉस्पिटल, नाहर चौक, सीतामढ़ी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अमित वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी, सुप्रसिद्ध महिला चिकित्सक डॉ. सुनीता वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, महासचिव राजीव कुमार राजा तथा समाजसेवी रोहित कुमार की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। 'माता की रसोई' के माध्यम से नियमित रूप से जरूरतमंदों की सेवा का यह अभियान श्रद्धालुओं के बीच सेवा, समर्पण और मानवता का प्रेरणादायी संदेश दे रहा है।

मंदिर के अतिथि गृह में जरूरतमंदों को श्रद्धापूर्वक भोजन कराते श्रद्धालु।

सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : विधायक

कांटी(एनएसबी)। काँटी प्रखंड के पानापुर पंचायत के हरचंदा पंचायत सरकार भवन परिसर में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर का उद्घाटन स्थानीय विधायक ई अजीत कुमार ने किया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनसमस्याओं से जुड़े लगभग 300 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, कृषि नलकूप सहित अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन बड़ी संख्या में आए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने आवेदनों की जांच कर कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निस्तारण किया, जबकि शेष आवेदनों को नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। इस अवसर पर विधायक ई. अजीत कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिले।

RTPS के क्रियान्वयन में सीतामढ़ी ने हासिल किया राज्य में दूसरा स्थान

सीतामढ़ी (एनएसबी)। राज्य स्तरीय आरटीपीएस रिपोर्ट के अनुसार 28 जून 2026 से 05 जुलाई 2026 की साप्ताहिक अवधि में सीतामढ़ी जिले में कुल 2,094 आवेदन प्राप्त हुए तथा जिले का एप्लीकेशन रिसीविंग रेश्यो (वीकली) 8.12 दर्ज किया गया, जो पूरे बिहार में सर्वोच्च है।

वहीं 05 जून 2026 से 05 जुलाई 2026 की मासिक अवधि में जिले में कुल 7,105 आवेदन प्राप्त हुए तथा एप्लीकेशन रिसीविंग रेश्यो (मंथ - वाइज) 27.54 रहा, जो राज्य में दूसरा सर्वोच्च है तथा जो जिले में आरटीपीएस सेवाओं के प्रति नागरिकों की बढ़ती पहुँच एवं प्रभावी सेवा वितरण व्यवस्था को दशार्ता है। सीतामढ़ी को पूरे बिहार में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह जिले के प्रशासनिक तंत्र, अधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिबद्धता तथा आम नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जिले में लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा नागरिकों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन लगातार उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।भविष्य में भी आम नागरिकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने, लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए सतत प्रयास जारी रहेंगे।

सीतामढ़ी जिले ने लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन में हासिल की है एक और उल्लेखनीय उपलब्धि

जिला प्रशासन ने इस उपलब्धि पर सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए इसे जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम बताया तथा उम्मीद जताई कि आने वाले समय में सीतामढ़ी राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने की दिशा में और अधिक बेहतर प्रदर्शन करेगा।

जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर संचालित पंचायत सरकार भवनों एवं पंचायत भवनों में पदस्थापित कर्मियों की नियमित उपस्थिति एवं कार्य संस्कृति को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर उपस्थिति सुनिश्चित करने, समयबद्ध सेवा वितरण तथा आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है। इन सतत प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। पंचायत सरकार भवनों में कर्मियों की उपस्थिति पहले की तुलना में अधिक नियमित एवं सुदृढ़ हुई है, जिससे आरटीपीएस सेवाओं के संचालन में उल्लेखनीय सुधार आया है और आम लोगों को समय पर सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

नगर में 2 अगस्त को निकलेगी महाकाल शाही पालकी यात्रा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। महाकाल सेवा दल की ओर से आगामी 2 अगस्त को नगर में भव्य महाकाल शाही पालकी यात्रा निकाली जाएगी। इस आयोजन की तैयारी को लेकर सेवादल द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्रा को उज्जैन की विश्व प्रसिद्ध शाही सवारी की तर्ज पर अधिक भव्य, अनुशासित और जन-कल्याणकारी स्वरूप देने का संकल्प लिया गया।

महाकाल सेवादल के अध्यक्ष आकाश चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समाज के जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों और युवा कार्यकताओं ने भाग लिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यात्रा में डीजे के स्थान पर शंख, डमरू और भजन मंडलियों को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं स्वयंसेवकों की तैनाती कर अनुशासन और भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही बाबा महाकाल सबके हैं के संदेश के साथ सभी धर्म और सभी समाज के लोगों की सहभागिता पर विशेष जोर दिया जाएगा।

महाकाल शाही पालकी यात्रा के आयोजन को लेकर हुई बैठक में आयोजन की रुपरेखा पर चर्चा करते महाकाल सेवा दल संगठन के पदाधिकारी।

प्रत्येक वार्ड से युवाओं को महाकाल सेवादार बनाकर उन्हें व्यवस्था, सुरक्षा और सोशल मीडिया प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यात्रा के दौरान एंबुलेंस, चिकित्सा दल, पेयजल तथा महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया। अध्यक्ष आकाश चौधरी ने कहा कि उद्देश्य केवल पालकी यात्रा निकालना नहीं है, बल्कि भक्ति, सेवा, स्वच्छता और सामाजिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। वहीं एलएनटी की प्राचार्या डॉ ममता रानी ने बताया कि कॉलेज की एनसीसी छात्राएं बैंड के साथ परेड करते हुए पालकी यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। बैठक में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों ने धर्म के साथ सेवा के संकल्प को मजबूत करने के लिए अपने सुझाव दिए। यह भव्य महाकाल शाही पालकी यात्रा आगामी 2 अगस्त को संध्या 3 बजे सिकंदरपुर सीढ़ी घाट से प्रारंभ होगी। बैठक में संजीव साहू, भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विवेक कुमार, बबलू चौधरी, सीए शशिभूषण, बाबा गरीबनाथ धाम के महंत अभिषेक पाठक, डॉ ममता रानी, डिप्टी मेयर डॉ मोनालिसा, पूनम वर्मा, नकुल कुमार, डॉ गौरव वर्मा, जेठे जी, डॉ नवीन कुमार, महेश महतो, मनोज कवि, गोपाल फलक, पेंटर बाबू, अमर जी, सुप्रिया सोनी, हेमा सिंह, अर्चना कुमारी, अमर कुमार सहित दल के मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह, संरक्षक रमेश रत्नाकर, अध्यक्ष आकाश चौधरी, राकेश जयसवाल, प्रवीण चौधरी, नथुनी महतो, अजीत पटेल, कुणाल पटेल, कुणाल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

बिहार के इंटर कॉलेजों को डिग्री कॉलेज में अपग्रेड करने की मांग

सीतामढ़ी (एनएसबी)। परिहार के पूर्व जिला पार्षद एवं कपूर्री महाविद्यालय, लक्ष्मीपुर मधुबन (पोस्टझ्रभारती, प्रखंडझ्रसोनबरसा, जिलाझ्रसीतामढ़ी) के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. मोहम्मद मसूद आलम उर्फ गौहर सिद्दीकी ने बिहार सरकार से राज्य के सभी इंटर कॉलेजों को चरणबद्ध तरीके से डिग्री कॉलेज में अपग्रेड करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार अपने मिशन के तहत प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना एवं उनके सुदृढ़ संचालन की दिशा में कार्य कर रही है। ऐसे में पहले से स्थापित एवं आधारभूत सुविधाओं से युक्त इंटर महाविद्यालयों को भी डिग्री कॉलेज में परिणत किया जाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इंटर कॉलेजों को डिग्री कॉलेज का दर्जा मिलने से उच्च शिक्षा का विस्तार होगा, विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही स्नातक स्तर की पढ़ाई का अवसर मिलेगा तथा उन्हें दूसरे शहरों में जाकर पढ़ाई करने की मजबूरी नहीं होगी।

इससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों, विशेषकर छात्राओं, को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। प्रो. सिद्दीकी ने मुख्यमंत्री से इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेने की अपील करते हुए कहा कि इंटर महाविद्यालयों को डिग्री कॉलेज में परिवर्तित करने से राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित होगा तथा शिक्षा का स्तर और अधिक मजबूत होगा।

एसपी ने की क्राइम मीटिंग, अपराध नियंत्रण व प्रभावी पुलिसिंग पर जोर

समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मासिक क्राइम मीटिंग करते पुलिस अधीक्षक।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में मासिक क्राइम मीटिंग सह पुलिस सभा का आयोजन किया गया। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अनुसंधान की गुणवत्ता तथा पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में संवेदनशील एवं अपराध प्रभावित क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने, प्रत्येक परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा निरोधात्मक कार्रवाई को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कांडों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध अनुसंधान के माध्यम से पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित वारंट एवं कुर्की-जब्ती के निष्पादन में तेजी लाने, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, जमानत पर छूटे अपराधियों का नियमित सत्यापन, जमानतदारों का विधिवत सत्यापन तथा केस डायरी का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण लेखन सुनिश्चित करने को कहा गया। रात्रि गश्ती एवं सघन वाहन जांच अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जन-जागरूकता बढ़ाने, साइबर कांडों के त्वरित निष्पादन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सतत मॉनिटरिंग तथा भ्रामक, अफवाह फैलाने वाली एवं आपत्तिजनक सामग्री पर त्वरित विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं का समयबद्ध सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में उपस्थित सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, अंचल निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग, जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने तथा सभी निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

साइबर फ्राड व वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को साइबर फ़्रॉड के चंगुल में नहीं फंसने की दी गई जानकारी

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के बंदरा प्रखंड के रामपुरदयाल और बड़गांव पंचायत में मंगलवार को ह्यअर्थसूत्र संवादह्ल नामक वित्तीय साक्षरता एवं साइबर फ्रॉड से बचाव पर केंद्रित जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। भारत के ग्रामीण और कम बैंकिंग सुविधा वाले क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से रामपुर दयाल पंचायत के इंटरस्तरीय सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पियर में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस सब इंस्पेक्टर निवेदिता ने साइबर फ्राड की बढ़ती घटनाओं से लोगो को सचेत करते हुए कहा कि इन दिनों साइबर फ्रॉड की घटनाएं बढ़ गई है।

ऐसे में सावधानी ही एकमात्र उपाय है, जिसके जरिए इस तरह के फ्रॉड से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी के साथ बैंक खाते की जुड़ी जानकारी शेयर नहीं करें। साथ ही अंजान मैसेज को फॉलो नहीं करना है और फर्जी लिंक्स पर बिलकुल क्लिक नहीं करना है।उन्होंने कहा कि ह्यअर्थसूत्र संवादह्ल भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय साक्षरता और जागरूकता बढ़ाने की पहल के तहत संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वित्तीय अनुशासन, ऑनलाइन धोखाधड़ी और धन प्रबंधन की अच्छी आदतों के बारे में लोगो को जागरूक करना है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए इंटर स्तरीय सर्वोदय विद्यालय के प्राचार्य कैलाश चंद्र ने कहा कि धोखाधड़ी करने वाले आपको लालच देते हैं। रातोंरात राशि दोगुनी होने का भरोसा दिलाते हैं, लेकिन आपको ऐसे लालच में नहीं आना है। अपने धन की रक्षा के लिए बैंकिंग सबसे सुरक्षित स्थान है। बैंक जाएं और खाते को सुरक्षित तरीके से संचालित करें। किसी एसएमएस पर भरोसा न करें। वरिष्ठ पत्रकार और लेखक ब्रह्मानन्द ठाकुर ने कहा कि दुनिया में पैसे कमाने का कोई शॉर्ट कट रास्ता नहीं है। इसलिए किसी भी तरह के प्रलोभन से बचें एवं पैसे की बचत की आदत डालें, जिससे भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। इस जागरुकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा कि इस तरह के जागरकता अभियान का व्यापक असर होगा और लोगों को अपने पैसों का बेहतर प्रबंधन करने एवं मेहनत से कमाए गए धन को फ्रॉड से बचाने का उचित मार्गदर्शन मिलेगा। बड़गांव पंचायत के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में प्राचार्य अकबर अंसारी, पूर्व मुखिया नीतेश कुमार, कलाकार ललन कुमार तरुण, समेत अन्य लोगों ने साइबर फ्राड से बचने के उपायों की जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, ग्रामीण एवं कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य समेत सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करती पुलिस पदाधिकारी।

सम्पादकीय

ग्राम पंचायतों को विकास, सेवा और सुशासन का सशक्त केंद्र बना रही सरकार

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष 6 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण विकास दिवस के रूप में मनाया जाना इस बात का प्रतीक है कि ग्रामीण क्षेत्र किसी भी राज्य एवं राष्ट्र के समग्र विकास की आधारभूत इकाई हैं। गांव खाद्य सुरक्षा, आजीविका, सामाजिक स्थिरता, सामुदायिक सहयोग और सतत विकास की प्रथम कड़ी है। ग्रामीण समाज ही वह आधार है, जहां उत्पादन की प्रक्रिया प्रारंभ होती है, श्रम की शक्ति विकसित होती है और आत्मनिर्भर समाज की मजबूत नींव तैयार होती है।

बिहार की 85 फीसदी से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है। बिहार सरकार गांवों को सुशासन, विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी का सशक्त केंद्र बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा ग्रामीण छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे विद्यार्थियों को अपने घर के समीप उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा होगी, स्थानीय स्तर पर शैक्षणिक वातावरण सशक्त होगा तथा उच्च शिक्षा के लिए अन्य राज्यों की ओर होने वाले पलायन में कमी आएगी।

ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ, प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने की दिशा में भी राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। सरकारी चिकित्सकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया है कि सामान्य मामलों में मरीजों को अनावश्यक रूप से बड़े अस्पतालों में रेफर करने की प्रवृत्ति रोकी जाए तथा जिला, अनुमंडल एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इससे ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में बेहतर उपचार उपलब्ध होगा, बड़े अस्पतालों पर अनावश्यक दबाव कम होगा तथा सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। गंभीर एवं जटिल मामलों में आवश्यक रेफरल की व्यवस्था बनी रहेगी, किंतु सामान्य रोगों के उपचार को स्थानीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराना ग्रामीण स्वास्थ्य सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

बिहार की जीविका पहल ने ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को नई पहचान दी है। जीविका दीदियों ने यह सिद्ध किया है कि जब ग्रामीण महिलाएं संगठित होकर आगे बढ़ती हैं, तो परिवार, समाज और स्थानीय अर्थव्यवस्था तीनों स्तरों पर सकारात्मक परिवर्तन संभव होता है। जीविका का कार्य आज ग्रामीण सशक्तिकरण के प्रभावी मॉडल के रूप में देश ही नहीं, वैश्विक पटल पर भी चर्चा का विषय है।

पंचायती राज विभाग, बिहार ग्रामीण आबादी को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचायत सरकार भवनों का निर्माण ग्राम पंचायत स्तर पर प्रशासनिक सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत ग्राम पंचायतों में प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। इस योजना के सतत अनुश्रवण के लिए ब्रेडा के माध्यम से केंद्रीत अनुश्रवण प्रणाली विकसित की गई है। जिला समाहरणालयों में सार्वजनिक आवागमन वाले स्थानों पर एलईडी टीवी के माध्यम से ग्राम पंचायतों में अधिष्ठापित सोलर स्ट्रीट लाइट्स की रियल टाइम अपडेट उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को अनुश्रवण प्रणाली का लिंक उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे अपने क्षेत्र में लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थिति का अपने स्तर से भी अनुश्रवण कर सकें। अक्रियाशील अथवा खराब सोलर स्ट्रीट लाइट्स के संबंध में शिकायत दर्ज कराने के लिए मोबाइल एप्लीकेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ये सभी व्यवस्थाएं योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

राज्य की ग्राम कचहरियां ग्राम पंचायतों में शांति, सद्भावना और स्थानीय न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वैकल्पिक न्याय प्रणाली के उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में पंचायत ई-ग्राम कचहरी पोर्टल ने ग्राम कचहरियों के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ाया है। सुनवाई की तिथि एवं अंतिम निर्णय की प्रति उपलब्ध कराने की व्यवस्था से ग्रामीण न्याय प्रणाली अधिक सरल, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनी है।

सहयोग पोर्टल एवं सहयोग शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान की महत्वपूर्ण जनोन्मुखी पहल है। यह व्यवस्था सरकार को नागरिकों के और निकट लाती है तथा प्रशासनिक उत्तरदायित्व को और अधिक सदृढ़ करती है।सशक्त ग्राम पंचायतें ही सशक्त बिहार की आधारशिला हैं। जनभागीदारी, पारदर्शिता, तकनीकी हस्तक्षेप और सुशासन के माध्यम से बिहार के गांव विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

गृहिणी होममेकर नहीं, नेशन बिल्डर

बी कृष्णा

(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक महवपूर्ण निर्णय में कहा कि गृहिणियाँ केवल होममेकर नहीं, बल्कि नेशन बिल्डर हैं। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि घर और परिवार के लिए उनके द्वारा किया जाने वाला अवैतनिक श्रम केवल भावनात्मक या नैतिक योगदान भर नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक आर्थिक मूल्य भी है। इसी संदर्भ में गृहिणी के घरेलू कार्य के मूल्यांकन हेतु 30,000 रुपए प्रतिमाह को एक उपयुक्त मानक माना गया। यह निर्णय केवल दुर्घटना-जनित क्षतिपूर्ति के निर्धारण तक सीमित नहीं है, यह उन असंख्य महिलाओं के अदृश्य, निरंतर और मौन श्रम को सामाजिक एवं संस्थागत मान्यता प्रदान करने की दिशा में एक महवपूर्ण कदम भी है।

यद्यपि इस निर्णय के कानूनी अथवा आर्थिक आयाम अपने-आप में विचारणीय हैं, परंतु यहाँ हमारा उद्देश्य उन पर विमर्श करना नहीं है। यह प्रसंग भारतीय ज्ञान-परंपरा की उस कालजयी दृष्टि की स्मृति को पुनः जागृत करता है, जिसमें गृहिणी का व्यक्तित्व केवल परिवार के संचालन तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि उसे समाज, संस्कृति और राष्ट्र-जीवन की आधारशिला के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। भारतीय चिंतन में गृहिणी केवल घर का प्रबंधन नहीं करती, वह संस्कारों का संवहन करती है, मूल्यों का संरक्षण करती है और ऐसी पीढ़ियों का निर्माण करती है, जिन पर किसी भी राष्ट्र का भविष्य निर्भर करता है।

ऐसे में सहज ही स्मरण होता है बृहदारण्यक उपनिषद् के महर्षि याज्ञवल्क्य का। उनके जीवन में गृहस्थाश्रम के दो ऐसे आयाम दिखाई देते हैं, जो भारतीय चिंतन में गृहिणी की भूमिका को अत्यंत व्यापक परिप्रेक्ष्य में उद्घाटित करते हैं। महर्षि याज्ञवल्क्य की दो पत्नियाँ थीं, कात्यायनी और मैत्रेयी।

अथ ह याज्ञवल्क्यस्य द्वे भार्ये बभूवतुः मैत्रेयी च कात्यायनी च।

तयोर्ह मैत्रेयी ब्रह्मवादिनी बभूव, स्त्रीप्रज्ञैव तर्हि कात्यायनी।

दोनों ही गृहिणियाँ हैं, दोनों ही गृहस्थाश्रम का पालन करती हैं, दोनों ही एक ही परिवार का हिस्सा हैं, किंतु उपनिषद् उनके माध्यम से गृहिणी के दो ऐसे आयाम प्रस्तुत करता है, जो मिलकर भारतीय समाज की पूर्ण संरचना का निर्माण करते हैं। बृहदारण्यक उपनिषद् कात्यायनी का परिचय स्त्रीप्रज्ञैव के रूप में देता है, जबकि मैत्रेयी को ब्रह्मवादिनी कहता है।

स्त्रीप्रज्ञैव- आदि शंकराचार्य इसकी व्याख्या सामान्य गृहस्थ-प्रवृत्ति के रूप में करते हैं। अर्थात् उनकी बुद्धि मुख्यतः गृहस्थ जीवन और लौकिक व्यवहार तक ही प्रवृत्त है। इसलिए जब महर्षि याज्ञवल्क्य संन्यास से पूर्व अपनी संपत्ति का विभाजन करना चाहते हैं, तब कात्यायनी उसे सहज भाव से स्वीकार कर संतुष्ट हो जाती हैं। वे मैत्रेयी की भाँति अमृतत्व का प्रश्न नहीं उठातीं। उपनिषद् यहाँ गृहिणी के एक ऐसे स्वरूप को प्रस्तुत करता है, जिसके लिए गृहस्थ जीवन, परिवार और अर्थ का व्यवस्थित निर्वाह ही जीवन की स्वाभाविक दिशा है।

सर्वोच्च न्यायालय ने गृहिणी को नेशन बिल्डर कहकर उसके योगदान को आधुनिक विधिक और सामाजिक मान्यता दी है। भारतीय ज्ञान-परंपरा इस सत्य को और व्यापक परिप्रेक्ष्य में रखती है। बृहदारण्यक उपनिषद् की कात्यायनी और मैत्रेयी यह स्मरण कराती हैं कि राष्ट्र-निर्माण केवल सामाजिक व्यवस्था का प्रश्न नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि का भी प्रश्न है।

यदि सर्वोच्च न्यायालय आज गृहिणी को नेशन बिल्डर कहता है, तो भारतीय दृष्टि से यह समझना कठिन नहीं है। राष्ट्र की आधारशिला परिवार है, और परिवार की स्थिरता गृहस्थ जीवन पर टिकी होती है। कात्यायनी उसी गृहस्थ-जीवन के सहज और स्वाभाविक स्वरूप का प्रतिनिधित्व करती हैं। किन्तु भारतीय ज्ञान-परंपरा यहीं रुकती नहीं।

उसी गृहस्थ जीवन के भीतर उपनिषद् मैत्रेयी का भी परिचय देता है। उन्हें ब्रह्मवादिनी कहा गया है। इसका अर्थ यह नहीं कि उन्होंने गृहस्थ जीवन का परित्याग कर दिया था। वे भी उसी गृहस्थाश्रम का पालन कर रही थीं। अंतर केवल इतना था कि उनकी दृष्टि जीवन के अंतिम लक्ष्य पर भी केंद्रित थी। वे केवल मर्त्य जीवन को व्यवस्थित करने तक सीमित नहीं रहना चाहती थीं, वे मर्त्य से अमर्त्य की यात्रा का मार्ग जानना चाहती थीं।

जब याज्ञवल्क्य संन्यास का निश्चय कर अपनी संपत्ति का विभाजन करना चाहते हैं, तब मैत्रेयी एक ऐसा प्रश्न पूछती हैं, जिसका उदाहरण विश्व के बौद्धिक इतिहास में विरल है।

सा होवाच मैत्रेयी यन्नु मेयं भगः सर्वा पृथिवी वित्तेन पूर्णा स्यात्, किं तेनामृता स्यामिति

यदि यह सारी पृथ्वी धन से भरकर मेरी हो जाए, तो क्या इससे अमृतत्व की प्राप्ति होगी।

याज्ञवल्क्य उत्तर देते हैं-

नेति होवाच याज्ञवल्क्यः। यथैवोपकरणवतां जीवितं तथैव ते जीवितं स्यात्। अमृतत्वस्य तु नाशास्ति वित्तेन।

नहीं। धन-संपत्ति से सुविधाएँ प्राप्त हो सकती हैं, पर अमृतत्व नहीं।

तब मैत्रेयी का वह अमर वाक्य सामने आता है,

येनाहं नामृता स्याम् किं अहं तेन कुर्याम्

जिससे मुझे अमृतत्व प्राप्त न हो, उस धन का मैं क्या करूँ

यह केवल एक दार्शनिक प्रश्न नहीं है, यह भारतीय सभ्यता की दिशा निर्धारित करने वाला प्रश्न है। जिस काल में विश्व के अनेक समाजों में स्त्रियों को शिक्षा, संपत्ति और स्वतंत्र निर्णय का अधिकार भी प्राप्त नहीं था, उस समय भारत की एक गृहिणी अपने पति से यह नहीं पूछ रही थी कि मुझे कितना धन मिलेगा, बल्कि यह पूछ रही थी कि मुझे वह ज्ञान दीजिए, जिससे जीवन का परम लक्ष्य प्राप्त हो।

यहीं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय और भारतीय ज्ञान-परंपरा के बीच एक अद्भुत सेतु निर्मित होता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने गृहिणी को नेशन बिल्डर कहकर उसके योगदान को आधुनिक विधिक और सामाजिक मान्यता दी है। भारतीय ज्ञान-परंपरा इस सत्य को और व्यापक परिप्रेक्ष्य में रखती है। बृहदारण्यक उपनिषद् की कात्यायनी और मैत्रेयी यह स्मरण कराती हैं कि राष्ट्र-निर्माण केवल सामाजिक व्यवस्था का प्रश्न नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि का भी प्रश्न है। कात्यायनी गृहस्थ जीवन की सहज स्वीकृति का प्रतीक हैं, तो मैत्रेयी उसी जीवन के परम प्रयोजन की जिज्ञासा का। भारतीय परंपरा के लिए एक सुदृढ़ राष्ट्र वही है, जिसकी नींव सुदृढ़ गृहस्थ जीवन पर हो और जिसकी दिशा उच्च जीवन-मूल्यों से संचालित हो।

श्रावणी मेला में कांवरियों को मिलेंगी सभी सुविधाएं

30 जुलाई से 28 अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले श्रावणी मेला की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु समीक्षा बैठक हुई। प्रशासन कांवरियों को सभी आवश्यक सुविधाएं देने हेतु अपने सभी कार्य को तय समय सीमा से पूर्व हर हाल में पूर्ण करेगा।

निर्देश दिए गए हैं मेला क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सफाई और बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें, कांवरियों के लिए सभी महत्वपूर्ण मोबाइल नंबरों वाले साइनेजेज पूरे कांवरिया पथ पर लगाए जाएं और पथ पर समय से बालू बिछाने का कार्य, सुरक्षा हेतु पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित करें। गंगा घाट के पास कांवरियों की सुरक्षा के लिए विशेष बैरिकेडिंग करने के भी निर्देश दिए गए।

पर्यटन विभाग के द्वारा श्रावणी मेला में कांवरियों के सुविधापूर्ण आवासन हेतु कांवरिया पथ में विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण किया जाना है, जहां स्नानघर, शुद्ध पेयजल, शौचालय, निर्बाध बिजली जैसी सभी आवश्यक सुविधाओं के साथ स्वच्छ और सुरुचिपूर्ण भोजन हेतु जीविका दीदी की रसोई का संचालन किया जाएगा। वहां कांवर स्टैंड, सूचनाएं और मनोरंजन आदि की व्यवस्था की जानी है।

निर्देश दिया गया कि टेंट सिटी में सफाई सतत और गुणवत्तापूर्ण हो, इसकी सतत मनिटरिंग की जाए। दीदी की रसोई के लिए स्थान विभाग द्वारा दिया जाएगा, वहां स्वच्छ और सुरुचिपूर्ण भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें, भोजन का रेट चार्ट भी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किया जाए। सुल्तानगंज में उद्घाटन के दिन बाबा अजगैबीनाथ मंदिर के निकट ड्रोन शो व लेजर शो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का खास केंद्र होगा। श्रावणी मेला के शुभारंभ और समापन के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

बाबा अजगैबीनाथ मंदिर, सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा तक मेला पथ में जगह-जगह भव्य गेट, विशेष लाइटिंग, साज-सज्जा और शिवमंत्रों के जाप की ध्वनि की अनुगूंज हो, इसे ध्यान में रखते हुए अजगैबीनाथ, सुल्तानगंज सहित सभी टेंट सिटी में व्यवस्थाएं की जा रही है।

इन्वेस्को म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड

एनएफओ 16 जुलाई को बंद होगा

इन्वेस्को म्यूचुअल फंड ने समिट एसआईएफ ब्रांड नाम के तहत स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (एसआईएफ) श्रेणी में अपने प्रवेश की घोषणा की।

एसआईएफ क्षेत्र में कदम रखने के साथ ही, कंपनी ने अपनी पहली एसआईएफ निवेश रणनीति, समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड को लॉन्च करने की भी घोषणा की।

यह एक खुली अवधि की इक्विटी निवेश रणनीति है जो सूचीबद्ध इक्विटी और इक्विटी से संबंधित उपकरणों में निवेश करती है, जिसमें डेरिवेटिव उपकरणों के माध्यम से इक्विटी में सीमित शॉर्ट एक्सपोजर शामिल है।

समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड को लॉन्ग पोजीशन के माध्यम से दिशात्मक बढ़त और शॉर्ट पोजीशन के माध्यम से रणनीतिक गिरावट दोनों के अवसरों का लाभ उठाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह रणनीति समिट एसआईएफ के मूल दर्शन को दर्शाती है यानी बाजार की स्थितियों के अनुसार ढलना और अतिरिक्त रिटर्न की तलाश करना।

इस निवेश रणनीति में पोर्टफोलियो को मजबूती देने के लिए दो अलग-अलग रणनीतियों का संयोजन किया जाएगा।

इसमें पहली रणनीति एक दिशात्मक लॉन्ग रणनीति है, जो इन्वेस्को एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) के वर्गीकरण ढांचे पर आधारित बॉटम-अप स्टॉक चयन प्रक्रिया द्वारा संचालित होती है।

दूसरी एक रणनीतिक शॉर्ट पोजीशन है, जो डेरिवेटिव के माध्यम से उन शेयरों में गिरावट के अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से बनाई गई है, जिनके कमजोर प्रदर्शन की उम्मीद है। इस निवेश रणनीति का प्रबंधन हितेन जैन द्वारा किया जाएगा और इसका बेंचमार्क बीएसई 500 टीआरआई होगा।

लॉन्च के अवसर पर, इन्वेस्को एसेट मैनेजमेंट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और सीईओ, सौरभ नानावटी ने कहा, हम भारतीय परिसंपत्ति प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं। एसआईएफ श्रेणी अनुभवी निवेशकों को पोर्टफोलियो लचीलेपन का वह स्तर प्रदान करती है जो पहले केवल संस्थागत पूंजी तक ही सीमित था। समिट एसआईएफ भारत की अगली पीढ़ी के संपत्ति बनाने वालों के लिए विशेष निवेश सोच लाने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है।

इन्वेस्को म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर, हितेन जैन ने आगे कहा, आज के बदलते बाजारों में, बाजार से ज्यादा रिटर्न कमाना सिर्फ उसकी लहर के साथ बहने जैसा नहीं है, इसके लिए मौके का फायदा उठाने और जोखिम से बचने, दोनों की समझ होनी चाहिए। आम फंड केवल तभी मुनाफा कमाते हैं जब शेयरों के दाम बढ़ते हैं। लेकिन असलियत में, बाजार का रिटर्न हमेशा एक जैसा नहीं रहता, इसमें लगातार उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। समिट इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड को इस तरह बनाया गया है कि यह शेयर की कीमतें बढ़ने और घटने, दोनों ही स्थितियों का फायदा उठा सके। इससे यह बाजार के उतार-चढ़ाव और नए मौकों का सही इस्तेमाल कर पाता है।

एनएफओ के दौरान न्यूनतम निवेश राशि 10,00,000 रुपए है और उसके बाद 1 रुपए के गुणकों में है। मान्यता प्राप्त निवेशकों के मामले में, एनएफओ के दौरान न्यूनतम निवेश राशि 1,00,000 रुपए है और उसके बाद 1 रुपए के गुणकों में है। एसआईपी निवेश के लिए, न्यूनतम आवेदन राशि 1,000 रुपए है और उसके बाद 1 रुपए के गुणकों में है, बशर्ते कि समिट एसआईएफ की सभी निवेश रणनीतियों में 10,00,000 रुपए की न्यूनतम निवेश सीमा बनाए रखी जाए।

यह निवेश रणनीति आवंटन की तारीख से 3 महीने या उससे पहले रिडीम किए गए या स्विच आउट की गई इकाइयों पर 0.50प्रतिशत का एग्जिट लोड लेगी। यदि इकाइयाँ 3 महीने के बाद रिडीम या स्विच आउट की जाती हैं, तो कोई एग्जिट लोड नहीं लिया जाएगा।

यह एनएफओ 2 जुलाई से सब्सक्रिप्शन के लिए खुला है और 16 जुलाई को बंद होगा।

सैमसंग गैलेक्सी ए 27 5जी की भारत में बिक्री शुरू, मिल रहे हैं कैशबैक ऑफर और जीरो डाउन पेमेंट की सुविधा

सैमसंग ने भारत में अपने नए गैलेक्सी ए27 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। यह स्मार्टफोन अब सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स, पार्टनर रिटेल आउटलेट्स, सैमसांग.कॉम और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध है।

गैलेक्सी ए 27 5जी तीन आकर्षक रंगों में पेश किया गया है : लाइट ग्रीन, लाइट पिंक और ब्लैक। यह तीन मेमोरी वेरिएंट्स 6जीबी128जीबी, 8जीबी128जीबी और 8जीबी256जीबी में उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 28,999 रुपये रखी गई है। ग्राहकों को 3,000 रुपये तक का कैशबैक और जीरो डाउन पेमेंट जैसी आसान फाइनेंसिंग योजनाओं का भी लाभ मिलेगा।

गैलेक्सी ए27 5जी में 6.7 इंच का 120एचजेड सुपर एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जिसे कर्निंग गोरिल्ला विक्टस़ का प्रोटेक्शन मिलता है। स्मार्टफोन में 4 एमएम स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 मोबाइल प्लेटफार्म के साथ यूएफएस 3.1 स्टोरेज और एलपीडीआरएक्स रैम दी गई है, जिससे मल्टीटास्किंग और गेमिंग का अनुभव तेज और स्मूद रहता है।

फोटोग्राफी के लिए इसमें 50 एमपी ओआईएस प्राइमरी कैमरा दिया गया है, जो 4 के वीडियो रिकार्डिंग को सपोर्ट करता है। इसके अलावा 5 एमपी अल्ट्रावाइड कैमरा और 2 एमपी मैक्रो कैमरा भी मौजूद हैं। कैमरा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अब्जेक्ट इरेजर, एडिट सजेशन्स और माय फिल्टर जैसे एआई फीचर्स दिए गए हैं। वहीं, 12 एमपी फ्रंट कैमरा हाई-क्वालिटी वीडियो कॉलिंग और शानदार सेल्फी के लिए उपयुक्त है।

गैलेक्सी ए27 5जी में सर्किल टू सर्च विद गूगल, 22 भाषाओं में रियल-टाइम वॉयस ट्रांसक्रिप्शन, गूगल जेमिनी और परप्लेक्सिटी का इंटीग्रेशन भी मिलता है। बिक्सबी की मदद से यूजर्स सामान्य भाषा में फोन की सेटिंग्स को नियंत्रित कर सकते हैं। वहीं लाइव ट्रांसक्रिप्शन फीचर अंग्रेजी, हिंदी और गुजराती में कॉल ट्रांसक्रिप्शन को सपोर्ट करता है।

गैलेक्सी ए27 5जी में 5000 एमएएच की बैटरी दी गई है। कंपनी इस डिवाइस के लिए 6 वर्षों तक एंड्रायड ओएस और सुरक्षा अपडेट देने का वादा कर रही है। सुरक्षा के लिए इसमें सैमसंग नक्स उपलब्ध है। इसके साथ ही सैमसंग वॉलेट के जरिए टैप एंड पे, यूपीआई भुगतान और डिजिटल आईडीज (पहचान पत्रों) को सुरक्षित रखने जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं।

प्रवचन

संतान की शादी में दहेज नहीं, संस्कार को दें प्राथमिकता : जीयर स्वामी

बड़े लोग अपनी प्रशंसा को मानते हैं निंदा

गलत संबंधों से बिगड़ती हैं पीढ़ियां

अपनी संतान की शादी में कन्या पक्ष से दहेज नहीं, उसके संस्कार पर ध्यान देना चाहिए। दहेज की राशि जीवनपर्यंत काम नहीं आती लेकिन दहेज से उत्पन्न दुराव आजीवन अशांति का कारण बनता है।

दहेज प्रथा एक सामाजिक रोग है, जो परिवार को जर्जर कर कलह, अशांति और न्यायालय तक पहुंचा देता है। इससे भावी पीढ़ियां भी कुप्रभावित होती हैं।

संस्कारी परिवार के बीच विवाह से घर में सुख-शांति के साथ मर्यादित संतान पैदा लेती हैं। दहेज प्रथा आज की एक ज्वलन सामाजिक समस्या है, जिस पर हर विवेकी व्यक्ति को विचार करना है। कुलीन और संस्कारी परिवार में अपना सम्बन्ध बनावें।

विवाह बराबरी में होना चाहिए। पैसे की लालच में बेमेल विवाह नहीं करना चाहिए। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

श्री जीयर स्वामी ने राजा ध्रुव की वंश परम्परा की चर्चा करते हुए कहा कि ध्रुव के वंशज राजा अंग वंश परम्परा के अनुकूल थे। लेकिन उनकी शादी मृत्यु की पुत्री से हो गयी। इन दोनों से वेन पैदा हुए, जो अत्याचारी थे। मंत्रियों ने इस ख्याल से राजा बना दिया कि वे जिम्मेवारी के बाद सुधर जायेंगे।

राज्याभिषेक के बाद प्रजा को संबोधित करते हुए वेन ने कहा कि पूजा, दान, यज्ञ और हवन आदि सत्कर्म हमारे नाम पर करें। उन्होंने भगवान के निमित्त समस्त कार्य बन्द करा दिया।

ब्राह्मणों और मंत्रियों ने विचार किया कि राजा को मर्यादाविहीन नहीं होना चाहिए। सभी ने कुपित होकर हुंकार किया, जिससे राजा वेन की मृत्यु हो गयी।

पद की गरिमा के अनुसार आचरण में मर्यादा का पालन करना चाहिए। दुषित कुल के माता-पिता की संतान क्रूर और अत्याचारी होते हैं।

पिता के दोष, माता एवं गुरु के कुआचरण से व्यक्ति भगवंत विरोधी होता है। राज्य को राजा विहीन होते देख वेन के मृत शरीर का मंथन किया गया, जिससे दो संतान पृथु और अर्चि पैदा हुईं। पृथु नारायण अंश और अर्चि लक्ष्मी अंश थीं। इनका जन्म मैथुन क्रिया से नहीं होने के कारण आपस में विवाह हुआ।

राजा पृथु ने राज्याभिषेक के बाद अपने संबोधन में कहा कि देश काल पात्र के अनुसार लज्जाशील उदार पुरूष अपने निंदनीय कार्य से अपमान महसूस करता है। बड़े लोग अपने समक्ष अपनी प्रशंसा और स्तुति को अपनी निंदा मानते हैं। महान व्यक्ति के समक्ष उसकी प्रशंसा नहीं करनी चाहिए।

धर्म को जीवन से हटा दिया जाये तो जनम लेने का महत्व नहीं है। धर्म जीवन को धारण करता है। जीवन से धर्म को अलग नहीं किया जा सकता। अतः धर्म के साथ रहकर जीवन जीने में ही सार्थकता है।

'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार

बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज का 31 दिसंबर तक लाभ उठा सकते निवेशक

राज्य सरकार के आदेश पर बियाडा ने किया पैकेज की तिथि विस्तारित

पहले 30 जून तक निर्धारित थी इसके लिए अंतिम तिथि, अब की गई इसमें बढ़ोतरी

राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और निवेशकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से शुरू किये गए बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज की अवधि को 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है। राज्य सरकार के आदेश पर बियाडा ने 30 जून से बढ़ाकर इसे 31 दिसंबर अथवा नई औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2026 लागू होने की तिथि तक विस्तारित कर दिया है। ताकि इस पैकज का लाभ अधिक से अधिक निवेशक उठा सकें।

विदित हो कि बिहार में उद्योग को बढ़ावा देने और पांच वर्ष में एक करोड़ रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए राज्य सरकार के आदेश पर बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) द्वारा पिछले वर्ष बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025 शुरू किया गया था। ताकि निवेशकों को बिहार में उद्योग लगाने के लिए आकर्षित किया जा सके।

इस प्रोत्साहन पैकेज का लाभ लेने के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 निर्धारित किया गया था। उसके बाद इसे बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया था, लेकिन निवेशकों की अभिरूचि को देखते हुए बियाडा ने इस पैकेज की अवधि को 31 दिसंबर अथवा नई औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति 2026 लागू होने की तिथि तक विस्तारित कर दिया है।

बियाडा के मुताबिक इस प्रोत्साहन पैकेज के तहत एक रुपये की टोकन राशि पर निवेशकों को मुफ्त भूमि उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें 1 सौ करोड़ रुपये निवेश करने और एक हजार प्रत्यक्ष रोजगार पर 10 एकड़, 1 हजार करोड़ रुपये निवेश करने पर 25 एकड़, 200 करोड़ रुपये निवेश करने पर 10 एकड़ और फर्च्यून-500 की सूची में शामिल कंपनियों को 10 एकड़ भूमि दी जाएगी।

बताया जाता है कि उक्त योजनाओं का चयन नहीं करने वाले निवेशकों को बियाडा की भूमि दर से 50 फीसदी की छूट पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

गया इंजीनियरिंग कॉलेज के बीआर्क कोर्स में एडमिशन के लिए 15 जुलाई तक है आवेदन करने का मौका

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (डीएसटीटीई) के अधीन संचालित गया इंजीनियरिंग कॉलेज, गया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 5 वर्षीय पूर्णकालिक बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (बी.आर्क.) पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वास्तुकला यानि आर्किटेक्चर के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (बीसीईसीईबी) द्वारा अंडर ग्रेडुएट इंजीनियरिंग एडमिशन काउंसलिंग (यूजीईएसी)-2026 बी.आर्क. के माध्यम से नामांकन की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जिन्होंने जेईई मेन्स-2026 पेपर- में वैध स्कोर प्राप्त किया हो अथवा नेशनल एप्टीट्यूड इन आर्किटे र (एनएटीए) 2026 में उत्तीर्ण होकर वैध स्कोर हासिल किया हो। काउंसेलिंग एवं नामांकन प्रक्रिया ऑफलाइन आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन पंजीकरण 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो चुका है। आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 रात्रि 10 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन शुल्क का भुगतान एवं अंतिम आवेदन 15 जुलाई 2026 को रात्रि 11: 59 बजे तक किया जा सकेगा। वहीं आवेदन में संशोधन के लिए 16 एवं 17 जुलाई 2026 को अवसर उपलब्ध रहेगा, जबकि 18 जुलाई 2026 को मेरिट सूची / रैंक कार्ड प्रकाशित किया जाएगा।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश (डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित । इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

संक्षिप्त खबरें

जदयू कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री का किया गर्मजोशी से स्वागत

मोतिहारी(एन एस बी)। बेतिया से केसरिया जाने के क्रम में पूर्वी चम्पारण जिला जदयू के प्रवक्ता सह जिला नागरिक परिषद के सदस्य जन्मेजय कुमार पटेल (सरपंच) के अरेराज प्रखंड के मंगुराहां गांव स्थित आवास पर जनता दल यूनाइटेड विधायक दल के नेता सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह पूर्वी चम्पारण जिला के प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार जी का गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया हैस इस मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं फूलमाला पहनाकर उन्हे सम्मानित किया तथा सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कहा कि बिहार के विकास पुरुष जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के पदचिन्हों पर चलनेवाले ईमानदार कुशल संगठनकर्ता, ओजस्वी वक्ता, मिलनसार व्यक्तित्व के धनी माननीय मंत्री श्रवण बाबू पुरे बिहार के कार्यकर्ताओं के हृदय सम्राट है, इस मौके पर प्रदेश जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति के सदस्य श्री पंकज सिंह पटेल एवं श्री कौशल किशोर सिंह,प्रदेश जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष श्री ष्णकांत मिश्र, प्रदेश जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के महासचिव श्री प्रमोद पासवान, प्रदेश जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के महासचिव श्री चंदेश्वर प्रसाद, प्रदेश जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सचिव श्री सैयुम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

निःशुल्क अन्नपूर्णा रसोई सेवा का लगातार 37 वां महीना

रक्सौल(एनएसबी)। मंगलवार को मेन रोड स्थित पोस्ट अफिस के सामने अन्नपूर्णा रसोई सेवा के माध्यम से बेघरों , दिहाड़ी मजदूरों ,गरीब ,असहाय एवं भिक्षुओं के बीच निरूशुल्क भोजन वितरित किया गया ।इस मौके पर परिषद के संयोजक श्री नरेश मित्तल ने बताया कि बीते 36 महीने से निरूशुल्क अन्नपूर्णा रसोई सेवा उदारमना ह्दय एवं सेवा भावी लोगों के आपसी सहयोग से निरूशुल्क भोजन वितरण निर्बाध गति से चल रहा है । साथ ही उम्मीद है कि माँ अन्नपूर्णा की पा से यह सेवा कार्य अनवरत चलता रहेगा । अन्नपूर्णा रसोई सेवा का मूल उद्देश्य गरीब व लाचार लोगों की भूख मिट सके ,वे स्वस्थ रहें और उन्हें भी खुशियों का एहसास हो । आज के भंडारा के प्रायोजक दिनेश धनोठीया ने कहा कि प्रत्येक महीने के भोजन के मेनू में कुछ फेर बदल कर भोजन परोसा जाता है इस बार भोजन में जीरा राइस ,दाल फ्राई , आलू सोयाबीन की रसदार सब्जी एवं रंग-बिरंगी तिलौरी परोसा गया जिसे लोगों पूरे चाव से भरपेट ग्रहण किया। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवा देने वालों में नरेश मित्तल , ड राजेंद्र प्रसाद सिंह, भगवती सर्राफ , विष्णु मस्करा, राम इकबाल प्रसाद, रमेश धनोठीया, सीताराम गोयल, सौरभ कुमार, सहित कई सदस्यों का नाम उल्लेखनीय रहा । इसकी जानकारी ड राजेंद्र प्रसाद सिंह ने दी है।

पूर्वी सरैया में सहयोग शिविर का एडीएम ने किया निरीक्षण

पहाड़पुर(एनएसबी)। प्रखंड की पूर्वी सरैया पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का सोमवार को अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टलों का जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का निष्पादन समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समाधान पंचायत स्तर पर ही सुनिश्चित हो, ताकि आम लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े ।सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन दिए। मौके पर प्रखंड व अंचल प्रशासन के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पूर्वी चंपारण जिला के 69 पंचायतों में आयोजित हुआ सहयोग शिविर, जन समस्याओं का किया गया निराकरण

सरकार जन समस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित, सरकार आपके द्वार की अवधारणा को साकार कर रहा सहयोग शिविर : श्रवण कुमार

केसरिया के गोछी कुशहर में आयोजित सहयोग शिविर में माननीय प्रभारी मंत्री ने शिरकत कर जनता से की संवाद

मोतिहारी(एनएसबी)। आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान तय सीमा में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित सहयोग शिविर के आज दूसरे चरण में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूर्वी चंपारण जिला के 25 प्रखंडों के कुल 69 पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग एवं सूचना जनसंपर्क विभाग सह प्रभारी मंत्री पूर्वी चंपारण श्री श्रवण कुमार आज केसरिया प्रखंड के गोछी कुशहर पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में शिरकत किए, आमजन की समस्याओं को सुना और उनसे संवाद किए। उनके साथ शिविर में माननीय सांसद वाल्मीकिनगर श्री सुनील कुमार, माननीय विधायक केसरिया श्रीमती शालिनी मिश्रा,प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार,निदेशक डीआरडीए श्री जयराम चौरसिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सहित केसरिया प्रखंड के अन्य पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

शिविर में उपस्थित लोग।

इस अवसर पर माननीय मंत्री महोदय ने बड़ी संख्या में शिविर में आए हुए नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।आज के आयोजित शिविर में प्रभारी मंत्री ने 80 जीविका समूह की दीदियों को बैंक सहायता ऋण के रूप में 05 करोड़ रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया। यहां पर कुल 06 श्रमिकों को मनरेगा जब कार्ड प्रदान किया गया। आईसीडीएस के सौजन्य से सहयोग शिविर के दौरान गोद भराई एवं अन्नप्राशन का कार्य भी किया गया। इस पंचायत में कुल 422 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 385 का निष्पादन कर दिया गया था। बचे हुए 37 आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का माननीय मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया। यहां पर मंत्री के द्वारा बताया गया कि सहयोग शिविरध्सहयोग पोर्टल के माध्यम से जिला में कुल 13000 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 12000 से अधिक आवेदनो से संबंधित समस्याओं का निराकरण कर दिया गया है।

इस अवसर पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर का आयोजन राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही निराकरण किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना अध्यक्ष के स्तर की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। समस्या का निराकरण अगर इससे ऊपर के स्तर पर होना है तो उसके लिए आवेदन को जिला, प्रमंडल अथवा राज्य स्तर पर संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है जहां से उसका निराकरण किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि सात निश्चय पार्ट 3 अंतर्गत ष्सबका सम्मान-जीवन आसानष निश्चय के तहत बिहार सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु गांव-गांव तक प्रशासनिक पहुंच सुनिश्चित कर रही है। सहयोग शिविर केवल समस्याओं के समाधान और योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम ही नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसी भी व्यक्ति को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। सहयोग शिविर इसी जनोन्मुखी सोच का परिणाम है, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित होकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई अच्छी चीज है और इसका बड़ा महत्व है।सरकार और जिला प्रशासन पंचायत स्तर पर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है। माननीय मंत्री ने पिछले 21 वर्षो में सरकार के द्वारा किए गए कार्यो को गिनाते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में सभी वर्ग के लिए कार्य हुआ है, किसी को वंचित नहीं किया गया है। सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिला है। इस संदर्भ में उन्होंने 125 यूनिट फ्री बिजली का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसा करने वाला बिहार देश में पहला राज्य है। माननीय मंत्री ने बताया कि जीविका के माध्यम से महिलाओं की 11लाख 88 हजार समूह बना हुआ है। बिहार प्रदेश में डेढ़ करोड़ से ज्यादा जीविका दीदी हैं। माननीय मंत्री ने यह भी कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और रोजगार से प्रेरित करने के लिए बिहार में एक करोड़ 81 लाख महिलाओं को ध10000 की राशि दी गई है।

बिहार महिलाओं की ताकत से आगे बढ़ रहा है। हर क्षेत्र में महिला आज पुरुष के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आत्मनिर्भरता के क्षेत्र मेंआगे बढ़ रही है। मंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग से बिहार को देश के टप पांच राज्य में खड़ा करना है। सरकार के द्वारा सभी क्षेत्रों में लगातार कार्य किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए भी सरकार संकल्पित है। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय से आपसी प्रेम और भाईचारा बनाकर आगे बढ़ाने की अपील की।इस अवसर पर विधायक श्रीमती शालिनी मिश्रा ने सरकार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। लोगों में इसको लेकर काफी उत्साह हैस केसरिया में आयोजित सहयोग शिविर में सर्वप्रथम जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी माननीय का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन राज्य सरकार के निर्देशों का सत प्रतिशत अनुपालन करा रही है एवं आगे जो भी निर्देश प्राप्त होंगे उन सभी पर भी मजबूती से कार्य किया जाएगा। आम लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन त संकल्पित है।

47वीं एसएसबी में लगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 150 जवानों ने किया रक्तदान

रक्सौल(एनएसबी)। रक्तदान को महादान बताते हुए 47वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल एसएसबी रक्सौल में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था। शिविर में वाहिनी के अधिकारीगण सहित कुल 150 बलकार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 150 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

आईजी ने किया निरीक्षण, रक्तदाताओं को दिया प्रोत्साहन जीएमसीएच बेतिया और सदर अस्पताल मोतिहारी के रक्त केंद्र के सहयोग से वाहिनी मुख्यालय में लगे इस शिविर का निरीक्षण 47वीं वाहिनी के दौरे पर पहुंची श्रीमती मीनू चौधरी, भ्पूसे, महानिरीक्षक, बल मुख्यालय एसएसबी नई दिल्ली ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और सभी को फल व जूस भेंट कर सम्मानित किया। आईजी ने कहा कि एसएसबी के जवान देश की सेवा के साथ-साथ समाजसेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। रक्तदान जैसा पुनीत कार्य कर उन्होंने मानवता की मिसाल पेश की है। शिविर में हरी प्रकाश, उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया, ड़ निशि कान्त, कमांडेंट चिकित्सा 47वीं वाहिनी, श्री संजय रावत, द्वितीय कमान अधिकारी, ड़ नीरज कुमार सदर अस्पताल मोतिहारी, ड़ ज्ञानेंद्र कुमार जीएमसीएच बेतिया और प्रिंट-इलेक्ट्रनिक मीडिया के स्थानीय पत्रकार भी मौजूद रहे। चिकित्सा दल ने रक्त संग्रह से पहले सभी जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और रक्तदान के बाद उन्हें जरूरी सलाह भी दी।

प्रमाण-पत्र देकर हुई सराहना कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर उनके मानवीय योगदान की सराहना की गई। कमांडेंट (स्वास्थ्य)ड़ निशि कान्त ने कहा कि एसएसबी हमेशा सामाजिक कार्यो में आगे रहती है। रक्तदान शिविर का आयोजन इसी का एक हिस्सा है। जवानों के इस जज्बे से समाज में सकारात्मक संदेश गया है। एसएसबी के इस प्रयास की स्थानीय लोगों ने भी सराहना की। रक्त की कमी से जूझ रहे मरीजों के लिए जवानों द्वारा दिया गया रक्त जीवनदायिनी साबित होगा।

मासिक उर्दू समीक्षा बैठक सह विदाई समारोह आयोजित

उर्दू प्रचार-प्रसार पर दिया गया विशेष बल

मोतिहारी(एनएसबी)। डा. राधाष्ण भवन में जिला उर्दू भाषा कोषांग की मासिक समीक्षात्मक बैठक एवं विदाई समारोह का आयोजन प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग-सह-सहायक निदेशक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण मो़ साजिद की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में जिले के सभी उर्दू कर्मी उपस्थित रहे और उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के प्रारंभ में समस्त उर्दू कर्मियों ने प्रभारी पदाधिकारी मो़ साजिद का शल एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इसके बाद सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित उर्दू कर्मियों को शल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।समीक्षा बैठक में प्रभारी पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी उर्दू कर्मी प्रत्येक मासिक बैठक में आवश्यक प्रतिवेदनों के साथ समय पर उपस्थित हों। बिना पूर्व सूचना अथवा अनुमति के अनुपस्थित रहने या विलंब से आने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी कर्मियों से मासिक प्रगति प्रतिवेदन लेकर उसकी समीक्षा की गई, जिसमें पाई गई त्रुटियों को अगली बार सुधारने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार से संबंधित सभी गतिविधियों का अभिलेख कार्यालय में सुरक्षित रखा जाए तथा प्रतिदिन समाचार पत्रों में प्रकाशित सरकारी विज्ञापनों का उर्दू अनुवाद कर सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित किया जाए। समय पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने वाले कर्मियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार समयबद्ध प्रतिवेदन भेजने पर जोर दिया गया। बैठक में साप्ताहिक विद्यालय भ्रमण की भी समीक्षा की गई। नियमित भ्रमण करने वाले कर्मियों की प्रशंसा की गई, जबकि अन्य कर्मियों को निदेशालय एवं जिलाधिकारी, पूर्वी चंपारण के निर्देशानुसार विद्यालय भ्रमण सुनिश्चित करने तथा निर्धारित प्रारूप में प्रतिवेदन जिला उर्दू भाषा कोषांग को भेजने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन विद्यालयों के नाम हिंदी के साथ उर्दू में प्रदर्शित नहीं हैं, उनकी सूची तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा गया।समापन सत्र में प्रभारी पदाधिकारी ने उपस्थित उर्दू कर्मियों के बीच श्उर्दू दुनियाश, श्बच्चों की दुनियाश एवं श्ख्वातीन-ए-दुनियाश पत्रिकाओं का वितरण किया। उन्होंने उर्दू भाषा के विकास और विस्तार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी कर्मियों को जनगणना प्रपत्र के भाषा कलम में उर्दू भाषा दर्ज कराने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उर्दू भाषी जनता, विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं, स्थानीय साहित्यकारों एवं कवियों द्वारा भाषा के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

कोटवा प्रखंड के अहिरौलिया और डुमरा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

मोतिहारी(एनएसबी)। सहयोग शिविर के चौथे चरण अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिला में कुल 69 पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया आज प्रभारी जिलाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार के द्वारा कोटवा प्रखंड के अहिरौली या एवं डुमरा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहयोग शिविर के संचालन का जायजा लिया गया। इन दोनों शिविरों में माननीय विधायक कल्याणपुर श्री सचिंद्र प्रसाद सिंह भी उपस्थित थे।

माननीय विधायक के द्वारा सहयोग शिविर में आए आमजन से संवाद स्थापित किया गया। उन्होंने शिविर के महत्व को बताया एवं कहा कि प्रशासन खुद चलकर जनता के दरवाजे तक आई है। अब आम लोगों का यह फर्ज है कि अपनी समस्या का समाधान करने के लिए आगे आए। उन्होंने यह भी बताया कि सहयोग पोर्टल के माध्यम से अनलाइन आवेदन भी दिया जा रहा है साथ ही आयोजित होने वाले सहयोग शिविर से पहले वहां लगाए गए केंप में भी आवेदन दिया जा सकता है। जिसका एक माह के अंदर निष्पादन किया जाना अनिवार्य किया गया है। उनके द्वारा आम जन का आह्वान किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आएं, जिला प्रशासन उसके समाधान के लिए बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के पदाधिकारीगण को भी धन्यवाद दिया। माननीय विधायक ने आमजन को जागरुक करते हुए

निरीक्षण करते प्रभारी डीएम।

बताया कि आपको अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराना होगा और तत्पर भी रहना होगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ड प्रदीप कुमार ने कहा कि ष्सहयोग शिविरष पंचायत स्तर पर समस्याओं के समाधान का सरकार के द्वारा बनाई गई एक समुचित व्यवस्था है जहां पर लोग अपनी समस्याओं को रख रहे हैं और उसका समाधान करा रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे जिले में सहयोग शिविर के माध्यम से 12 हजार से अधिक आवेदनों का निष्पादन किया गया है।प्राप्त आवेदनों का 10 दिन के अंदर संबंधित पदाधिकारी के द्वारा समाधान नहीं किए जाने पर स्वतरूही स्पष्टीकरण हो रहा है।अहिरौलीया पंचायत में सहयोग शिविर के माध्यम से कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 45 का निष्पादन किया गया था। उप विकास आयुक्त के द्वारा शेष बचे 06 आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया गया। यहां पर मेडिकल टीम कार्यरत थी। उप विकास आयुक्त द्वारा मेडिकल टीम के सभी सदस्यों को उनके अच्छे कार्यो के लिए धन्यवाद दिया गया। मेडिकल टीम के द्वारा यहां पर 60 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं जरूरी दवाइयों का वितरण किया गया। यहां पर गोदभराई एवं अन्नप्राशन का भी कार्य संपन्न हुआ। माननीय विधायक एवं उप विकास आयुक्त महोदय के द्वारा आईसीडीएस के सौजन्य से आयोजित गोद भराई और अन्नप्राशन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। डुमरा पंचायत में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 40 आवेदन केवल राजस्व विभाग से संबंधित थे। राजस्व विभाग के प्राप्त 40 आवेदनों में 32 आवेदनों का सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया था। आठ आवेदन लंबित थे जिसे शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। यहां भी गोदभराई एवं अन्नप्राशन का कार्यक्रम संपन्न किया गयास इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी कोटवा एवं कोटवा प्रखंड के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मिगण उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

ग्रामीण विकास मंत्री दिवंगत नेता कौशर राजा के परिजन से मिले

चकिया। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार सोमवार को देर शाम शहर के चाणक्यपुरी स्थित दिवंगत जदयू नेता कौशर राजा के आवास पहुंचे। उनके साथ सिकटा विधायक समृद्ध वर्मा, प्रदेश कमिटी सदस्य रंजन सिंह पटेल तथा जिलाध्यक्ष भरत पटेल थे। इस दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने दिवंगत नेता कौशर राजा के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कौशर राजा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि कौशर राजा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सिद्धांतों एवं जदयू की नीतियों के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहे। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। इससे पूर्व मंत्री ने दिवंगत नेता कौशर राजा के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौके पर विनय कुशवाहा, प्रकाश चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष राजन पटेल, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लखन पटेल, संजय मोदी, सुनील यादव, टूना पाठक, मो़ साजिद, मो़ इरफान, रामानंद पटेल, मोहन पटेल, सुभाष सहनी, विशाल साह, नरेश चौरसिया, मेवालाल शाह सहित बड़ी संख्या में जदयू के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

परिवार के सदस्य से बात करते मंत्री।

अरेराज अनुमंडल के नौ पंचायतों में लगा सहयोग शिविर, एसडीओ ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अरेराज(एनएसबी)। बिहार सरकार के निर्देश पर मंगलवार को अरेराज अनुमंडल के विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के रोस्टर के अनुसार आयोजित शिविरों में आम लोगों की शिकायतें, सुझाव और मांगें सुनी गईं तथा संबंधित विभागों को उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। अरेराज प्रखंड के मुड़ा एवं बहादुरपुर, पहाड़पुर प्रखंड के पूर्वी सरेया, उत्तरी नोनिया एवं दक्षिणी नोनिया, संग्रामपुर प्रखंड के दक्षिणी भवानीपुर एवं डुमरिया तथा हरसिद्धि प्रखंड के चंद्रहिया, घीवाढार एवं तपुर पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए गए।अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज अंजली शर्मा ने हरसिद्धि और अरेराज प्रखंड के सहयोग शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में पहुंचे लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सुने तथा मौके पर मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं और मांगें सहयोग शिविर में शालीनतापूर्वक रखें, ताकि उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पंचायत स्तर पर ही आम जनता की समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है।

समस्याएं सुनती एसडीओ।

मधुर स्वर में गूंजता वन्दे मातरम छात्रा सोनम की प्रतिभा ने जीता सबका दिल

राणा विगहा मध्य विद्यालय की अष्टम वर्ग की छात्रा प्रतिदिन चेतना सत्र में देशभक्ति गीत से भरती है उत्साह गायन के साथ चित्रकला में भी है निपुण

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। यदि उसे सही मंच और प्रोत्साहन मिले तो वह स्वयं अपनी पहचान बना लेती है। प्रखंड के मध्य विद्यालय राणा विगहा, बाढ़ की अष्टम वर्ग की छात्रा सोनम कुमारी इन दिनों अपनी मधुर गायिकी और चित्रकला की प्रतिभा से विद्यालय परिवार का दिल जीत रही है।प्रतिदिन विद्यालय के चेतना सत्र में मौसमी कुमारी जब अपनी सुरीली आवाज में राष्ट्रगीत ष्वन्दे मातरम्, वन्दे मातरम्ष प्रस्तुत करती है, तो पूरा विद्यालय देशभक्ति की भावना से सराबोर हो उठता है। उसका मधुर, स्पष्ट और भावपूर्ण गायन न केवल विद्यार्थियों, बल्कि शिक्षकों को भी मंत्रमुग्ध कर देता है। चेतना सत्र का यह पल विद्यालय में प्रेरणा, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का वातावरण निर्मित करता है।सोनम राणा विगहा गांव निवासी रंजीत सिंह की पुत्री है। पढ़ाई के साथ-साथ वह चित्रकला में भी असाधारण रुचि रखती है। उसकी बनाई गई आकर्षक ड्राइंग विद्यालय में सभी का ध्यान अपनी ओर खींचती है। उसकी कलात्मक अभिव्यक्ति उसकी रचनात्मक सोच और बहुमुखी प्रतिभा का परिचायक है।विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि मौशमी अनुशासित, मेहनती और संस्कारी छात्रा है। उसकी प्रतिभा अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है। शिक्षक उसका उत्साहवर्धन करते हुए उसे भविष्य में गायन और चित्रकला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रहे हैं।ग्रामीणों और अभिभावकों का भी मानना है कि यदि ऐसी प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर भी रोशन कर सकती हैं। सोनम कुमारी की सफलता यह संदेश देती है कि छोटे गांवों की बेटियों में भी असीम प्रतिभा छिपी होती है, जिसे पहचानने और निखारने की आवश्यकता है। सोनम कुमारी की यह प्रतिभा निश्चित रूप से अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है और विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक एवं सांसतिक वातावरण को मजबूत कर रही है।

सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान जारी

सोनपुर (एनएसबी) मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के कुशल नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के मार्गदर्शन में दिनांक 06 जुलाई 2026 को मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रेनों में व्यापक स्तर पर विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, नवगछिया सहित मंडल के अनेक प्रमुख स्टेशनों एवं विभिन्न मेलध्एक्सप्रेस तथा यात्री ट्रेनों में टिकट जांच दलों द्वारा सघन जांच की गई। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट, बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा तथा अन्य टिकट संबंधी अनियमितताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।विशेष जांच अभियान के दौरान कुल '3,567' मामले दर्ज किए गए, जिससे रेलवे को 'ध33,33,543' ध- (तैंतीस लाख तैंतीस हजार पाँच सौ तैंतालीस रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ। यह सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे राजस्व की सुरक्षा एवं टिकट जांच व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रमाण है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनपुर मंडल सभी रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, रेलवे के नियमों का पालन करें तथा एक सुरक्षित, सुगम एवं अनुशासित रेल यात्रा सुनिश्चित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार के विशेष मेगा टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे।

टिकट जांच करते रेल अधिकारी।

संक्षिप्त खबरें

सहुरिया व रसलपुर पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित, डीटीओ ने किया निरीक्षण।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के सहुरिया पंचायत के सुगमा गांव एवं रसलपुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय मुरली परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आम लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग काउंटर लगाए गए, जहां लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया तथा सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी एवं सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान डीटीओ सुजीत कुमार बरनवाल ने सभी विभागों के काउंटरों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक लाभार्थी की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गुलशन कुमार झा, अंचलाधिकारी आशीष कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, मुखिया रीना देवी, पीआरएस अजय कुमार, समिति कालो सादा, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह राजद प्रखंड अध्यक्ष अमरेंद्र यादव, राजू यादव, रूपेश कुमार, राकेश कुमार, समिति विनोद कुमार, पीआरएस शंभू कुमार, पीटीए सुमन सिंह, मंटुन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन दिए और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से संपर्क किया।

एक ही रात तीन दुकानों में हजारों की नगदी सहित अन्य सामानों की हुई चोरी

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से आमजन में दहशत का माहौल बना हुआ है। नगर क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित देहद मोड़ के समीप सोमवार देर रात चोरों ने एक साथ तीन दुकानों से हजारों की चोरी की घटना को अंजाम दिया।घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार दक्षिण टोला निवासी दुकानदार अमन कुमार की पान दुकान का ऊपर लगा चदरा उखाड़कर चोर अंदर घुस गए। चोर दुकान से करीब 15 हजार रुपये नकद, रजनीगंधा, सिगरेट समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने कुल करीब 25 हजार रुपये की क्षति होने की बात कही है। इसके अलावा चोरों ने पास की दो अन्य दुकानों में भी हाथ साफ किया। एक मिठाई दुकान से मामूली सामान की चोरी की गई, जबकि दूसरी मिठाई दुकान से एक एलपीजी सिलेंडर चोरी कर लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम घटनास्थल पर आवश्यक छानबीन में जुट गए। घटना के बाबत सोनवर्षा राज थानाध्यक्ष नागमणि कुमार ने बताया कि चोर कि पहचान कर ली गई है। जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एसएफसी गोदाम में एसडीओ का निरीक्षण, डीलरों ने लगाया अवैध वसूली का आरोप

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रेयांश तिवारी ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएफसी गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी आशिष कुमार भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में जनवितरण प्रणाली के डीलरों ने एसडीओ को लिखित आवेदन सौंपकर एसएफसी गोदाम के एजीएम एवं उनके अधीन कार्यरत सहायक मो तनवीर पर गंभीर आरोप लगाए। डीलरों का आरोप है कि उन्हें प्रत्येक माह आवंटन से कम अनाज दिया जाता है और इसके बदले अवैध राशि की वसूली की जाती है। डीलरों ने आवेदन में बताया कि अरवा एवं उसना चावल की आपूर्ति के नाम पर प्रति क्विंटल 200 रुपये की अवैध वसूली की जाती है। कई डीलरों ने अपने आरोपों के समर्थन में सहायक तनवीर के फोन-पे खाते में भेजी गई राशि के स्क्रीनशॉट भी एसडीओ को उपलब्ध कराए। शिकायतों के बाद एसडीओ ने गोदाम का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोदाम परिसर में अनाज बिखरा मिला तथा कई अन्य अनियमितताएं भी सामने आईं। व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए एसडीओ श्रेयांश तिवारी ने एजीएम राशिद अख्तर को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल गोदाम की व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर डीलर संघ के अध्यक्ष अशोक साह, उपाध्यक्ष लड्डू भगत, महामंत्री सुरेंद्र यादव, गजेन्द्र साह, भोला सिंह, अश्विनी भारती सहित बड़ी संख्या में डीलर उपस्थित रहे।

बलुआहा में जीविका बैंक सखी अब करेंगे सीएसपी केंद्र का संचालन

कहरा (सहरसा) (एनएसबी)। वित्तीय सहायता एवं लेन देन के लिए अब जीविका दीदी बैंकिंग कार्य में भी हाथ बंटा हरी है। कहरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनपुर स्थित बलुआहा में जीविका दीदी नेहा कुमारी ने बिहार ग्रामीण बैंक के सीएसपी का संचालन शुरू किया है। सीएसपी शाखा का मुखिया अरूण यादव,सरपंच लालबहादुर साह जीविका बीपीएम बिनोद सोनवर्षा कचहरी बैंक के शाखा प्रबंधक स्वेता भारती सहित अन्य ने फीता काट कर उद्घाटन किया। शाखा प्रबंधक स्वेता भारती ने बताया कि पंचायत में लोगों तक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के साथ डिजिटल लेनदेन की जानकारी दी जाएगी।साथ ही केंद्र पर जीविका दीदियों को ऋण सुविधा मिलेगी।दीदी द्वारा संचालित सीएसपी में आम ग्रामीणों का भी खाता खोला जाएगा।जिवीका कहरा के बीपीएम बिनोद कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जीविका दीदी को बैंकिंग सुविधा मे परेशानी होती थी।आम जनों तक बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक ग्राम पंचायत में एक सीएसपी योजना के तहत बलुआहा में सीएसपी शाखा की शुरूआत की गई है। मौक पर एकोनटेंट माधव कुमार,सीसी अन्नू कुमारी, अध्यक्ष रामरती देवी, रूपा कुमारी, बुक किपर गौत्तम कुमार, सीएम अंशु कुमारी, रितु कुमारी पूर्व सैनिक विजय यादव, पूर्व प्रमुख शशि कुमार यादव, सेवानृवित शिक्षक राधा कृष्ण यादव, उपेंद्र प्रसाद उज्जला सहित अन्य मौजूद रहे।

बाइक से जा रहे युवक को शराब के साथ पुलिस ने दबोचा

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तेलियाहाट बाजार में बाइक से जा रहे एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान मनिन्दर भगत के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 12 पीस किंगफिशर बीयर (500 एमएल) तथा 10 पीस इम्पीरियल ब्ल्यू (375 एमएल) बरामद किए। बरामद शराब को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से शराब लेकर जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने तेलियाहाट बाजार में वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान बाइक से जा रहे मनिन्दर भगत को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें शराब बरामद हुई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। धबौली दक्षिण पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन, कई समस्याओं का निष्पादन हुआ।

सहरसा के रेड लाइट एरिया में बड़ी छापेमारी, 4 नाबालिग समेत 18 लोग हिरासत में

सील किए गए मकानों में फिर चल रहा था देह व्यापार, रैकेट संचालिका गिरफ्तार, नाबालिगों की काउंसलिंग शुरू

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित भारतीय नगर रेड लाइट एरिया में मंगलवार को पुलिस ने देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 लोगों को हिरासत में लिया।इनमें चार नाबालिग लड़कियां, चार नाबालिग लड़के, नौ महिलाएं तथा कथित सेक्स रैकेट संचालित करने वाली एक महिला शामिल है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साइबर डीएसपी कल्याण आनंद ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में अवैध देह व्यापार संचालित होने की शिकायत मिल रही थी। शिकायतों के सत्यापन के बाद जिला पुलिस एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एएचटीयू की संयुक्त टीम गठित कर छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान पूर्व में प्रशासन द्वारा सील किए गए मकानों से भी लड़कियां बरामद हुईं। इससे स्पष्ट हुआ कि सील किए गए भवनों में भी अवैध गतिविधियां जारी थीं। पुलिस ने मौके से एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। डीएसपी ने बताया कि इससे पहले भी इसी रेड लाइट एरिया में छापेमारी कर 10 महिलाओं और चार नाबालिग लड़कियों को बरामद किया गया था। उस समय जिन मकानों में देह व्यापार संचालित हो रहा था, उन्हें सील कर दिया गया था। इसके बावजूद सील मकानों में फिर से अवैध गतिविधियां संचालित होने का मामला सामने आया है। पुलिस सभी हिरासत में लिए गए नाबालिगों और महिलाओं से पूछताछ कर रही है। साथ ही नाबालिगों की काउंसलिंग एवं संरक्षण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि इससे पूर्व में भी नाबालिग लडकियों से देह व्यापार कराये जाने की शिकायत पर छापेमारी कर जगह को सील कराया गया लेकिन आज फिर से छापेमारी की कारवाई में लडकियों की गिरफ्तारी होना कई सवाल को जन्म देती है। जिस पर गंभीरतापूर्वक कारवाई की जरूरत है।

घर को शील करते पुलिस अधिकारी ।

बड़गांव सहित विभिन्न पंचायतों में सहयोग शिविर में सैकड़ों मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र की छह पंचायतों में मंगलवार को प्रशासन की ओर से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन की समस्याएं सुनकर सैकड़ों मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। यह शिविर पंचायत भवन बड़गांव, मध्य विद्यालय बड़सम, पड़ड़िया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरसी, काशनगर पंचायत के मध्य विद्यालय बराही, रघुनाथपुर पंचायत के मध्य विद्यालय गोंदराम तथा सरौनी मधेपुरा पंचायत के मध्य विद्यालय सरौनी में आयोजित किया गया। बड़गांव पंचायत भवन में आयोजित शिविर में आधार एवं आयुष्मान सेंटर की व्यवस्था नहीं होने के कारण इनसे संबंधित मामलों का निष्पादन नहीं हो सका। हालांकि अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया। इस दौरान पंचायत के युवा नेता सह मुखिया प्रतिनिधि अविनाश कुमार उर्फ बौआ खां लगातार आमजनों की समस्याओं को लेकर व्यस्त दिखे एवं समस्याओं का निपटारा में लगे रहे। शिविर में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जॉब कार्ड, एलपीसी, बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान के साथ मेडिकल कैंप भी लगाया गया। सभी विभागों के अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे, जहां लोगों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं और आवश्यक सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान अपर समाहर्ता निशांत कुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश, राजस्व पदाधिकारी सैयद बादशाह, मुखिया अनामिका देवी सहित अन्य अधिकारियों ने लाभुकों को विभिन्न प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर में बीडीओ अमित आनंद, एमओ सह बीईओ दानिश राजा, सीडीपीओ, बौआ खां, संबंधित पंचायतों के मुखिया एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे सहयोग शिविरों का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक सरल और त्वरित रूप से पहुंचाना है।

आमजन की समस्याएं सुनते अधिकारी

बंगाली बाजार 31 पर एनआई वर्क, कभी भी 4 घंटे का लिया जा सकता है ब्लॉक

तीनों रेलखंड पर ट्रेन परिचालन सेवा रहेगी बाधित, इसी सप्ताह सिगनलिंग सेटअप करने की चल रही तैयारी, सिगनलिंग सेटअप का काम पूरा होते हैं एप्रोच रोड होगा चालू

सहरसा शहर (एनएसबी)। बंगाली बाजार रेलवे फाटक संख्या 31 अब जल्द बंद होगा। इससे पूर्व सिगनलिंग व्यवस्था को सेटअप करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है जिसके कारण सहरसा में चार घंटे का मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इस दौरान सहरसा मानसी सहरसा सुपौल और सहरसा पूर्णिया रेलखंड पर सिगनलिंग व्यवस्था फेल रहेगी जिससे तीनों रेलखंड पर ट्रेन परिचालन बाधित रहेगी। ज्ञात हो कि सहरसा में यार्ड रीमॉडलिंग वर्क के पहले चरण में बंगाली बाजार से थाना चैक को जोड़ने वाली एप्रोच रोड लगभग तैयार है बल्कि निर्माण एजेंसी ने एप्रोच रोड को रेलवे को हैंडोवर कर दिया है। अब जल्द ही इसे चालू करने की दिशा में रेलवे अपने तैयारी में जुटी है एप्रोच रोड चालू होते ही सैकड़ो साल पुराना बंगाली बाजार रेलवे फाटक संख्या 31 बंद हो जाएगा इसे लेकर समस्तीपुर रेल मंडल ने सिगनलिंग डिपार्टमेंट को सिगनलिंग सेटअप करने का जल्द से जल्द निर्देश दिया है। सिगनलिंग सिस्टम का काम पूरा होते ही एप्रोच रोड को चालू कर दिया जाएगा। इसके बाद बंगाली बाजार रेलवे फाटक सदा के लिए बंद हो जाएगा।सिगनलिंग विभाग के एक अधिकारी के मुताबिक बंगाली बाजार 31 पर एन आई वर्क के कारण 4 घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा करीब 4 घंटे तक रेल परिचालन व्यवस्था ठप रहेगी। नए तरीके से सिगनलिंग सिस्टम को सेटअप किया जाना है। कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट से ब्लॉक लेने के लिए बातचीत चल रही है उम्मीद है कि दो से तीन रोज के अंदर ब्लॉक लिया जा सकेगा। एप्रोच रोड 588 मीटर लंबा व 11 मीटर चैड़ा होगा। मानसी और मधेपुरा की तरफ से प्लेटफार्म पर आने वाली ट्रेन से पहले अब रेलवे फाटक नहीं होगा बंद।बंगाली बाजार रेलवे फाटक पर अब नहीं लगेगा जाम। इंजन रिवर्स में भी नहीं आएगी प्रॉब्लम। बंगाली बाजार से एप्रोच रोड से थाना चैक और गांगजला चैक आसानी से पहुंचेंगे लोग।

सहरसा मानसी सहरसा सुपौल जुड़ता स्टेषन

सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान के तहत सहरसा पुलिस ने लगाया सहयोग शिविर, मौके पर सुनी गईं लोगों की समस्याएं

सहरसा नगर (एनएसबी)। जिला पुलिस द्वारा सबका सम्मान जीवन आसान निश्चय अभियान के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनसुनवाई के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं तथा उनके शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-01, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-02, संबंधित थानाध्यक्ष, प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए समन्वित प्रयास करने का भरोसा दिलाया। शिविर के दौरान भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, पेयजल तथा पुलिस से जुड़े मामलों सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की गई। संबंधित विभागों द्वारा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। सहरसा पुलिस ने कहा कि ऐसे सहयोग शिविरों का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करना तथा सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लोगों तक समय पर पहुंचाना है। अभियान के माध्यम से जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

मौके पर पुलिस अधिकारी व कर्मी

जिले के 31 चिन्हित स्थलों पर आयोजित हुआ सहयोग शिविर

सहरसा कार्यालय (एनएसबी)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में चिन्हित कुल 31 स्थलों पर सहयोग शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी दीपेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने कहरा प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, सिरादेयपट्टी में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने लाभुकों को नियमानुसार निष्पादित आवेदनों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा शिविर में उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य आमजन से प्राप्त आवेदनों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा सभी विभागों के समन्वित प्रयास से प्राप्त लगभग शत-प्रतिशत आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन किया जा रहा है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष लंबित मामलों का भी शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।जिलांतर्गत आयोजित सभी 31 सहयोग शिविरों का संचालन वरीय पदाधिकारियों एवं वरीय उप समाहताओं के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

आधुनिक शवदाह गृह में 3500 शुल्क निर्धारण गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ अन्यायः डॉ. धनोज कुमार

सहरसा शहर (एनएसबी)। पूर्व प्रत्याशी, मधेपुरा लोकसभा, अध्यक्ष संत शाही सेवा संघ एवं आई.आई.पी.नेता डॉ.धनोज कुमार ने आधुनिक शवदाह गृह में अंतिम संस्कार के लिए 3500 शुल्क लिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे गरीब, मजदूर, किसान एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में अंतिम संस्कार केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि दिवंगत आत्मा की शांति और मोक्ष से जुड़ी पवित्र आस्था है। वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आधुनिक शवदाह गृह का निर्माण होने से लोगों को उम्मीद थी कि अंतिम संस्कार की व्यवस्था अधिक सम्मानजनक, सुगम और जनहितकारी होगी। लेकिन प्रति शव 3500 का शुल्क निर्धारण जनभावनाओं के विपरीत है। डॉ.धनोज कुमार ने कहा कि जब किसी परिवार का सदस्य इस दुनिया से विदा होता है, तब पूरा परिवार शोक और आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहा होता है। ऐसे समय में इतनी बड़ी राशि वसूलना मानवीय संवेदनाओं के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। गरीब, मजदूर, किसान और असहाय परिवारों के लिए यह शुल्क एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन जाता है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं संबंधित संस्था से मांग की कि शवदाह गृह के शुल्क की तत्काल समीक्षा की जाए तथा गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निःशुल्क अथवा अत्यंत न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार जैसी मूलभूत और धार्मिक आवश्यकता को आम जनता की पहुंच से दूर नहीं किया जाना चाहिए।डॉ.धनोज कुमार ने कहा कि जनहित में निर्मित सार्वजनिक सुविधाओं का उद्देश्य लोगों को राहत देना होना चाहिए, न कि उन पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालना। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं जागरूक नागरिकों से इस जनहित के मुद्दे पर आगे आकर आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जिला प्रशासन जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा, ताकि कोई भी गरीब परिवार आर्थिक अभाव के कारण अपने परिजन के अंतिम संस्कार में अपमान या कठिनाई का सामना न करे।

डॉ0 धनोज

पूर्व बीडीओ रामनाथ चौधरी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट

खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी स्वर्गीय रामनाथ चौधरी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने खगड़िया पहुंचे। संसारपुर खेल मैदान स्थित हेलीपैड पर उनके आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न भगत के नेतृत्व में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका आत्मीय, भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत-अभिनंदन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया और संगठन के पदाधिकारियों से संक्षिप्त मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री के स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा पूरे वातावरण में आत्मीयता और संगठनात्मक ऊर्जा का माहौल रहा। इसके उपरांत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रहीमपुर स्थित गोल्डन रिजर्ट पहुंचे, जहां आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने स्वर्गीय रामनाथ चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय रामनाथ चौधरी ने पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अपने प्रशासनिक जीवन में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की अमिट पहचान बनाई। समाज और प्रशासन के प्रति उनके योगदान को सदैव सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी रामनाथ चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी (बाएं) और कार्यक्रम में मौजूद एनडीए के नेता।

मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से पुण्यात्मा की शांति एवं परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की

श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके आदर्शों एवं जनसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण किया। हेलीपैड पर भाजपा जिला अध्यक्ष शत्रुघ भगत, जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी, लोजपा (रामविलास) के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामानुज चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार शर्मा, जदयू प्रदेश महासचिव सुमित सिंह, जिला महामंत्री ड़ इंदु भूषण कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी सह मुख्य प्रवक्ता मनीष कुमार राय, जिला प्रवक्ता इंजीनियर धर्मेंद्र यादव, जदयू नेता संजय सिंह कुशवाहा सहित भाजपा एवं एनडीए गठबंधन के अनेक वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

संक्षिप्त खबरें

मध्य विद्यालय में प्रथम त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)। परबत्ता प्रखंड के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में मंगलवार से त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा शुरू हो गयी। यह परीक्षा 7 से 13 जुलाई तक दो पालियों में होगी। कक्षा 1 और कक्षा 2 के छात्र और छात्राओं का मौखिक मूल्यांकन किया जाएगा। मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड के प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक संजय कुमार पासवान ने बताया कि प्रथम दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली गई। यह त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा आयोजित की गयी है। कदाचार एवं शांतिपूर्ण परीक्षा को लेकर परबत्ता बीईओ प्रदीप कुमार ने पहले से ही सभी प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया था। त्रैमासिक मूल्यांकन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रखंड स्तर पर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। परीक्षा संचालन में प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, निरंजन कुमार, रामविनोद साह, रामलाल पंडित, मीनाक्षी कुमारी को लगाए गए हैं।

चौथम की दो पंचायतों में जन सहयोग शिविर आयोजित

चौथम (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड के पूर्वी बोर्ने एवं हरदिया पंचायत में मंगलवार को पंचायत भवन परिसर में जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना था। शिविर का शुभारंभ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बीडीओ रंजीत कुमार ने जन सहयोग शिविर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस शिविर के माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्याओं का आवेदन देकर संबंधित विभागों से त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आवास योजना, भूमि संबंधी मामलों, प्रमाण पत्र, पेयजल, बिजली, मनरेगा तथा अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन सौंपे। अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निष्पादन करने का आश्वासन दिया। इस जन सहयोग शिविर में संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। शिविर के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई।

विवाह भवन निर्माण में मुखिया पर मनमानी का आरोप

बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)। माली पंचायत की मुखिया शोभा देवी पर ग्रामीणों ने मनमानी से विवाह भवन का निर्माण अपने गृह गांव विष्णुपुर में कराने का आरोप लगाया है। वार्ड नंबर 10 और 11 के दो दर्जन से अधिक महादलित परिवारों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर इस फैसले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मुखिया के विरोध में वार्ड नंबर 11 के वार्ड सदस्य प्रेमचंद कुमार की अध्यक्षता में अकाहा एवं हाजीनगर गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड नंबर 10 और 11 में पर्याप्त आबादी है और वहां सरकारी जमीन भी खाली पड़ी है, इसलिए विवाह भवन यहीं बनना चाहिए। महादलित परिवारों का आरोप है कि मुखिया सिर्फ अपना वोट बैंक बचाने के लिए विवाह भवन को अपने गांव विष्णुपुर ले जाना चाहती हैं, जिससे गरीबों को 4 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू को लिखित आवेदन सौंपा है और कहा है कि यदि जिला पदाधिकारी या प्रखंड विकास पदाधिकारी इस पर संज्ञान नहीं लेते हैं, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

का. अभियंता की पहल पर हुआ नल जल समस्या का निदान

गोगरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों मे नल जल की स्थिति पूरी तरह दयनीय बनी हुई है। लेकिन इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी से करने के बाद कई समस्या का निदान भी किया गया। खघसकर गोगरी पंचायत के वार्ड नंबर चार एवं वासुदेवपुर पंचायत वार्ड चौदह मे तो इसकी स्थिति दयनीय बनी हुई थी। इन दोनो वार्ड के वार्ड सदस्य का कहना था की समस्या की सूचना संबंधित कनीय अभियंता कुंदन कुमार को दे देने के बावजूद भी समस्या का निदान नहीं हो पाया है। इससे कनीय अभियंता कुंदन कुमार की लापरवाही साफ झलकती है। गोगरी पंचायत वार्ड चार के वार्ड सदस्य ममता उपाध्याय ने बताया की कई महीनों से जल नल पाइप लीकेज की समस्या बनी हुई थी । कुछ नये कनेक्शन भी होने थे । इसकी शिकायत जेई कुंदन से करने के बावजूद भी समस्या का हल नहीं हो रहा था। वहीं वासुदेवपुर पंचायत के वार्ड चौदह के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विनय मिश्रा ने कहा की कई ग्रामीणों का शिकायत था की एक सप्ताह से ज्यादा समय से पानी नहीं चलाया जा रहा है। इसका कारण मीटर का रिचार्ज खघ्त्म होना बताया जा रहा था । वार्ड चौदह से ही वार्ड पंद्रह वाले को पानी सप्लाई कर दिया जाता है। जिससे वार्ड चौदह को कम फोर्स मे पानी मिलता है। इसकी भी शिकायत जेई कुंदन को करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही था । इस संबंध मे जब कार्यपालक अभियंता से बात की गयी तो उन्होंने कहा था की की सभी समस्या को नोट कर लिया गया है अग्रेत्तर कार्यवाही की जाएगी।इसके बाद लगभग समस्या को खत्म कर दिया गया है। शायद कार्यपालक अभियंता द्वारा कनीय अभियंता का क्लास लेने के बाद यह समस्या खत्म हुई है।

आशा कार्यकर्ता पंद्रहवे दिन भी रहीं हड़ताल पर

गोगरी (दैनिक नवसंदेश)। अनुमण्डलीय अस्पताल में मंगलवार को पंद्रहवे दिन भी आशा कार्यकर्ताओं ने काम का बहिष्कार करते हुए हड़ताल रखा। इस दौरान गोगरी प्रखंड के आशा संघ ने कहा कि हमारी कई मांग है कि आशा को बकाया वेतन का भुगतान सहित स्थाई कर्मचारी का दर्जा दी जाय। आशा को इक्कीस हजार वेतन निर्धारित की जाय,रिटायर पैकेज दिया जाय,आजीवन पेंशन लागू किया जाय सहित कई मांग है। उन्होंने कहा कि 23 जून से हड़ताल जारी है। इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार को भी अल्टीमेटम देकर हरेक जगह मांग पत्र सौंपा गया है। मांग पूरी नहीं होने पर और भी आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान अस्पताल में भी आशा कार्यकर्ता के बिना कुछ काम ठप रहा। इस अवसर पर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा बिहार सरकार, केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

डीएम ने लिया सिसवा कटाव स्थल का जायजा

दैनिक नवसंदेश

विभाग की ओर से शुरू किया गया कटावरोधी कार्य

चौथम। प्रखंड क्षेत्र के सरसावा पंचायत स्थित शिशवा गांव में कोसी नदी के लगातार हो रहे भीषण कटाव को देखते हुए जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी विक्रम विरकर ने कटाव प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया और फ्लड फाइटिंग विभाग के अधिकारियों को युद्धस्तर पर कटावरोधी कार्य कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विभाग की ओर से कटावरोधी कार्य भी शुरू कर दिया गया।

फ्लड फाइटिंग विभाग के कार्यपालक अभियंता (डिवीजन-दो) मनीष कुमार ने बताया कि कटाव रोकने के लिए स्लोप कटाई, बंबू रोल, हाथी पांव सहित अन्य आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और कटाव को नियंत्रित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीण जवाहर यादव ने जिलाधिकारी को कटाव की भयावह स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों से शिशवा गांव के लोग लगातार कोसी नदी के कटाव की मार झेल रहे हैं। पिछले वर्ष भी दर्जनों परिवारों के घर नदी में समा गए थे। उन्होंने गांव की स्थायी सुरक्षा के लिए दीर्घकालीन कटावरोधी योजना लागू करने की मांग की। स्थानीय पूर्व पंचायत समिति सदस्य घनश्याम यादव ने कहा कि हर वर्ष बरसात के दौरान ग्रामीणों में कटाव का भय बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से इस बार स्थायी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि लोगों को बार-बार विस्थापन की पीड़ा नहीं झेलनी पड़े। वहीं स्थानीय निवासी सोचो यादव ने कहा कि कटाव लगातार आबादी की ओर बढ़ रहा है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो कई और परिवारों के घरों के साथ-साथ गांव की महत्वपूर्ण सड़कें भी खतरे में पड़ सकती हैं।

कटाव स्थल का निरीक्षण करते डीएम।

पिछले तीन वर्षों से कोसी नदी के कटाव की मार झेल रहे हैं शिशवा गांव के लोग

निरीक्षण के दौरान चौथम अंचलाधिकारी रवि राज, वीडियो रंजीत कुमार, बीपीआरओ मयंक, सरसावा पंचायत के मुखिया मो़ मोजाहिर आलम, सरपंच सुभाष यादव, पंचायत समिति सदस्य विनो सदा, राजस्व कर्मचारी रणधीर कुमार, स्वच्छता प्रवेक्षक रौशन कुमार, एसडीआरएफ की टीम, फ्लड फाइटिंग विभाग के कनीय अभियंता प्रिंस कुमार,मुकेश कुमार, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

बागमती नदी में डूबे युवक का दूसरे दिन भी नहीं मिला सुराग

चौथम (दैनिक नवसंदेश)। मध्य बौरने पंचायत स्थित जयप्रभा नगर के पास बागमती नदी में डूबे 18 वर्षीय युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं मिल सका। सोमवार शाम से शुरू हुई तलाश मंगलवार देर शाम तक जारी रही, लेकिन युवक का शव बरामद नहीं हो सका। एनडीआरएफ की टीम लगातार नदी में सर्च अपरेशन चला रही है। जानकारी के अनुसार, डूबने वाला युवक शंभू चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार है। ग्रामीणों के मुताबिक सोमवार को रजनीश अपने कुछ साथियों के साथ बागमती नदी किनारे गया था। इसी दौरान अचानक बारिश शुरू हो गई, जिससे वह भींग गया। इसके बाद उसने अपना मोबाइल फोन और पैसे साथियों के पास रख दिए और नदी में नहाने के लिए उतर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नदी में उतरने के कुछ ही देर बाद रजनीश तेज बहाव की चपेट में आ गया और देखते ही देखते गहरे पानी में लापता हो गया। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय ग्रामीणों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश शुरू कर दी। ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना प्रशासन को दिए जाने के बाद एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। मंगलवार सुबह से टीम ने बागमती नदी में सघन सर्च अपरेशन शुरू किया। गोताखोरों और बचावकर्मियों ने कई घंटों तक नदी के विभिन्न हिस्सों में खोजबीन की, लेकिन देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है और बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे जुटे हुए हैं।

सांप के डंसने से 12 वर्षीया बच्ची की मौत

चौथम (दैनिक नवसंदेश)। मालपा गांव में बीती रात जहरीले सांप के काटने से 12 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृत बच्ची की पहचान मालपा गांव वार्ड संख्या-3 निवासी साजन पटेल की 12 वर्षीय पुत्री निराशा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, बीती रात निराशा कुमारी घर में सो रही थी। देर रात वह बाथरूम जाने के लिए उठी और घर के आंगन में बने चापाकल के पास गई। इसी दौरान वहां छिपे एक जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। बच्ची के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और तत्काल उपचार के लिए पहले झाड़-फूंक कराई। इसके बाद उसे स्थानीय निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की सूचना मिलते ही चौथम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री प्रभाकर सिंह भी मृत बच्ची के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा उन्हें ढ़ांढ़स बंधाया। इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बरसात के मौसम में बढ़ते सर्पदंश की घटनाओं को देखते हुए लोगों को जागरूक करने और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

मृतक के परिजनों के साथ गांव के लोग।

अंतिम सांसें गिन रहा भरतखंड का मुगलकालीन महल

परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)। प्रखंड की सौढ़ दक्षिणी पंचायत अंतर्गत भरतखंड गांव में स्थित ऐतिहासिक मुगलकालीन किलेनुमा महल '52 कोठरी, 53 द्वार' आज उपेक्षा के कारण धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। सदियों पुरानी यह ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण के अभाव में अपनी पहचान खोने की कगार पर है। हालांकि, हाल ही में कला एवं संस्ति विभाग की टीम के निरीक्षण से इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की उम्मीद एक बार फिर जागी है। करीब 5 बीघा, 5 कट्ठा, 5 धुर और 5 धुरकी क्षेत्रफल में फैले इस विशाल महल का निर्माण 17वीं शताब्दी में मध्य प्रदेश के सोलंकी वंश के राजा बैरम सिंह ने कराया था। निर्माण कार्य मुगलकालीन प्रसिद्ध कारीगर मोहम्मद बरकाती मियां के नेतृत्व में हुआ था, जिन्होंने मुंगेर किले के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। महल की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अनोखी बनावट है। इसमें 52 कोठरियां और 53 द्वार बनाए गए हैं, जिससे यह एक रहस्यमयी भूलभुलैया जैसा प्रतीत होता है। राख, चूना और सुरखी से निर्मित इस महल में एक से दो फीट आकार तक की 51 प्रकार की ईंटों का प्रयोग किया गया है। महल परिसर का चमत्कारी मंडप आज भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इसके चारों खंभों पर हल्की चोट करने पर अलग-अलग मधुर ध्वनियां सुनाई देती हैं। इसके अलावा रानी के ान के लिए तालाब, मंदिर तक जाने वाली गुप्त सुरंग, दीवारों पर सुंदर चित्रकारी और बारीक नक्काशी इसकी ऐतिहासिक भव्यता की गवाही देती है। कला एवं संस्कृति पदाधिकारी खगड़िया घनश्याम कुमार ने पूर्व में इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा था। इसी कड़ी में मंगलवार को कला एवं संस्ति विभाग की टीम में सहायक अभियंता अरविंद कुमार तिवारी, वरीय तकनीकी सहायक डॉ. हर्षवर्धन कुमार तथा कनीय अभियंता सुरंजन कुमार भरतखंड गांव पहुंचे। अधिकारियों ने महल का निरीक्षण किया, उसका नक्शा प्राप्त किया तथा स्थानीय ग्रामीणों से इसके इतिहास की जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्राप्त सभी जानकारियों से विभाग को अवगत कराया जाएगा। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि उमेश कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने विभागीय टीम से महल का संरक्षण कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की, ताकि यह ऐतिहासिक धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सके।

कला एवं संस्कृति विभाग की टीम ने किया स्थल निरीक्षण

स्मैक पीने के आरोप में छह लोग पकड़े गए

बेलदौर **(दैनिक नवसंदेश)।** बेलदौर पुलिस ने स्मैक पीने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस संबंध में पुलिस ने सभी गिरफ्तार अभियुक्तों पर बीएनएस की सुसंगत धारा 128 के तहत मामला दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना पर पुलिस की टीम सोमवार के संध्या में पनशलवा पंचायत सरकार भवन के बगल में संचालित एक मीनी जलमीनार के नीचे बने कमरे में छापामारी की। जिसमें आधा दर्जन युवाओं को स्मैक पीने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बताया जाता है कि जलमीनार के संचालक सह विधायक का भतीजा परमेश्वर उर्फ पंसी सिंह के पुत्र रंजीत कुमार पटेल अपने साथ पांच युवाओं को बिठा कर स्मैक का सेवन कर रहे थे। जिसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। गिरफ्तार होने वालों में बेलदौर थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के वार्ड नंबर आठ पनशलवा गांव निवासी सिकंदर सिंह के पुत्र संतोष कुमार, विवेक सिंह के पुत्र नीरज कुमार, वार्ड नंबर तेरह निवासी जयनंदन सिंह के पुत्र गोलू कुमार, तेलिहार पंचायत के वार्ड नंबर पांच निवासी सुमित सिंह के पुत्र छोटू कुमार एवं वार्ड नंबर सात निवासी अशोक शर्मा के पुत्र सौरव कुमार का नाम शामिल है। वही थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि 6 स्मैकर को गिरफ्तार किया गया।

दो अगस्त को होगा पूर्व विधायक और स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का अनावरण

खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) बिहार राज्य कमिटी के 24वें बिहार राज्य सम्मेलन की तैयारियों को लेकर भाकपा जिला कार्यालय योगीन्द्र भवन में सम्मेलन की स्वागत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नारायण साह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए एटक की राष्ट्रीय सचिव सह पूर्व विधानपार्षद उषा सहनी ने कहा कि केंद्र की वर्तमान भाजपा-एनडीए सरकार लगातार मजदूर विरोधी नीतियां लागू कर रही है। श्रम कानूनों में बदलाव कर श्रमिकों के वर्षों के संघर्ष से हासिल अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है तथा करपोरेट घरानों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नई श्रम संहिताओं के माध्यम से नौकरी की सुरक्षा, श्रमिक अधिकारों और ट्रेड यूनियनों की भूमिका को सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे देश का मेहनतकश वर्ग कभी स्वीकार नहीं करेगा। बिहार राज्य कमिटी, एटक महासचिव अजय कुमार ने कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। आवश्यक वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों से मजदूरों, किसानों, कर्मचारियों और आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है। केंद्र सरकार सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण कर रोजगार के अवसरों को कम कर रही है तथा देश की संपत्तियों को करपोरेट घरानों के हवाले करने में लगी है। उन्होंने कहा कि एटक मजदूरों के अधिकारों, सम्मानजनक मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करेगा। बैठक में बताया गया कि एटक बिहार राज्य कमिटी का 24वां बिहार राज्य सम्मेलन 2, 3 एवं 4 अगस्त को खगड़िया के के़एऩ क्लब में आयोजित होगा, जिसमें राज्यभर से सैकड़ों प्रतिनिधि, ट्रेड यूनियन नेता एवं कार्यकर्ता भाग लेंगे। सम्मेलन में श्रमिकों के अधिकार, श्रम कानून, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी, निजीकरण, महंगाई, बेरोजगारी तथा अन्य ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगामी आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। सम्मेलन के प्रथम दिन 2 अगस्त को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पूर्व राज्य सचिव सह पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह तथा स्वतंत्रता सेनानी व कम्युनिस्ट नेतायोगीन्द्र शर्मा की प्रतिमा का अनावरण भाकपा जिला कार्यालय योगीन्द्र भवन में किया जाएगा। प्रतिमा का अनावरण पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं एटक महासचिव अमरजीत कौर करेंगी। प्रतिमा अनावरण के उपरांत वे के़एऩ क्लब परिसर में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगी। सम्मेलन के दौरान विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श, प्रतिनिधि सत्र तथा नई राज्य कमिटी का गठन भी किया जाएगा। बैठक को खेत मजदूर यूनियन के बिहार उप महासचिव पुनीत मुखिया, बिहार महिला समाज की खगड़िया प्रभारी ललिता कुमारी, एटक खगड़िया जिला प्रभारी ललन लालित्य, भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह तथा वरिष्ठ नेता प्रभाशंकर सिंह ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने सम्मेलन एवं प्रतिमा अनावरण समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में स्वागत, आवास, भोजन, परिवहन, प्रचार-प्रसार तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. अंकित कुमार, बिंदेश्वरी साह, अनिल कुमार सिंह, मनोज सदा, विभाष चंद्र बोस, सुबोध राय, हेमंत कुमार, बिट्टू मिश्रा, चंद्रजीत कुमार सहित स्वागत समिति के सदस्य तथा विभिन्न जनसंगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

सहयोग शिविर में पहुंचे जिलाधिकारी

फतुहा। बिहार सरकार द्वारा आयोजित जेठुली के सहयोग शिविर में मंगलवार को पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने पहुंचकर शिविर का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने कई लाभुकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपने कनीय अधिकारियों, कर्मचारियों को उचित दिशानिर्देश दिए। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, भूमि संबंधी, जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, श्रम पंजीकरण, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा, विधवा दिव्यांग पेंशन, किसान संबंधी योजनाओं सहित विभिन्न सरकारी सेवाओं के सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए। दूसरी ओर बारिश का भी असर विभिन्न शिविरों में देखने को मिला जिसके कारण अन्य दिनों की अपेक्षा शिविरों में कम लाभुक पहुंचे।

अगवा कार चालक के बयान पर प्राथमिकी दर्ज

फतुहा। सोमवार को फतुहा-दनियावां राजमार्ग के जनार्दनपुर के पास अगवा कार चालक के बयान पर फतुहा थाने में पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। रंगदारी मांगने और मारपीट करने के चालक के बयान पर पुलिस ने यह प्राथमिकी दर्ज की गई है।
सोमवार को कार और बाइक की टक्कर के बाद उग्र लोगों ने कार चालक हिलसा जोगीपुर निवासी विकास कुमार को अगवा कर लिया था जिसे पुलिस ने सघन छापेमारी करते हुए करीब तीन घंटे बाद उसे सकुशल बरामद कर लिया।
थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि आवेदन के आलोक में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर आयोजित

दनियावां। प्रखंड के सिंगरियावां पंचायत के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगरियावां में पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पंचायत की मुखिया श्रीमती रूबी कुमारी ने प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किया।शिविर में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभागों से संबंधित समस्याओं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, हर घर नल-जल योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नली-गली निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने आवेदन जमा किए।विभिन्न विभागों के अंतर्गत कुल 66 आवेदन प्राप्त होने की सूचना प्राप्त हुई है।बीडीओ ने बताया कि सभी आवेदनों की प्रविष्टि सहयोग पोर्टल पर की जा रही है।शिविर का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका कुमारी, अंचलाधिकारी श्रीमती गीता कुमारी, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

100 किलो गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बाढ़ रामष्णा के नेतृत्व में हाथीदह क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान करीब 100 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। इस मामले में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तस्करी में प्रयुक्त तीन वाहनों को भी जब्त कर लिया गया।पुलिस गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर गांजा तस्करी के नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले का जल्द ही विस्तृत खुलासा किया जाएगा। इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मच गया है।

छात्राओं की सुरक्षा को लेकर प्रमुख शिक्षण संस्थानों के पास पुलिस बल की तैनाती

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने स्कूलों और कलेजों के आसपास पुलिस बल की नियमित तैनाती शुरू कर दी है। इस व्यवस्था के बाद छात्राओं में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है, जबकि मनचलों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है।पुलिस की ओर से संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि छात्राओं से छेड़छाड़, पीछा करने या किसी भी प्रकार की अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस पहल का अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया है।

पगडंडियों पर चलकर जिला अधिकारी ने सुनी महादलित परिवार की समस्या

आजादी के साथ दशक पूरे होने के बावजूद महादलित परिवार को नसीब सड़क, सहयोग शिविर में महाद्वीप परिवार ने सुनाया अपना दर्द

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। प्रखंड के पूर्वी इंद्ररुख पंचायत के उच्च विद्यालय परिसर में सेवा सिविल का आयोजन किया गया। सहयोग सिविल में उपस्थित जिलाधिकारी निखिल धनराज मैं जहां कई तरह के योजनाओं को जमीनी रूप देते हुए लाभुकों को सुति पत्र एवं चेक का वितरण किया।

पगडंडियों पर चलते एवं लाभुक चेक देते जिलाधिकारी।

वहीं शिविर में जब जनता की समस्या से रूबरू होना किया तो गांधी टोला के महादलित परिवारों ने अपना दर्द बताते हुए कहा कि आजादी के 7 दशक पूरे होने के बावजूद हम लोगों को पगडंडियों पर चढ़कर अपने गांव से मुख्य सड़क जाना पड़ता है। वर्षो से सड़क बनने का प्रयास हम लोग कर रहे हैं पर दबंग लोग बने नहीं दे रहे हैं। महादलित परिवार के इस दर्द भरी शिकायत को सुनकर जिलाधिकारी शिविर से उठकर तुरंत पगडंडी भरे रास्ते पर चलकर गांधी टोला गांव पहुंचे जहां लोगों के दर्द को अन स्पट देखते हुए इसका निदान करने का हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया। इसके पहले सहयोग शिविर में किसान, मजदूर, छात्र-छात्रा, राशन, भूमि विवाद, लेबर कार्ड से संबंधित अपनी समस्या को रखा। इसके पहले जिलाधिकारी का स्वागत प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष मुनीलाल मंडल के नेतृत्व में ग्रामीण जनप्रतिनिधि ने किया। मौके पर बीडीओ ड प्रभात रंजन, सीओ राकेश कुमार, मुखिया सुरेंद्र पासवान,पैक्स अध्यक्ष अमित कुमार, प्रमोद पासवान सहित कई पदाधिकारी ग्रामीण जनता मौजूद थे।

पशु चिकित्सक श्री मंगल को सम्मानित कर विदाई समारोह आयोजित

सोनपुर (एनएसबी) अनुमंडल पशुपालन कार्यालय-सह-प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय सोनपुर (सारन) प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी-सह-भ्रमणशील पशु

पशु चिकित्सक सहित कर्मी तथा मंत्रीगण।

चिकित्सा पदाधिकारी विजय प्रसाद मंडल का डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के अधिसूचना के आलोक में ड़ निक्कू महेन्द्र को अपना पदभार सौप दी। नए पशुपालन पदाधिकारी के रुप में पदभार ग्रहण करने पर ड़ निक्कू महेन्द्र को पशु चिकित्सक पदाधिकारी एवं कर्मियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। स्थानांतरित प्रथम वर्गीय पशुपालन पदाधिकारी-सह-भ्रमणशील पशु चिकित्सक को दक्षिण विहार पटना मसौढ़ी के पद पर होने पर स्वागत करते हुए उत्ष्ट कार्यो के लिए विदाई-सह- सम्मान समारोह आयोजित कर अंग-वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी ड अनुष्का ने ड़ विजय प्रसाद मंडल के कार्यकाल को सराहनीय बताया और उज्जवल भविष्य और नवीन दायित्व के सफल निर्वहन की शुभकामना दी। नये प्रथम वर्गीय पशुपालक पदाधिकारी ड़निक्कू महेन्द्र का स्वागत करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में विभागीय योजनाओं को प्रभावी ढंग क्रियान्वयन तथा पशुपालकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन ड़ अनुष्का, सोनी, सौरभ, गोविंद शर्मा, राजश्री दास मैत्री, प्रेमनाथ कुमार मैत्री, रौशन कुमार मैत्री, दीपक कुमार मैत्री, सुबोध कुमार मैत्री, धन्यंजय कुमार मैत्री, सिम्मी मैत्री, मिलन कुमार मैत्री, राकेश कुमार मैत्री, पशुपालक राजू कुमार और उपस्थित गणमान्य लोगों ने ड़ विजय प्रसाद मंडल के कार्यो की प्रशंसा और सराहना की।

दस साल बाद भी सोनपुर शहर में शराब कारोबार फल-फूल रहा

सोनपुर (एनएसबी) शराब बंदी का दस साल बीत गया, लेकिन देशी-विदेशी शराब कारोबार थमने का नाम नहीं लिया। बड़े और छोटे शराब कारोबारी पकड़े गए और जेल भी गए और आज तक लाखों-करोड़ों की शराब पकड़ी भी गई। वहीं राहगीरों से लेकर आम लोगों का कहना है कि शराब कारोबारी इतना सशक्त है इसका असर उस पर नहीं पड़ा। लेकिन परिणाम ढाल की तीन पात वाली कहावत चरितार्थ बनी। कुछ ऐसे भी शराब कारोबारी मौजूद और बिराजमान है, जिनकी पहुंच-पैरवी स्थानीय पुलिस तक कायम है। जिसके बल-बूते अपने दूकान में युवाओं को वहला-फुसला शराब-पीते और पिलाते हैं। यह सारा खेल इन दिनों महेश्वरी चौक से लेकर आनंदपुर गांव तक फैली है। इस धंधे में गरीब और कमजोर परिवार के बच्चे को शामिल कर शराब कारोबार चला रहे है। इन बच्चे के हाथों एक जगह से दुसरे जगह शराब आपूर्ति कराता है। किसी ने किसी बात का विरोध किया तो तरह-तरह की धमकियां देने लगता है। इतना ही नहीं आपूर्तिकर्ता बालक को भी पिलाते हैं। शाम ढलते देर रात्री तक महेश्वरी चौक के आसपास सड़क पर घुमते रहते, आनंदपुर नहर रैलिंग पर बैठे रहते हैं। कुछ ऐसे नवयुवक बैठे रहते जो कि अपराधी प्रवृति का होता। अंधकार का फायदा उठाकर सुनसान स्थान छिनताई तक करते हैं। आनंदपुर गांव से लेकर शिकारपुर जाने वाली निचली सड़क आए दिन चर्चा में रहता है।

जमालपुर में सुपर एक्सप्रेस ट्रेनों का मेंटेनेस शुरू

मुख्य चल स्टक इंजीनियर ने किया कोचिंग डिपो का निरीक्षण

जमालपुर (मुंगेर)। पूर्व रेलवे कोलकाता के मुख्य चल स्टक इंजीनियर (कोचिंग) गौरव कुमार सिंह एक दिवसीय दौरे पर मंगलवार को जमालपुर पहुंचे। यहां पहुंचते ही उन्होंने लोको स्थित पीट लाइन का निरीक्षण किया। इसके बाद अधिकारियों के साथ काली पहाड़ी डीजल शेड परिसर में नव निर्मित कोचिंग डिपो का जायजा लिया।करीब आधे घंटे तक उन्होंने कोचिंग डिपो के विभिन्न सेक्शन, उपलब्ध सुविधाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय रेल अधिकारियों ने उन्हें डिपो की तैयारियों की जानकारी भी दी। हालांकि निरीक्षण के बाद मुख्य चल स्टक इंजीनियर ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और किसी भी विषय पर आधिकारिक टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।रेल सूत्रों की मानें तो यह निरीक्षण जमालपुर में सुपर एक्सप्रेस ट्रेनों के मेंटेनेंस कार्य शुरू होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पिछले दिनों इस संबंध में आधिकारिक स्तर पर मेंटेनेंस की स्वीति मिलने की पुष्टि की गई थी, लेकिन अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है।मुख्य चल स्टक इंजीनियर के इस निरीक्षण के बाद यह उम्मीद और मजबूत हो गई है कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही जमालपुर कोचिंग डिपो में सुपर एक्सप्रेस ट्रेनों के मेंटेनेंस कार्य को जल्द हरी झंडी मिल सकती है। यदि ऐसा होता है तो इससे जमालपुर रेल मंडल की तकनीकी क्षमता बढ़ेगी और रेलवे परिचालन को भी मजबूती मिलेगी।

निरीक्षक को जाते रेल अधिकारी।

छठा अजय कुमार सिंह बच्चपन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में पहली बार होगी महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

जमालपुर (मुंगेर)। खेल प्रतिभाओं को नया मंच देने और महिला फुटबल को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब, जमालपुर द्वारा आयोजित छठा अजय कुमार सिंह श्बच्चनश मेमोरियल फुटबल टूर्नामेंट2026 में पहली बार महिला फुटबल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी क्लब के संगठन सचिव राम गोपाल शर्मा ने दी।उन्होंने बताया कि यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 5 से 13 सितंबर 2026 तक ज़ेएसएस. ग्राउंड, जमालपुर में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में बिहार के अलावा पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और नेपाल की महिला टीमों ने भाग लेने की सहमति दी है। इससे टूर्नामेंट का रोमांच और प्रतिस्पर्धा दोनों बढ़ने की उम्मीद है।टूर्नामेंट के मुख्य संरक्षक विनय प्रसाद बरनवाल (सीडब्ल्यूएम, जमालपुर) होंगे। संरक्षक की जिम्मेदारी प्रीतम कुमार (स्पोर्ट्स अफिसर) निभाएंगे, जबकि संतोष कुमार अध्यक्ष होंगे। आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कुमार श्अरुणश हैं।समिति में ड़ दिनेश दुबे, लालमोहन गुप्ता (एमएलसी), राजेंद्र यादव, पंकज दुबे, विनोद उपाध्याय, रंजीत प्रसाद, रतन दास, शशि शेखर लाल, सुदीप कुमार गुप्ता, संजय कुमार सिंह, संजय कुमार श्टिंवकलश, आदित्य सिंह, हरीश प्रसाद ओखेंडीयर, मृत्युंजय सिंह, मिथुन कुमार, अमिताभ दास सहित कई सदस्य आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि महिला प्रतियोगिता के शामिल होने से क्षेत्र में महिला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा अवसर मिलेगा।

बैठक करते इलेवन स्टार एथलेटिक क्लब।

नगर परिषद के सहयोग शिविर में गूंजी नाली, सड़क और पेयजल की समस्याएं

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर नगर परिषद की ओर से वार्ड संख्या 4 एवं 5 के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम में मुख्य पार्षद पार्वती देवी, वार्ड पार्षद सोनू मंडल एवं वार्ड पार्षद दीपांजलि देवी उपस्थित रहीं शिविर में सहायक अभियंता विवेक कुमार, कनीय अभियंता नीलू कुमारी, सिविल इंजीनियरिंग विक्रम कुमार, राकेश रोशन, रितेश कुमार, सफाई निरीक्षक सतनारायण मंडल, शशिकांत,मनोज पासवान, पसुजीत कुमार, रूपेश कुमार, स्वच्छता साथी संजय कुमार व सुरेंद्र कुमार, बुडको के कनीय अभियंता शिवम कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।शिविर में लगभग 40 से 50 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकांश शिकायतें नाली निर्माण, सड़क की बदहाल स्थिति, पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट से संबंधित थीं। स्थानीय लोगों ने 212 नंबर पुल से दुर्गा स्थान होते हुए मुंगरा चौक तक अधूरी सड़क को शीघ्र पूरा कराने की मांग की। साथ ही बताया कि करीब 40 से 50 घरों में अब तक पानी का कनेक्शन नहीं है, जबकि कई स्थानों पर कनेक्शन होने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं हो रही है।नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट लगाने का टेंडर हो चुका है और जल्द ही कार्य शुरू कराया जाएगा। वार्ड संख्या 4 की निवासी नितिन देवी ने अपने घर के सामने स्थित जर्जर और अनुपयोगी पेड़ की कटाई तथा वहां स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की। अधिकारियों ने सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन कराने का आश्वासन दिया।

सहयोग शिविर में उपस्थित मुख्य पार्षद सहित अन्य।

संक्षिप्त खबरें

फिर तेज हुई बाढ़ को जिला बनाने की मांग

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ को अलग जिला बनाने की वर्षो पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। इस बार इस मुद्दे को लेकर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह श्राजूश सक्रिय भूमिका में नजर आ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों के बीच इस पहल को लेकर नई उम्मीद जगी है और राजनीतिक हलकों में भी इसकी चर्चा तेज हो गई है।जानकारी के अनुसार, राजेश सिंह राजू जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बाढ़ को जिला घोषित किए जाने की मांग संबंधी एक विस्तृत ज्ञापन सौंपने की तैयारी में हैं। प्रस्तावित ज्ञापन में बाढ़ की गौरवशाली ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, धार्मिक एवं सांसतिक महत्व, भौगोलिक स्थिति, बढ़ती जनसंख्या, प्रशासनिक आवश्यकता तथा क्षेत्र के समग्र विकास की संभावनाओं का विस्तार से उल्लेख किया जाएगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि बाढ़ लंबे समय से अनुमंडल मुख्यालय होने के बावजूद जिला बनने की सभी प्रमुख योग्यताएं रखता है। जिला का दर्जा मिलने से प्रशासनिक कार्यो में तेजी आएगी, आम लोगों को सरकारी सेवाओं के लिए पटना की दौड़ कम करनी पड़ेगी और शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, रोजगार तथा आधारभूत संरचना के विकास को नई गति मिलेगी।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि इस बार सरकार के समक्ष तथ्यों और जनभावनाओं के साथ प्रभावी ढंग से पक्ष रखा गया, तो बाढ़ को जिला बनाने की मांग एक बार फिर गंभीर चर्चा का विषय बन सकती है। हालांकि अंतिम निर्णय राज्य सरकार के स्तर पर ही लिया जाएगा।अब क्षेत्र की निगाहें मुख्यमंत्री से प्रस्तावित मुलाकात और उसके बाद सरकार की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि वर्षो से उठती रही यह मांग इस बार कितनी दूर तक पहुंचती है और बाढ़ को जिला बनाने का सपना कब साकार होता है।

लंबित कांडों पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़ की सख्ती अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए थानाध्यक्षों को दिए कड़े निर्देश

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ अनुमंडल में अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बाढ़-01) राम ष्णा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों एवं अनुसंधानकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित कांडों की गहन समीक्षा की और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।बैठक के दौरान नए एवं पुराने मामलों की जांच की प्रगति का बिंदुवार आकलन किया गया। एसडीपीओ नेअनुसंधानकर्ताओं को निर्देश दिया कि प्रत्येक कांड की वैज्ञानिक एवं तकनीकी तरीके से जांच सुनिश्चित की जाए तथा सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कल डिटेल, डिजिटल एवं इलेक्ट्रनिक साक्ष्यों का अधिकतम उपयोग कर मामलों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया जाए।उन्होंने स्पष्ट कहा कि हत्या, लूट, डकैती, छिनतई और अन्य गंभीर मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने, वारंट एवं कुर्की के मामलों में तेजी लाने तथा अपराधियों पर लगातार दबाव बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।एसडीपीओ ने सभी थानाध्यक्षों को रात्रि गश्ती और सघन वाहन जांच अभियान को और प्रभावी बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। इसके अलावा अवैध हथियार, शराब, मादक पदार्थो की तस्करी एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन, कानून-व्यवस्था को और सुढ़ बनाने तथा आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम रखने को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि अपराध नियंत्रण और अनुसंधान की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

भव्य कलश यात्रा के साथ सैदापुर में मां महारानी प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ अनुमंडल के पंडारक प्रखंड अंतर्गत सैदापुर स्थित महारानी स्थान में मां महारानी प्राण-प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठानों और श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर हो उठा।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवतियों एवं श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए ष्जय मां महारानीष के उद्घोष के साथ आगे बढ़े, जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा का स्वागत कर पुण्य लाभ अर्जित किया।आयोजन समिति के अनुसार 7 जुलाई से 13 जुलाई तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा, हवन-पूजन, वैदिक अनुष्ठान एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कथा का श्रवण करने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मां महारानी की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पूरे सैदापुर गांव में उत्सव जैसा माहौल है। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सात दिवसीय कथा एवं धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

सहयोग शिविर से सरकार पहुँची जनता के द्वार, योजनाओं का लाभ अब होगा और आसान

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। अथमलगोला प्रखंड में बिहार सरकार के निर्देशानुसार आयोजित श्सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं और आवेदनों का निष्पादन कराया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा, आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, पेंशन, पंचायत संबंधी सेवाओं सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दीवा श्री ने कहा कि सहयोग शिविर केवल सरकारी योजनाओं के वितरण का मंच नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी सार्थक होता है, जब शासन स्वयं जनता के द्वार तक पहुँचे और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करे। बिहार सरकार की यह पहल इसी सोच को साकार कर रही है। लंबे समय तक आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यो के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब सरकार की मंशा है कि अधिकारी स्वयं पंचायतों और गांवों तक पहुँचकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दें, आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं और पात्र लाभार्थियों को बिना किसी परेशानी के सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। इससे प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होगा।दीवा श्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी और सरकारी सेवाओं तक पहुँच का अभाव बड़ी चुनौती रहा है। सहयोग शिविर इस दूरी को समाप्त करने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। शिविरों में एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आम नागरिकों का समय, श्रम और आर्थिक बोझ कम हो रहा है।उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर सामाजिक समानता और पारदर्शी प्रशासन की नई पहचान हैं। यहाँ प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के समान सम्मान के साथ अपनी बात रखने और सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का अवसर मिलता है। सरकार की प्राथमिकता है कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी विकास की मुख्यधारा से जुड़े और किसी पात्र व्यक्ति को योजनाओं से वंचित न रहना पड़े।प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी सरकारी पहल की सफलता उसके वास्तविक परिणामों से तय होती है। इसलिए प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निष्पादन, शिकायतों का त्वरित समाधान तथा अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में ऐसे सहयोग शिविरों में भाग लेकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ। विकास केवल आधारभूत संरचना के निर्माण से नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव से मापा जाता है। जब गरीब को उसका अधिकार, किसान को सम्मान, बुजुर्ग को सुरक्षा और युवाओं को अवसर मिलता है, तभी सुशासन का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। सहयोग शिविर इसी जनोन्मुखी शासन व्यवस्था का सशक्त उदाहरण हैं।शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने लोगों की समस्याएँ सुनीं, आवेदन प्राप्त किए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया शुरू की। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी ने इस पहल के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को भी दर्शाया।

दीवा श्री, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, अथमलगोला।

संक्षिप्त खबरें

बीडीओ ने लिया बीईओ का प्रभार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। सहार बीआरसी भवन में बीडीओ जनार्दन तिवारी ने बीईओ का प्रभार लिया। बता दें कि लेबर पदाधिकारी कुमार गौरव को बिईओ के रूप में अतिरिक्तप्रभार दिया गया था। उन्होंने अपने कार्य काल में दौरान शिक्षा के क्षेत्र में लगभग अठारह महिना सेवा दिए। मौके पर रंजित राय, संतोष सिंह, सतेन्द्र कुमार, रविन्द्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

संदेहास्पद स्थिति में युवक की मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। तीयर थाना क्षेत्र के उड़ियान टोला गांव में रविवार की रात संदेहास्पद स्थिति में एक युवक की मौत हो गई। मृतक के पेट पर हल्का लाल रंग का निशान एवं मुंह से झाग निकला हुआ पाया गया है, जिसको लेकर परिजन द्वारा जहर खाने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृतक तीयर थाना क्षेत्र के उड़ियान टोला गांव निवासी स्व़ रामजी महतो के 42 वर्षीय पुत्र वीरेंद्र कुमार है।

पीठाधीश्वर तोताद्री स्वामी का भक्तों ने किया स्वागत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। वैष्णव संप्रदाय के पीठाधीपति मधुर कवि वानमामलै रामानुज जियर स्वामी जी महाराज तोताद्री मठ नंगूनेरी तमिलनाडु पटना जाने के क्रम में आरा पहुंचे जहां की जीरो माइल स्थित श्री त्रिदंडी देव धाम राधाष्ण मंदिर पहुंचे जहां की भक्तों ने जोरदार स्वामी जी महाराज का स्वागत कियातोताद्री स्वामी जी महाराज के पंहुचने पर उनका भक्तों ने स्वागत करते हुए मंदिर प्रांगण में ले गए जहाँ की विधिवत रूप से जीरो माइल त्रिदंडी धाम राधाष्ण मंदिर के पीठाधीश्वर स्वामी ज्योतिनारायनाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में उनका भव्य पूजन आरती किया गया। उपस्थित लोगों में स्वामी श्रीकांत शास्त्री स्वामी ज्योति नारायचार्य जी महाराज स्वामी विष्णुचिताचार्य स्वामी उमेश राय उदय नारायण बिनोद सिंह विजय सिंह चितरंजन सिंह उषा देवी लक्ष्मी देवी डॉ. रंजन यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

लापता सनोज राम की बरामदगी के लिए माले करेगा आंदोलन

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहिया प्रखंड के गंज निवासी सनोज राम जो पिछले 11 माह से पुलिस हिरासत से लापता हैं की बरामी को लेकर माले ने आंदोलन की चेतावनी दी है।सचिव अभ्युदय ने कहा पिछले 13 अगस्त 25 को सनोज राम मजदूरी करने दोघरा गये थे। तभी से लापता हैं।

वाहन चेंकिग के दौरान शराब के साथ चार गिरफ्तार

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो पुलिस द्वारा वाहन चेंकिग के दौरान नगर के ओझवलिया मोड के समीप एक कार शराब लेकर जा रहे चार लोगों को गिरतार किया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अवर निरीक्षक अमन कुमार के नेतृत्व में ओझवलिया मोड के समीप वाहन चेंकिग किया जा रहा था। इसी क्रम में वहां पहुंची एक कार की चेंकिग की गई तो कार के अंदर अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद की गई । कार में चार लोग सवार थे जिनसे पूछताछ करने पर कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया। जिन्हें पुलिस ने गिरतार कर लिया। गिरतार लोगों में धर्मवीर कुमार, बिट्टू कुमार, रोहित कुमार व रौशन कुमार शामिल हैं। ये चारों लोग पीरो थाना क्षेत्र के रोझाई टोला गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।

वरिष्ठ लिपिक शिवप्रसन्न सिंह को भावभीनी विदाई

आरा (दैनिक नवसंदेश)। अल-हफीज कलेज, आरा के लाइब्रेरी हल में मंगलवार को वरिष्ठ लिपिक शिवप्रसन्न सिंह के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य ड़ इरशाद हुसैन ने की। समारोह में कलेज परिवार की ओर से शिवप्रसन्न सिंह को शल, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। ड़ इरशाद हुसैन ने कहा कि शिवप्रसन्न सिंह ने अपने लंबे सेवाकाल में पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन किया। रफीक आलम ने अतिथियों का स्वागत किया, ड़ मो़ सैफुल्लाह फहीम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर प्रो़ रेहान आलम, प्रो़ एजाजुल हक, प्रो़ नैयारा कफील हफीजी, ड. गुलाम हैदर, ड़ सैयद फरहत, ड़ अबू अजहर वसी, शहबाज अहमद, किरण कुमारी, इबरारुर जमा, रेखा कुमारी, मुजफर अली, आशिक अहमद, मो. जसीम, उमाशंकर सिंह, जमशेद समेत बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद रहे।

होमगार्ड जवान पर हमले में दो आरोपित गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के प्राइवेट बस स्टैंड में सोमवार की सुबह ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान पर ई-रिक्शा चालकों द्वारा किये गए हमले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के श्री टोला एवं बाईपास रोड जवाहर टोला स्थित उनके घर से की। गिरफ्तार आरोपितों में नवादा थाना क्षेत्र के बाईपास रोड जवाहर टोला निवासी श्याम प्रसाद का पुत्र राजेश कुमार एवं श्री टोला निवासी जयराम पासवान का पुत्र गुप्तेश्वर कुमार है। इनमें राजेश कुमार अप्राथमिकी अभियुक्त बताया जा रहा है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरतारी को लेकर छापेमारी कर रही है। बता दें कि सोमवार की सुबह नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग निवासी राजनंदन प्रसाद सिन्हा का पुत्र सह होमगार्ड जवान रुपेश रंजन सोमवार की सुबह प्राइवेट बस स्टैंड में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। तभी एक ई-रिक्शा चालक द्वारा अपने ई-रिक्शा को बस स्टैंड गेट के सामने लाकर खड़ा कर दिया था। तब ई-रिक्शा को हटाने को लेकर होमगार्ड जवान एवं ई-रिक्शा चालकों के बीच विवाद हो गया था।

गणित ओलम्पियाड में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। एसओएफ इंटरनेशनल गणित ओलम्पियाड में सफल आरएलएस पब्लिक स्कूल पीरो के छात्रों को यहां एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक के अनुसार एसओएफ इंटरनेशनल गणित ओलम्पियाड में विद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। जिन छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है उनमें कक्षा तीन के ऋतिक पांडेय, अंश कुमार व सत्यम कुमार, कक्षा चार के अभिलेख कुमार शर्मा, पलक कुमारी व अबीरा सिंह यादव कक्षा पांच के किशोर कुमार, नैतिक कुमार व मोहित कुमार कक्षा सात के मो जावेद कक्षा आठ के मो रिजवान कक्षा नौ के मयंक राज तिवारी शामिल हैं। इनके अलावे प्रतियोगिता में दूसरे लेवल के प्रतिभागी सृष्टि कुमारी, आकांक्षा व साहिल राज सहित अन्य छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी छात्रों ने विद्यालय के शिक्षक शंभू कुमार सिंह, विनोद पांडेय, जयचंद,नीतीश कुमार व शमीमा खातून के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारी की थी।

जवइनिया के सभी परिवारों को मिले बसने की जमीन : राकेश

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। शाहपुर के विधायक राकेश रंजन ने भोजपुर के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया को पत्र लिखकर बाढ़ प्रभावित जवइनिया के शेष 88 भूमिहीन परिवारों को भी बसाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की विनाशकारी बाढ़ में गांव के करीब 215 परिवारों के घर गंगा नदी में समाहित हो गए थे। इनमें से 127 भूमिहीन परिवारों को पुनर्वास के लिए बिलौटी गांव के समीप जमीन का पर्चा उपलब्ध करा दिया गया है। लेकिन अब भी 88 परिवार भूमि से वंचित हैं। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि जिन 88 परिवारों को अब तक भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है। उनकी आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय है। उनके पास रहने के लिए स्वयं की कोई जमीन नहीं है। जिससे उन्हें लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे परिवार आज भी स्थायी पुनर्वास की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि मानवीय ष्टिकोण अपनाते हुए शेष सभी 88 बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए भी शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाए। ताकि उन्हें स्थायी रूप से बसाया जा सके। विधायक ने कहा कि सभी प्रभावित परिवारों को समान रूप से पुनर्वास का लाभ मिलना चाहिए और कोई भी पात्र परिवार सरकारी सहायता से वंचित नहीं रहना चाहिए। गौरतलब है कि गंगा कटाव और बाढ़ से प्रभावित जवइनिया गांव के पुनर्वास का मुद्दा पिछले कई महीनों से चर्चा में है। प्रशासन द्वारा पहले चरण में 127 भूमिहीन परिवारों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। अब शेष परिवारों के पुनर्वास को लेकर भी मांग तेज हो गई है।

समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर हो

कोइलवर के सहयोग शिविर में बोले मंत्री अरुण प्रसाद

दैनिक नवसंदेश

कोईलवर। कोईलवर में बिहार सरकार की जनकल्याणकारी महत्वाकांक्षी पहल सबका सम्मान जीवन आसान के तहत सहयोग शिविर लगा। नगर कार्यालय कोईलवर परिसर में मंगलवार को आयोजित सहयोग सह जनकल्याण शिविर का भोजपुर के प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के साथ निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टलों का अवलोकन किया और आवेदन लेकर पहुंचे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निपटारा सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। इसी सोच के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी सहयोग शिविर में मौजूद हैं, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर तक जिले के विभिन्न सहयोग शिविरों में करीब 28 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें राजस्व, आवास और भूमि विवाद से संबंधित मामलों की संख्या सबसे अधिक है। इसके अलावा सड़क, नाला और नल-जल योजना से जुड़ी

सहयोग शिविर में राजस्व, आवास और भूमि विवाद से जुड़े मामले आ रहे ज्याद

बिजली, सड़क और जलजमाव की भी समस्याओं को उठाया

शिकायतें भी बड़ी संख्या में सामने आई हैं। शिविर में सुरौधा कलोनी के निवासी श्याम प्रकाश महतो ने आवेदन देकर बताया कि करीब 40 वर्षों से डेढ़ सौ से अधिक परिवार वहां रह रहे हैं, लेकिन आज तक किसी के नाम से राजस्व रसीद जारी नहीं हुई है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई हो रही है। वहीं वार्ड संख्या 12 के लगभग दो दर्जन दलित परिवारों ने वासगत पर्चा उपलब्ध कराने की मांग उठाई। डेनुलम की कर्मी इमरान परवीन ने पिछले 12 माह से लंबित मानदेय के भुगतान की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि जीविका में समायोजन के आश्वासन के बावजूद उनके साथ समान व्यवहार नहीं किया जा रहा है। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सरताज आलम ने सुरौधा टापू के करीब 150 बिजली विहीन घरों में बिजली आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ सुरौधा कलोनी की जलजमाव समस्या के स्थायी समाधान की मांग संबंधी आवेदन प्रभारी मंत्री को सौंपा। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान से बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी।

समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने को सरकार प्रतिबद्ध : टाईगर

आरा (दैनिक नवसंदेश)। भोजपुर जिले के सदर आरा प्रखंड अंतर्गत भकुरा पंचायत में सबका सम्मान, जीवन आसान अभियान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के माननीय उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाईगर उपस्थित रहे। शिविर के दौरान आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें आश्वस्त किया कि सहयोग शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा सरकारी योजनाओं का

लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर माननीय मंत्री द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वास पर्चा, राशन कार्ड सहित अन्य स्वीति पत्र एवं लाभ संबंधी दस्तावेजों का वितरण भी किया गया। शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, आरा सदर सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

सहयोग शिविर में लाभार्थियों को मिले योजनाओं के स्वीकृति पत्र

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो प्रखंड के एयार, भडसर व कटरियां पंचायतों में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। एयार उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित शिविर में सूबे के योजना व विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा पहुंचे थे। जिनके हाथों लाभुकों को सरकार प्रायोजित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर श्री कुशवाहा ने कहा कि सूबे की सरकार राज्य के विकास व आमजन की तमाम तरह

पीरो की तीन पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित

की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कृतसंकल्प है। सहयोग शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं व शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है। एयार में आयोजित सहयोग शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 116 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया।

तीन पंचायतों में 122 आवेदन, नपं में 36

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। ईश्वरपुरा, लालू डेरा और फाजलपुर पंचायत में मंगलवार को जन सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों के आवेदन प्राप्त हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि तीनों पंचायतों से कुल 122 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 18 का शिविर में ही ऑन-द-स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। शेष आवेदनों को जन सहयोग पोर्टल पर अपलोड कर संबंधित विभागों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि अखिलेश कुमार सिंह, डीलर संघ के अध्यक्ष गुलाब सिंह, मुन्ना कुमार साह, प्रदीप यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 4, 10 एवं 11 के लिए प्रखंड परिसर स्थित रैन बसेरा में जन सहयोग शिविर लगाया गया। यहां कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर वार्ड पार्षद कमलेश कुमार राज, आरती देवी, संजय चतुर्वेदी, मो़ शाहीद अनवर, अखिलेश कुमार, सुशील कुमार वर्मा तथा कनीय अभियंता शैलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सहयोग शिविर में 103 आवेदन आए 20 का किया ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)। गड़हनी प्रखंड के बगवां पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन, नहसी तथा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-2 स्थित संस्त विद्यालय में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ लोगों तक पहुंचाना था। बीडीओ अर्चना कुमारी एवं अंचलाधिकारी दीपा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 103 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 20 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। प्राप्त आवेदनों में भूमि संबंधी मामलों की संख्या सर्वाधिक रही। अंचलाधिकारी दीपा कुमारी ने बताया कि अंचल कार्यालय से संबंधित सात आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें चार का अन-द-स्पट निराकरण किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-2 से कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अंचल कार्यालय, बिजली विभाग, नगर पंचायत एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मामले शामिल थे। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना राम ने कहा कि सभी आवेदनों का संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र

निष्पादन कराया जाएगा।शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लाभुकों को दी गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दुबे ने बताया कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को गांव और वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पडे।

आर्मी सूबेदार के बैग से उड़ाए डेढ़ लाख रुपये

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना क्षेत्र के जेल रोड स्थित एसबीआई बैंक के शाखा में आर्मी सूबेदार के द्वारा निकासी कर बैग में रखें पैसे में से उचक्को ने डेढ़ लाख रुपए उड़ा लिये।

घटना सोमवार की बताई जा रही है। सूचना पाकर स्थानीय थाना जेल रोड स्थित एसबीआई बैंक शाखा में पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी। वहीं पुलिस द्वारा बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला गया। वही इस घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर से देखा जा रहा है कि बैंक में भुक्तभोगी ढाई लाख रुपये की निकासी करने के बाद लाल टी-शर्ट पहने कुर्सी पर बैठे थे और बैग को टेबल पर रखे हुए है। तभी दो अज्ञात व्यक्ति आकर उन्हें घेर लेते है, उसके बाद उनके बैग से पैसा निकाल भाग निकलते है।

इस संबंध में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मौजमपुर गांव निवासी स्वामीनाथ तिवारी के पुत्र सह आर्मी सूबेदार के द्वारा टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के संबंध में लिखित आवेदन दिया गया है। दिए गए आवेदन में उनके द्वारा बताया गया है कि सोमवार को जेल रोड स्थित एसबीआई बैंक में पैसा निकालने के लिए दो से ढाई बजे के बीच गए थे। वहां पर उन्होंने ढाई लाख रुपये की निकासी की और अपने बैग में रख लिया। उसके बाद में कुर्सी पर बैठ बैग को टेबल रख दिया। उसी समय दो अज्ञात लड़के उनके पास आए उनके बैग में रखे ढाई लाख रुपये में से डेढ़ लाख रुपये उड़ा ले गए। वहीं पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरतारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

नशीला पदार्थ सुंघाकर बनाया शिकार छह दिन बाद घर लौट सका राजकुमार

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। बक्सर-मुगलसराय रेलखंड पर सक्रिय नशाखुरानी गिरोह का शिकार हुआ शाहपुर प्रखंड के देवमलपुर महुआर गांव का एक युवक छह दिनों बाद सकुशल अपने परिजनों को मिल गया। युवक की पहचान देवमलपुर महुआर निवासी मिश्री पासवान के पुत्र राजकुमार पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजकुमार पासवान 30 जून को अपने घर से चुनार जाने के लिए निकला था। यात्रा के दौरान बक्सर और मुगलसराय के बीच वह नशाखुरानी गिरोह के चंगुल में फंस गया। आशंका है कि गिरोह के सदस्यों ने उसे कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर अथवा खिलाकर बेसुध कर दिया। होश खोने के बाद राजकुमार भटकते-भटकते उत्तर प्रदेश के कानपुर पहुंच गया। नशे की हालत में वह कई दिनों तक इधर-उधर भटकता रहा। बाद में किसी तरह ट्रेन पकड़कर वापस बक्सर स्टेशन पहुंचा।

सीएचसी का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण में उन्होंने अस्पताल के विभिन्न काउंटरों और वार्डो का निरीक्षण किया तथा मरीजों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी सबसे पहले निबंधन काउंटर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाओं, चिकित्सकों के व्यवहार तथा इलाज में आने वाली परेशानियों के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वार्ड संख्या तीन के अनिकेत ने अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा उपलब्ध नहीं होने की समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी। इस पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उमेश कुमार सिंह ने बताया कि तकनीशियन की कमी के कारण सेवा शुरू नहीं हो सकी है। जिलाधिकारी ने भरोसा दिलाया कि मॉडल सीएचसी कोईलवर में जल्द ही अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा शुरू कराई जाएगी।

12 चक्का ट्रक से 691 लीटर विदेशी शराब जब्त, एक गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से ट्रक द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब पटना की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकाश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। 7 जुलाई को वाहन जांच के क्रम में मोहनियां-आरा हाइवे पर उदवन्तनगर थाना क्षेत्र के असनी पुल के पास से एक बारह चक्का ट्रक में बने गुप्त तहखाने से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया। ट्रक पर यूपी का निबंधन

संख्या अंकित पाया गया। टीम ने मौके से वाहन के चालक बक्सर जिले के डूमरांव थाना अंतर्गत नवाडेरा गांव निवासी सुभाष यादव को गिरतार कर लिया। उन्हें करते अग्रतर कार्रवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त वाहन से 3840 पीस में 691200 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 8 लाख रुपये आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से पटना की ओर ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा के साथ-साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 8 लाख रुपये

उत्तर प्रदेश से पटना ले जायी जा रही थी शराब की खेप

सुविधाओं की छत पर लगाएं प्रयास की सीढ़ी : प्रियांशु

उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)। चौराई मुसहर टोला स्थित छात्रावास में पीआर होंडा आरा के सौजन्य से स्कूली बच्चों के बीच बैग वितरण किया गया। इस अवसर पर होंडा कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रियांशु सिंह ने महादलित बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। शिक्षा ही ऐसा माध्यम है, जिससे दुनिया की हर सुख-सुविधाओं को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज द्वारा आपके लिए सुविधाओं की छत तैयार की जा चुकी है। आप अपने प्रयास रूपी सीढ़ी से उस पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि 'नई आशा' के सेतु केंद्र में पढ़ने वाले सभी विद्यार्थियों को होंडा कंपनी के स्थानीय वितरक अजीत राय द्वारा बैग एवं पाठ्य सामग्री वितरण कर सराहनीय पहल की गयी है। भविष्य में

बैग वितरण करते प्रियाषु सिंह, अजीत राय व ई बबन सिंह आदि।

अपनी आय का कुछ हिस्सा समाज में लगाएं : ई. बबन सिंह

पीआर होंडा आरा द्वारा नई आशा के छात्रों को बैग वितरण

भी हम लोग इस अभियान में सहयोगी बनेंगे। इसके पूर्व होंडा एजेंसी के एमडी अजीत राय ने कहा कि इन बच्चों में मेधा की कमी नहीं है। सिर्फ इन्हें प्रोत्साहन देने की जरूरत है। मैं नई आशा के इस अभियान में कदम से कदम मिलाकर चलूंगा। उन्होंने अपने वरीय पदाधिकारी के प्रति आभार जताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने हौसला अफजाई किया। नई आशा के संरक्षक डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि इस पहल से हाशिए पर खड़े समाज के लोगों के विकास में काफी सहयोग मिलेगा। अध्यक्षता करते हुए ई बबन सिंह ने कहा कि सरकार अपने स्तर से प्रयास कर रही है। आज बच्चों को विद्यालय में मध्याह्न भोजन के साथ ड्रेस, पुस्तक आदि के लिए भी सरकार पैसे दे रही है। हर व्यक्ति का भी दायित्व है कि अपनी आय और समय का कुछ हिस्सा विकास की दौर में पिछड़े लोगों के लिए निकाले। धन्यवाद ज्ञापन कुंदन कुमार सिंह ने किया।

संक्षिप्त खबरें

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

शहरतेलपा (एनएसबी)। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का शहर तेलपा जाने के क्रम में मंगलवार को केयाल मोड़ के समीप कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र राम के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने मंत्री को फूल-माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा क्षेत्र में आगमन पर स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री ने कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए संगठन की मजबूती और पंचायतों के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। स्वागत समारोह में सुजीत कुशवाहा, मनीष कुशवाहा, पूर्व मुखिया इंदल दास, विनोद राम, अशोक सिपाही, भारत कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, आलोक मेहता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में उत्साह का माहौल रहा और मंत्री के समर्थन में नारे भी लगाए गए।

मृतक के शोकाकुल परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री

शहरतेलपा (एनएसबी)। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश मंगलवार को शहर तेलपा पहुंचकर सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक एवं शिक्षाविद राम भरत सिंह के निधन पर उनके परिजनों से मुलाकात की। मंत्री ने शोक संतप्त परिवार, विशेष रूप से पूर्व सरपंच राजीव कुमार रंजन, को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि राम भरत सिंह ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार और समाज को शिक्षित करने के कार्य में समर्पित किया। शिक्षा के प्रति उनका गहरा लगाव और विद्यार्थियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव प्रेरणास्रोत रहेगी। उन्होंने कहा कि उनके अचानक निधन से शिक्षा जगत और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी। मंत्री ने शोकाकुल परिजनों से कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाज उनके साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति तथा परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र राम, जद यू जिलाध्यक्ष अनंत कुमार वर्मा, विनोद राम सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत शिक्षाविद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया।

परिजनों से मिलते प्रभारी मंत्री।

विद्यालय में वाचन निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं का मंत्री ने किया निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। शैक्षणिक व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं का प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश एवं जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने कलेर प्रखंड स्थित टेरी विद्यालय का औचक निरीक्षण कर विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों एवं आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री एवं जिला पदाधिकारी ने विद्यालय में शिक्षकों द्वारा कराई जा रही पढ़ाई, विद्यार्थियों की उपस्थिति, कक्षा संचालन की गुणवत्ता तथा शिक्षण व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछकर उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों का भी आकलन किया तथा शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण एवं नियमित शिक्षण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर विद्यालय में पाई गई अनियमितताओं पर गंभीरता व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रधानाध्यापक को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अनुशासन, समयबद्ध शिक्षण एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रभारी मंत्री एवं जिला पदाधिकारी ने कलेर प्रखंड के टेरी विद्यालय निरीक्षण के क्रम में विद्यालय परिसर में विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, शौचालय की स्थिति, साफ-सफाई एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। जिन स्थानों पर कमियां पाई गई, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर करने का निर्देश संबंधित विभागों को दिया गया, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। प्रभारी मंत्री कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी शिक्षकों से नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ शिक्षण कार्य करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस ने संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने, कमियों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने तथा राज्य सरकार की सभी शैक्षणिक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कराने का निर्देश दिया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ अन्य उपस्थित रहे।

सीएमआर आपूर्ति में तेजी लाने के निर्देश, समय-सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने पर डीएम का जोर

जहानाबाद (एनएसबी)। समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई. भूटिया की अध्यक्षता में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) आपूर्ति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंडवार सीएमआर प्राप्ति एवं आपूर्ति की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं राइस मिल संचालकों को निर्देश दिया कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएमआर आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राइस मिल संचालकों के साथ नियमित संवाद एवं बेहतर समन्वय स्थापित कर आपूर्ति प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा हो सके। बैठक में अपर समाहर्ता-सह-नोडल पदाधिकारी (अधिप्राप्ति) विनय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा, वरीय उप समाहर्ता होमा इरफान, जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुमार रवि रंजन, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, सभी प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, सहायक प्रबंधक (सीएमआर), गुणवत्ता नियंत्रक तथा जिले के सभी राइस मिल संचालक उपस्थित थे।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की समीक्षा बैठक में प्रखंडवार प्रगति का आकलन, राइस मिल संचालकों के साथ बेहतर समन्वय बनाने के निर्देश

सबका सम्मान जीवन आसान अभियान के तहत लगाया गया सहयोग शिविर

कलेर (एनएसबी)। सबका सम्मान झ जीवन आसान अभियान के तहत कलेर प्रखंड के जयपुर में आयोजित सहयोग शिविर का जिला पदाधिकारी अरवल श्रीमती अमृषा बैंस ने निरीक्षण कर शिविर की व्यवस्थाओं एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अनुभवों की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुँचाने पर विशेष बल दिया। शिविर में सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राशन कार्ड सहित विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं। साथ ही पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। यह सहयोग शिविर आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल साबित हो रहा है।

सहयोग सिविल का निरीक्षण करते डीएम।

नवसन्देश की खबर का दिखा असर वर्षों से बंद अलमारी को खोला गया

कुर्था (एनएसबी)। हिन्दी दैनिक समाचार पत्र नवसन्देश के मंगलवार के संस्करण में "अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लारी में दिख रही कुव्यवस्था" शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लारी पहुंचे। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रमोद कुमार ने स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों से केंद्र की कार्यप्रणाली एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान वर्षों से बंद पड़ी अलमारी की चाबी उपलब्ध कराकर उसका ताला खुलवाया गया। अलमारी खुलने पर उसमें कई महत्वपूर्ण अभिलेख एवं फाइलें सुरक्षित अवस्था में मिलीं, जो लंबे समय से बंद थीं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित चिकित्सक द्वारा कभी भी अलमारी की चाबी की मांग नहीं की गई थी, जिसके कारण अब तक चाबी उपलब्ध नहीं कराई गई थी। वहीं दवाओं के स्टॉक में कथित भिन्नता के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि दवाओं का स्टॉक मिलान कराया जा रहा है। मिलान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाएगी। गौरतलब है कि नवसन्देश ने हाल ही में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लारी की अव्यवस्थाओं, वर्षों से बंद पड़ी अलमारियों तथा अभिलेखों के रखरखाव में लापरवाही से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि स्वास्थ्य केंद्र की अन्य कमियों को भी शीघ्र दूर कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

बंद पड़े आलमारी को खोलते प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी।

करपी एवं बंशी प्रखंड के पंचायतों में सहयोग शिविर का हुआ आयोजन

शहरतेलपा(एसएनबी)। करपी एवं सोनभद्रवंशी सूर्यपुर प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में मंगलवार को सरकार के निदेर्शानुसार सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। करपी प्रखंड की केयाल, शहर तेलपा, बेलखारा एवं पुरैनिया शेखा पंचायतों में शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों का निष्पादन शुरू किया गया।

हालांकि दिनभर हुई बारिश के कारण शिविरों में ग्रामीणों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। इसके बावजूद विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मी शिविर में मौजूद रहे और लोगों से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति, मनरेगा, आवास, कृषि, स्वास्थ्य,बाल विकास परियोजना, तथा अन्य विभागों से जुड़े मामलों का भी निस्तारण किया गया।

करपी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी रोहित कुमार सिंह ने सभी सहयोग शिविरों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाएं। शिविर में पुलिस इंस्पेक्टर धीरज कुमार, थानाधयक्ष बालेश्वर पासवान समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।वहीं सोनभद्रवंशी सूर्यपुर प्रखंड के खटंगी एवं सोनभद्र पंचायत में भी सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार तथा राजस्व अधिकारी सौरभ रंजन उपस्थित रहे। उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देने की अपील की।

निरीक्षण करते प्रभारी मंत्री।

प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक, एकल उपयोग से बचें : राज किशोर प्रसाद

जहानाबाद (एनएसबी)। बिहार राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, जिला कार्यालय, जहानाबाद परिसर में मंगलवार को "एकल प्रयोग प्लास्टिक मुक्त पृथ्वी" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त कुमार त्रिपुरारी ने की।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुमार त्रिपुरारी ने कहा कि एकल प्रयोग प्लास्टिक मानव, जीव-जंतु तथा संपूर्ण पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है। यह प्राकृतिक रूप से नष्ट नहीं होता, जिससे भूमि, जल एवं वायु प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। इसलिए सभी लोगों को इसके उपयोग से बचना चाहिए। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव सह जिला उपाध्यक्ष (बीएसजी) राज किशोर प्रसाद ने कहा कि प्लास्टिक पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर क्षति पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरणीय संकट का प्रमुख कारण बन चुका है और इसे रोकना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।कार्यशाला को संबोधित करते हुए कायनात इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सह जिला उपाध्यक्ष (बीएसजी) शकील अहमद काकवी ने कहा कि प्लास्टिक से उत्पन्न कचरा नदियों, तालाबों, नहरों, समुद्रों और महासागरों में पहुंचकर जल स्रोतों को प्रदूषित कर रहा है तथा जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन गया है।सम्मानित सदस्य जयप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि एकल उपयोग प्लास्टिक मानव जीवन और पर्यावरण दोनों के लिए नुकसानदायक है। वहीं जिला संगठन आयुक्त हरिशंकर कुमार ने कहा कि प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्लास्टिक प्रदूषण कम करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। कार्यक्रम के दौरान स्काउट एवं गाइड के बीच निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा "प्लास्टिक वॉरियर्स" बैज प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में कंपनी कमांडर खुशी कुमारी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकित कुमार, रवि रंजन, शिवम कुमार एवं गौतम कुमार की भूमिका सराहनीय रही। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल में लोकतांत्रिक परंपरा के तहत छात्र परिषद चुनाव संपन्न, रौशन बने हेड बॉय व प्राची हेड गर्ल

जहानाबाद (एनएसबी)। स्थानीय प्रतिभा नगर स्थित प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, एरोड्राम में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) का चुनाव उत्साह एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस चुनाव में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

चुनाव में विद्यालय के चारों हाउस—आकाश, अग्नि, पृथ्वी एवं त्रिशूल हाउस—के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए। घोषित परिणामों के अनुसार कक्षा 10 (बी) के रौशन कुमार हेड बॉय, कक्षा 10 (ए) की प्राची कुमारी हेड गर्ल, कक्षा 9 (बी) के आशीष नेहरा डिप्टी हेड बॉय तथा कक्षा 9 (ए) की संजना झा डिप्टी हेड गर्ल निर्वाचित घोषित किए गए। इस अवसर पर पी.पी. शैक्षणिक समूह के चेयरमैन डॉ. अभिराम शर्मा ने सभी निर्वाचित छात्र-प्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र परिषद विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि छात्र-प्रतिनिधियों का दायित्व विद्यार्थियों की समस्याओं, सुझावों एवं विचारों को विद्यालय प्रबंधन तक पहुंचाना, अनुशासन बनाए रखने में सहयोग देना तथा शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में प्रभावी नेतृत्व प्रदान करना होगा। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के लोकतांत्रिक चुनाव विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी, सहयोग, निर्णय लेने की योग्यता तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान विकसित करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि निर्वाचित प्रतिनिधि अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्पक्षता एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए विद्यालय एवं विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विजयी छात्र-प्रतिनिधियों का तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया तथा चुनाव में भाग लेने वाले सभी प्रत्याशियों और मतदान करने वाले विद्यार्थियों के अनुशासन एवं लोकतांत्रिक सोच की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

जहानाबाद में कुपोषण के खिलाफ विशेष अभियान तेज, कुपोषित बच्चों का घर-घर जाकर हो रहा सत्यापन

जहानाबाद (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई. भूटिया के निर्देश पर जिले में कुपोषण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी सात बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण ट्रैकर ऐप से चिन्हित गंभीर कुपोषित (रअट) एवं मध्यम कुपोषित (टअट) बच्चों का महिला पर्यवेक्षिकाओं द्वारा माइक्रोप्लान के अनुसार घर-घर जाकर वजन एवं लंबाई का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के अनुसार अभियान का उद्देश्य चिन्हित बच्चों की वास्तविक पोषण स्थिति का आकलन कर प्रमाणिक आंकड़े प्राप्त करना है, ताकि उन्हें समयबद्ध एवं प्रभावी पोषण तथा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि भौतिक सत्यापन के बाद प्राप्त वास्तविक आंकड़ों के आधार पर समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर कुपोषित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इससे पोषण अभियान के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। अभियान के दौरान अब तक जिले में 141 बच्चे गंभीर कुपोषित (रअट) तथा 306 बच्चे मध्यम कुपोषित (MAM) चिन्हित किए गए हैं।

रतनी सहयोग शिविर में डीएम-एसपी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, 30 दिनों में निष्पादन के दिए निर्देश

जहानाबाद (एनएसबी)। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार रतनी फरीदपुर प्रखंड की रतनी पंचायत में मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविर में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई. भूटिया एवं पुलिस अधीक्षक कोटा किरण कुमार ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की तथा सभी मामलों का 30 दिनों के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पौधारोपण के साथ हुआ। जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। रतनी गांव में नल-जल योजना के लिए भूमि उपलब्ध कराने से जुड़े मामले की समीक्षा करते हुए डीएम ने अंचलाधिकारी एवं संबंधित थाना को अतिक्रमण हटाकर भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि योजना का कार्य शीघ्र शुरू हो सके और ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक आवेदन का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है। उन्होंने राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा, श्रम कार्ड, भूमि विवाद, नल-जल, चापाकल, विद्युत एवं किसान फार्मर आईडी सहित सभी मामलों के प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन के निर्देश दिए। शिविर में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के तत्वावधान में टीबी मुक्त भारत अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कलाकारों ने टीबी की रोकथाम, समय पर उपचार, स्वच्छता तथा नशामुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ्य शिविर के निरीक्षण के दौरान डीएम ने सभी आगंतुकों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने तथा आशा कार्यकताओं से शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने का आह्वान किया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं लाभ वितरित किए गए। वीजी ग्राम-जी योजना के तहत सुषमा देवी एवं रिंकी देवी को जॉब कार्ड प्रदान किए गए, जबकि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत पूजा कुमारी एवं रीना कुमारी को ₹12-12 हजार की प्रोत्साहन राशि दी गई। शिविर में 65 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 73 जीविका स्वयं सहायता समूहों को कुल 51 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया गया। वहीं राजस्व से संबंधित 17 आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश भी दिया गया।